वर्ष-31, अंक- 352, पृष्ठ-12 | कार्तिक कृष्ण पक्ष 05, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
शनिवार
11 अक्टूबर 2025

मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## एक नजर

### राज्य कैबिनेट की बैठक 16 अक्टूबर को होगी

**रांची।** राज्य कैबिनेट की बैठक आगामी गुरुवार (16 अक्टूबर) को होगी। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की संभावना है। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा बताया गया है कि कैबिनेट की बैठक दिन में 03:00 बजे से प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

### टेली मानस ऐप की नई पहल का शुभारंभ

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शुक्रवार को राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (टेली मानस ऐप) के लिए नई पहलों का शुभारंभ किया। टेली मानस ऐप अब अंग्रेजी और हिंदी भाषाओं के अलावा 10 क्षेत्रीय भाषाओं में भी उपलब्ध होगा। नई पहलों में टेली मानस ऐप बहुभाषी यूआई, चैटबॉट, सुगम्यता और आपातकालीन मॉड्यूल शामिल हैं। इसमें असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, तमिल, तेलुगु, उड़िया और पंजाबी भाषा शामिल हैं। इसके साथ ही एक चैटबॉट सुविधा भी शुरू की गई है, जिससे उपयोगकर्ता ऐप से जुड़ सकते हैं और मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी या सहायता प्राप्त कर सकते हैं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने कहा, एक स्वस्थ मन, एक स्वस्थ शरीर का निर्माण करता है और एक स्वस्थ मन और एक स्वस्थ शरीर, एक स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण करते हैं।

# गढ़वा के केतार गोदाम से 9000 क्विंटल खाद्यान्न गायब, प्रभारी गोदाम प्रबंधक निलंबित

नवीन मेल संवाददाता



● उपायुक्त दिनेश यादव के निर्देश पर प्राथमिकी दर्ज, मिलरों से भी मांगा गया स्पष्टीकरण

**गढ़वा।** केतार प्रखंड स्थित झारखंड राज्य खाद्य निगम के गोदाम से लगभग 9006.18 क्विंटल खाद्यान्न गायब पाए जाने का मामला सामने आया है। अंचल अधिकारी-सह-प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, केतार की ओर से खाद्यान्न की कमी की सूचना मिलने पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी-सह-जिला प्रबंधक देवानंद राम ने गोदाम की जांच की। जांच में खाद्यान्न की भारी कमी की पुष्टि हुई।
जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अंचल अधिकारी-सह-प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, केतार को निर्देश दिया कि प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक राजीव कुमार के खिलाफ थाना केतार में प्राथमिकी दर्ज कराई जाए। साथ ही राजीव कुमार को निलंबित करते हुए उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई शुरू करने का आदेश जारी किया गया। उपायुक्त के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गोदाम के कंप्यूटर ऑपरेटर अमित कुमार को भी पद से हटा दिया गया है। जांच में यह भी पाया गया कि मिलरों की मिलीभगत से खाद्यान्न आपूर्ति में गड़बड़ी की गई है। इस मामले में आरडीएस एंड संस प्रा. लि. (चियांकी, पलामू), ज्योति राइस मिल (बिश्रामपुर, पलामू), शाकंभरी राइस मिल (रांची) और रामेश्वरम राइस मिल (बिहार) से स्पष्टीकरण मांगा गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि उनका जवाब असंतोषजनक पाया गया, तो सभी संबंधित मिलरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी-सह-अंचल अधिकारी, केतार को अपने क्षेत्र के गोदामों की सख्त निगरानी करने का निर्देश दिया गया है।
विदित हो कि खाद्यान्न की भारी कमी की शिकायत मिलने के बाद उपायुक्त के आदेश पर की गई जांच में गड़बड़ी की पुष्टि हुई थी, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई।

# बिहार विधानसभा चुनाव में झामुमो मांग रहा 12 सीटें

● राजद केवल पांच सीटें ही देना चाह रहा, सीट बंटवारे पर एक-दो दिन में होगा अंतिम फैसला

नवीन मेल डेस्क



**रांची।** बिहार विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) कम से कम 12 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। वैसे, झामुमो कितनी सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी, इस पर अंतिम निर्णय आईएनडीआईए के सहयोगियों के साथ बैठक के बाद ही लिया जाएगा।
मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, झामुमो महासचिव विनोद कुमार पांडे ने कहा कि आईएनडीआईए के घटकों के बीच सीट बंटवारे पर एक-दो दिन में अंतिम फैसला हो जाएगा। उन्होंने कहा, हाल ही में पटना में हुई एक बैठक के दौरान बिहार में आईएनडीआईए के घटक दलों के नेताओं को झामुमो की मंशा से अवगत करा दिया गया है। पार्टी नेता और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी बैठक के नतीजों से अवगत करा दिया गया है। अब, सीएम सोरेन आईएनडीआईए के सहयोगियों के साथ चर्चा के बाद फैसला करेंगे कि बिहार विधानसभा चुनाव में झामुमो कितनी सीटों पर अपने शेष पेज 11 पर...

## डॉ इरफान अंसारी ने किया दवा दुकान का औचक निरीक्षण, कहा-

# सचेत हों गलत करने वाले कड़ी कार्रवाई को रहें तैयार

नवीन मेल डेस्क



**बोले स्वास्थ्य मंत्री**

1. किसी भी कीमत पर नहीं होने दूंगा स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़
2. हर नागरिक को मिले गुणवत्तापूर्ण और मानक के अनुरूप दवाएं

**रांची।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने शुक्रवार को रांची में दवा दुकानों में जाकर कफ सिरप की जांच की। साथ ही, इरफान अंसारी ने रांची सदर अस्पताल में पैरासिटामोल की गोली में फंगस लगने के मामले की भी जांच की। स्वास्थ्य मंत्री डॉ अंसारी ने कहा, स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर नहीं होने दूंगा। पूरे राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए मैं दिन-रात मेहनत कर रहा हूं। मेरा आग्रह है कि सभी अधिकारी, मेडिकल संचालक और जनता इस मुहिम में मेरा साथ दें। जो भी गलत कार्य में शामिल हैं, वे तुरंत सचेत हो जाएं, अन्यथा कड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रहें।
मध्य प्रदेश, राजस्थान और तमिलनाडु में कफ सिरप पीने से बच्चों की मौत होने और तीन-तीन कफ सिरप को बैन करने के मामले को गंभीरता से लेते हुए डॉ अंसारी दवा दुकान पर गए और कफ सिरप की जांच की कार्रवाई की। स्वास्थ्य मंत्री ने रांची के शहीद अलबर्ट एक्का चौक स्थित जय हिंद फार्मा मेडिकल दुकान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने दुकान में उपलब्ध सभी कंपनियों के कफ सिरप के सैंपल प्राप्त कर राज्य ड्रग्स निदेशक को सुपुर्द किया और निर्देश दिया कि सभी नमूनों की गुणवत्ता जांच शीघ्र की जाए तथा अविलंब जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।
डॉ अंसारी ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि झारखंड के हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित और मानक के अनुरूप दवाएं उपलब्ध कराई जाएं। इसी दिशा में आज से पूरे राज्य में एक विशेष अभियान की शुरुआत की गई है। इसके तहत सभी मेडिकल स्टोर्स, थोक विक्रेताओं और दवा डिपो का औचक निरीक्षण किया जाएगा। मंत्री ने सभी ड्रग्स पदाधिकारियों और मेडिकल स्टोर संचालकों को सख्ती के साथ कहा कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, डुप्लीकेसी या फर्जी दवा शेष पेज 11 पर...

### राज्य सरकार की फर्जी दवाओं के प्रति है 'नो टॉलरेंस' नीति



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की फर्जी दवाओं के प्रति 'नो टॉलरेंस' नीति है। हेमंत सोरेन सरकार राज्य में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। राज्य में हर नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था उपलब्ध कराना राज्य सरकार का लक्ष्य है। स्वास्थ्य सेवाओं के रिक्त पदों को भरा जा रहा है। डॉक्टरों की बहाली हो रही है। राज्य सरकार झारखंड के हर व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

# खलारी में हुई पुलिस मुठभेड़ में दो घायल सहित चार अपराधी गिरफ्तार



● हथियारों का जखीरा बरामद घायल अस्पताल भेजे गए

नवीन मेल डेस्क

**बरामद सामान**

देसी पिस्टल मैगजीन सहित - 08 पीस, देसी पिस्टल का मैगजीन - 08 पीस, 7.65 एमएम का कारतूस - 33 पीस, 7.62 एमएम का कारतूस - 09 पीस, महिंद्रा बोलेरो वाहन - 01, यामहा एफजेड दोपहिया वाहन - 01, अपराधियों का पहचान पत्र/आधार कार्ड, मोबाइल फोन - 05 पीस।

**रांची।** रांची पुलिस को शुक्रवार को बड़ी कामयाबी मिली है। खलारी थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह पुलिस और कुख्यात अपराधी राहुल दुबे गैंग के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें राहुल दुबे गैंग के दो अपराधी गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने मौके से कुल चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से भारी मात्रा में हथियार और कारतूस का जखीरा बरामद किया गया है।
बताया गया कि रांची एसएसपी राकेश रंजन को सूचना मिली थी कि राहुल दुबे गिरोह के गुर्गे खलारी इलाके में किसी बड़ी आपराधिक वारदात की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इसके बाद टीम ठाकुरगांव, खलारी और रातू थाना क्षेत्र की सीमा पर पहुंची। रातू थाना क्षेत्र अंतर्गत रातू-बुढ़मू मुख्य सड़क पर ग्राम-होचर कोकरेटांड़ के पास सघन एंटी-क्राइम जांच चलाया गया। जांच के क्रम में शुक्रवार के तड़के करीब 03:30 बजे एक दोपहिया वाहन रातू से बुढ़मू की ओर आता हुआ दिखाई दिया।
छापामारी दल ने इसे रुकने का इशारा किया। लेकिन, दोपहिया वाहन पर सवार दोनों व्यक्ति कुछ दूर पहले ही वाहन को सड़क से बायीं ओर उतारकर गाड़ी छोड़कर पुलिस की ओर अंधाधुंध फायरिंग करने लगे। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दो अपराधी गोली लगने से घायल हो गए। उन्हें गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।
शेष पेज 11 पर...

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

**आज / कल**




# वेनेजुएला की मारिया कोरिना को नोबेल शांति पुरस्कार



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** नॉर्वेजियन नोबेल समिति ने वेनेजुएला के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए मारिया कोरिना मचाडो को वर्ष 2025 के नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित करने का ऐलान किया है। 'द नोबेल प्राइज' के 'एक्स' अकाउंट पर घोषणा करते हुए लिखा गया, नॉर्वेजियन नोबेल समिति ने वेनेजुएला के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए उनके अथक कार्य और तानाशाही से लोकतंत्र में न्यायपूर्ण और शांतिपूर्ण बदलाव के संघर्ष के लिए मारिया कोरिना मचाडो को वर्ष 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार देने का फैसला लिया है। नोबेल कमेटी ने आगे कहा कि मारिया कोरिना के जीवन को गंभीर खतरा होने के बाद भी वे अपना काम करती रहीं। उनका यह चुनाव लाखों लोगों को प्रेरित करने वाला है। ज्ञात हो कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार नोबेल पीस प्राइज की मांग कर रहे थे। कई देशों की ओर से अमेरिकी राष्ट्रपति को नोबेल पीस प्राइज से सम्मानित करने की मांग को समर्थन भी मिला। लेकिन, अमेरिकी राष्ट्रपति का सपना अधूरा रह गया। मारिया वेनेजुएला की रहने वाली हैं। वेनेजुएला में वे पूर्व राष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्षी दल की उम्मीदवार रह चुकी हैं। वे लोकतांत्रिक अधिकार कार्यकर्ता के रूप में जानी जाती हैं। नार्वेजियन नोबेल समिति के अध्यक्ष जोर्गेन वाटने फ्राइडनेस ने कहा, मारिया को ऐसे राजनीतिक विपक्ष में एकजुट करने वाली शेष पेज 11 पर...

# सुप्रीम कोर्ट से निलंबित आईएएस छवि रंजन को मिली जमानत

नवीन मेल डेस्क



● जेल से बाहर आने का रास्ता हुआ साफ, मनी लांड्रिंग का है मामला

● कुछ शर्तों के साथ मिली है जमानत, 4 मई 2023 को हुए थे गिरफ्तार

**रांची/नई दिल्ली।** मनी लांड्रिंग केस में जेल में बंद झारखंड कैडर के निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली। न्यायमूर्ति जॉयमाला बागची और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की खंडपीठ ने उन्हें कुछ शर्तों के साथ जमानत दे दी है। अदालत ने जमानत देते हुए उन्हें बिना अनुमति देश से बाहर नहीं जाने और आवश्यकता पड़ने पर जांच एजेंसियों से सहयोग करने का निर्देश दिया है। छवि रंजन पिछले दो साल से भी अधिक समय से रांची में सेना से जुड़ी लैंड स्कैम मामले में न्यायिक हिरासत में थे। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छवि रंजन को 4 मई 2023 को गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वे न्यायिक हिरासत में थे। इस केस में उनकी जमानत याचिका पहले पीएमएलए कोर्ट और फिर झारखंड हाईकोर्ट ने खारिज कर दी थी। ईडी ने उनके खिलाफ मनी लांड्रिंग से जुड़े दो मामले दर्ज किए हैं और दोनों ही मामलों में पीएमएलए कोर्ट में सुनवाई की प्रक्रिया जारी है। इनमें से एक केस रांची के चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ जमीन के फर्जी कागजात के आधार पर खरीद-बिक्री से जुड़ा है, जिसमें छवि रंजन को पहले ही हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी थी। दूसरा मामला बरियातू स्थित सेना की कब्जे वाली करीब साढ़े चार एकड़ जमीन की हेराफेरी से जुड़ा है, जिसमें अब उन्हें सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। इस केस में ईडी ने छवि रंजन के अलावा कई अन्य आरोपियों को भी नामजद किया है।
शेष पेज 11 पर...

**इंडिया**

# करवा चौथ व्रत जबरन नहीं कराया जाता इसमें समर्पण की मिठास है



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

भारत में जब से सोशल मीडिया का प्रचलन बढ़ा तब से लोगों को जागरूक भी किया और सबसे तेज सूचना का माध्यम बनकर जागरूक भी किया तो सामाजिक बुराइयों को सामने लाने का सशक्त मंच भी बना पर इस बेलगाम मीडिया को कुछ निहित स्वार्थी लोगों ने नफ़रत फैलाने का माध्यम भी बना दिया है जिसमें किसी नेता का ही नहीं जाति,धर्म और प्राचीन परंपराओं का मजाक उड़ाना तक शामिल है खास तौर पर होली-दिवाली जैसे पर्व-त्योहारों के मौसम में आस्था का रंग ही नहीं, उपहास का बेरंग बर्ताव भी खूब देखने को मिलता है। व्रत-उत्सवों को लेकर अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर खूब नकारात्मकता देखने को मिलती है। कमोबेश हर त्योहारी रीति-रिवाज का मजाक बनाया जाता है। कभी महिलाओं के व्रत को शोषण बताना, तो कभी पुरातनपंथी सोच का हवाला देकर इन अनुष्ठानों का उपहास कर रूढ़िवादी सोच की जकड़न के प्रति सजग रहने का भय भी परोसा जाता है। भारत के हितों के मुद्दों को छोड़ नकारात्मकता और विरोध का यह अजब-गजब डिजिटल कोलाहल तीज-त्योहारों के प्रति युवा पीढ़ी की सोच को प्रभावित कर रहा है।यह सच है कि अनेक रूढ़िवादी परंपरागत पर्वों के रिवाज महिलाओं को दोयम दर्जे पर रखने जैसे लगते हैं, पर सच यह भी है कि समय के साथ ऐसे व्रत-उपवास करने से जुड़ी परंपराओं को निभाने के तरीके काफी बदल गए हैं। हमें समझना चाहिए ये पर्व त्यौहार स्त्री प्रधान इसलिए भी हैं क्योंकि प्राचीन काल की कठिन जीवन शैली में पुरुषों का जीवन संघर्ष भरा होता था जिसमें जंगल,पानी और युद्ध तक शामिल थे इनसे जुड़ी आस्था के मायने भी अब नए रंग में दिख रहे हैं। उन रीति रिवाजों को मानने की अनिवार्यता नहीं है इन बदलावों को दिल से स्वीकारने के बजाय उससे जुड़े नकारात्मक पक्षों को साझा करने की होड़ लगी रहती है। सोशल मीडिया के सभी मंचों पर अब स्त्री विमर्श से जुड़े मुद्दे कम और पर्व-त्योहारों के विरोध की बातें ज्यादा साझा की जाती हैं, जबकि ऐसे पर्वों को मनाने के मामले में आई सहजता को भी गहराई से समझा जाना चाहिए, जो महिलाएं मन से इन्हें मानना चाहती हैं, उनके विचारों का भी मान किया जाना चाहिए।दुःखद है कि हम टूटते परिवारों और बिखरते सामाजिक ताने-बाने में संबंधों को थामने और



साधने का काम कर रहे रीति-रिवाजों का सकारात्मक पक्ष देखना ही भूल रहे हैं। मानसिक स्वास्थ्य सहेजने के मोर्चे पर चिंता करने वाले लोग यह भूल जाते हैं कि सुखद दांपत्य भी भावनात्मक रूप से स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक है। करवा चौथ जैसे पारंपरिक पर्व भी आपसी जुड़ाव को ही पोसते हैं। साथ ही परंपरागत रिवाजों से जुड़ाव रखना आज कोई मजबूरी नहीं है। अपनों और अपने परिवार की खुशहाली की कामना संग अगर त्योहार मन से मनाए जाते हैं, तो क्या बुरा है? खासकर तब, जबकि आज मान्यताओं के मायने भी बदल गए हैं। जितिया,अहोई अष्टमी जैसा व्रत कभी बेटों के आयुष्य की कामना से जुड़ा था। आज माताएं बेटे-बेटी के भेद से दूर अपने बच्चों की सुरक्षा और अच्छे स्वास्थ्य के लिए यह अनुष्ठान करती हैं। करवा चौथ व्रत की परंपरा में भी सुखद परिवर्तन नजर आते हैं।नई पीढ़ी के पति, अपनी पत्नी की निष्ठा, समर्पण और प्रेम की कद्र करना सीख गए हैं। घर-परिवार में पत्नी की भूमिका को खुलकर सराहने लगे हैं। पत्नी गृहिणी हो या कामकाजी, उसकी जद्दोजहद को समझते हैं। जरूरी है कि समय के साथ आए इन बदलावों को मान दिया जाए, ताकि भविष्य में पर्वों की मिठास तो बची रहे, पर उनसे जुड़ी बंदिशें टूटें। ध्यान रखना चाहिए कि कठोर से कठोर पुरुष भी स्त्री के व्रत के कष्ट को देखकर पिघल जाता है जो इसकी मूल भावना भी है।

# हजारीबाग में राजस्व कर्मचारी रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

● गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही एसीबी की टीम

नवीन मेल डेस्क



**हजारीबाग।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की हजारीबाग टीम ने शुक्रवार को जिले के दारू अंचल के राजस्व कर्मचारी ज्ञानी राम को रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी से एसीबी की टीम पूछताछ कर रही है। एसीबी के अनुसार, हजारीबाग जिला के दारू थाना क्षेत्र के मेढ़कुरी कला गांव निवासी हिरामन प्रजापति ने आवेदन देकर राजस्व कर्मचारी के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई थी।
हिरामन प्रजापति ने एसीबी को दिए आवेदन में कहा था कि पत्नी दुर्गा देवी के नाम उन्होंने दाखिल-खारिज का आवेदन दारू अंचल कार्यालय में दिया था। दाखिल-खारिज के आवेदन को स्वीकृत करने के बदले राजस्व कर्मचारी ज्ञानी राम 10 हजार रुपए रिश्वत की मांग कर रहा है। हिरामन रिश्वत देने को तैयार नहीं था। इसके बाद उन्होंने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से इसकी शिकायत की थी। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने इसका सत्यापन किया।
शेष पेज 11 पर...

# पंचायत स्तरीय सामाजिक अंकेक्षण में कई अनियमितताओं का हुआ खुलासा

## जुर्माना लगाकर मामले का किया गया निष्पादन

नवीन मेल संवाददाता



**ऊंटारी रोड़।** पलामू जिले के विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत सिगसिगी पंचायत में शुक्रवार को पंचायतस्तरीय सामाजिक अंकेक्षण और जन सुनवाई की गई। सर्व प्रथम सोशल ऑडिट टीम ने ज्यूरी सदस्य सहित मौजूद लोगों को सामाजिक अंकेक्षण के तहत शपथ दिलाई गई। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024, 2025 के लिए मनरेगा के तहत सिगसिगी पंचायत में सामाजिक अंकेक्षण के बाद जन सुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व पंचायत समिति सदस्य विनोद चौधरी ने कहा कि पंचायत क्षेत्र में बिना प्रचार प्रसार के जन सुनवाई का आयोजन किया गया है, जिसमें लोगों की कम उपस्थिति हुई है। पंचायत सचिवालय में आयोजित इस सामाजिक अंकेक्षण और जन सुनवाई कार्यक्रम में प्रखंड कार्यालय द्वारा प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, पर्यवेक्षक के रूप में राजीव रंजन मौजूद थे। ज्यूरी सदस्य के रूप में पंचायत समिति सदस्या फूलों देवी, हरिनाथ चंद्रवंशी, राजेश राम, सुनीता देवी, रामचंद्र चंद्रवंशी,उपस्थित थे। इस दौरान मनरेगा के तहत सिगसिगी पंचायत में हुए विकास कार्यों का सामाजिक अंकेक्षण और जन सुनवाई की गई। पंचायतों में हुए सामाजिक अंकेक्षण और जन सुनवाई के दौरान कई अनियमितताएं सामने आई। पंचायतों में अनियमितताएं हुए कार्यों पर इस दौरान दोषियों पर जुमार्ना लगाया गया। पंचायत भवन में हुए सामाजिक अंकेक्षण व जन सुनवाई में योजना में एमआर नहीं पाया जाना, कार्यस्थल पर सूचना बोर्ड नहीं होना, योजना में बिल वाउचर नहीं पाया गया, योजना पूरा होने के बाद भी जेई द्वारा दिनांक नहीं दिया गया, योजना फाइनल होने की बाद भी मापी पुस्तिका में दर्ज नहीं पाया गया, मापी पुस्तिका से अधिक भुगतान होना, कार्य से अधिक राशि का भुगतान होना, सादा एमबी पर भुगतान किया जाना, प्रधानमंत्री आवास से संबंधित सहित कई शिकायतें सामने आई। जिसमें ज्यूरी सदस्यों के द्वारा अर्थदंड लगाकर मामले का निष्पादन किया गया। जनसुनवाई कार्यक्रम में ऑडिट टीम से बीआरपी उपेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार वीआरपी, दिलीप कुमार वीआरपी, सुमन कुजूर, कलिंदा कुमारी, सिगसिगी पंचायत मुखिया किरण देवी, समाजसेवी विनय चंद्रवंशी, समाजसेवी पिंटू कुमार चौधरी, प्रज्ञा केंद्र संचालक संतोष प्रसाद सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### अनियंत्रित बाइक पेड़ में टकराया,दोनों घायल

**मोहम्मदगंज।** कादलकुर्मी-दंगवार मुख्य पथ पर शुक्रवार की शाम जपला की ओर जा रही अनियंत्रित बाइक के थाना क्षेत्र के लटपौरी मंदिर के पास पीपल पेड़ से टकराने से उस पर सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इसकी सूचना मिलते ही थाना प्रभारी नारायण सोरेन के निर्देश पर पुलिस बल के सहयोग से एम्बुलेंस के माध्यम से घायलों को उपचार के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया। घायलों की पहचान लाल बाबू पिता जनेश्वर रजवार मधुबाना पिपरा थाना और स्थानीय थाना क्षेत्र के गोविंद राजवंशी पिता शंकर रजवार गोला पत्थर गांव निवासी के रूप में हुई है। टक्कर इतना जोरदार था कि बाइक का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। बाइक को

## भरठूआ बंदूक व कारतूस के साथ दो गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

**नौडीहा।** वरीय पुलिस पदाधिकारी द्वारा बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बिहार राज्य के सीमावर्ती थाना क्षेत्र में अपराध के रोकथाम हेतु विशेष चेकिंग, छापामारी करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके आलोक में चेकिंग, छापामारी अभियान की शुरूआत की जा चुकी है। इसी क्रम में गुरुवार को नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत लकड़ाही बाजार, खैरादोहार स्थित वाहन चेकिंग के दौरान दो लोगों को भरठूआ बंदूक एवं गोली के साथ गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के क्रम में पकड़ाए दोनों व्यक्ति के द्वारा बताया गया कि जंगली सुअर का शिकार करने जा रहा थे। इस संबंध में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार दोनों व्यक्ति को जेल भेज दिया गया है।

### हुसैनाबाद में 33 हजार केवीए तार टूटने से पांच घंटे बिजली रही बाधित



हुसैनाबाद। हुसैनाबाद में 33 हजार केवीए बिजली तार टूटने के कारण पांच घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही। विभाग द्वारा तार को जोड़कर बिजली आपूर्ति बहाल की गई। हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के जपला देवरी सबस्टेशन के दाता नगर के समीप 33 हजार मुख्य विद्युत तार टूट गया था। जिसके कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। बताया जाता है कि एक सप्ताह पहले भी धान के खेत में तार टूट कर गिर गया था। बिजली कर्मियों का कहना है कि सभी तार काफी जर्जर व पुराने हो गये हैं, जिसके कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती हैं और सुरक्षा व्यवस्था विभाग द्वारा नहीं किया गया है।

## जीईसी पलामू में प्लेसमेंट सीजन की शानदार शुरूआत

नवीन मेल संवाददाता




**नीलांबर-पीतांबरपुर।** राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय पलामू में सत्र 2022-2026 के विद्यार्थियों के लिए कैंपस प्लेसमेंट सीजन की शानदार शुरूआत हो चुकी है। इस सत्र की पहली कंपनी के रूप में के पी रिलायबल टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने महाविद्यालय का दौरा किया और मैकेनिकल इंजीनियरिंग शाखा के छात्रों के लिए ऑनलाइन परीक्षा एवं साक्षात्कार का आयोजन किया। भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत कुल 15 छात्रों का चयन किया गया, जिससे छात्रों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। कंपनी की ओर से पंकज कुमार दुबे महाविद्यालय में मौजूद रहे और चयन प्रक्रिया का सफल संचालन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार सिंह, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. विनीश शेखर, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सदस्यों और छात्र प्रतिनिधियों की सक्रिय भूमिका रही। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार सिंह ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। यह हमारे छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। आने वाले दिनों में कई और प्रतिष्ठित कंपनियाँ प्लेसमेंट के लिए यहां आएंगी। उन्होंने यह भी बताया कि महाविद्यालय उद्योग जगत से निरंतर संपर्क बनाए हुए है और छात्र-छात्राओं को करियर के हर मोर्चे पर सक्षम बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस आयोजन ने छात्रों में आत्मविश्वास और उत्साह का नया संचार किया है।

## सड़क स्वीकृत होने पर विधायक को जताया आभार

नवीन मेल संवाददाता



हुसैनाबाद। देवरी कला ग्राम पंचायत के दर्जनों ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव के पुरंदर विगहा स्थित आवास पर पहुंचे। ग्रामीणों ने विधायक को देवरी कला गोला पर से सोन नदी तट स्थित श्मशान घाट तक सड़क निर्माण कार्य योजना की स्वीकृत होने पर आभार जताया हैं। ग्रामीणों ने विधायक से आग्रह किया हैं कि यह अत्यंत महत्वपूर्ण व जनहित की योजना है, क्योंकि इस मार्ग से शहर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग अंतिम संस्कार के लिए आते हैं। इसलिए इस योजना को स्थानीय ग्रामीणों की सहमति और भागीदारी से कराया जाए, ताकि किसी प्रकार की बिचौलिया गिरी या गड़बड़ी न हो और कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हो सके। इस मौके पर विनय कुमार, रामाशंकर चौधरी, मोहन चौधरी, आलमगीर अंसारी, सुरेंद्र कुमार चौधरी, अरविंद कुमार चौधरी, धनंजय चौधरी सहित देवरी कला पंचायत के अनेक ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सड़क निर्माण कार्य पूरे क्षेत्र के लोगों के लिए सुविधा व सम्मान का प्रतीक बनेगा।

## डॉक्टर की डिग्री, चकाचक भवन को देख फंसते हैं ग्रामीण मरीज

नवीन मेल संवाददाता



**हैदरनगर।** प्रखंड मुख्यालय हैदरनगर में ही बेरोकटोक कथित चिकित्सकों का विधिवत बोर्ड लगाकर कई अवैध और निजी अस्पतालों का संचालन वर्षों के किया जा रहा है। उपायुक्त पलामू के निर्देश पर बीते गुरुवार को ही एक साथ तीन निजी अस्पतालों को मानक के विरुद्ध संचालन के आरोप में सील कर दिया गया है। समस्त कार्रवाई दंडाधिकारी सह अंचल अधिकारी संतोष कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ज्योतिष कुमार, थाना प्रभारी अफजल अंसारी की उपस्थिति में किया गया। इस कार्रवाई से संबंधित पेशेवर में हड़कंप भी है। वहीं इस कार्रवाई की जद में आए निजी अस्पतालों के संचालकों का दावा भी है कि बंद हुआ तो दो चार दिन में खुल ही जाएगा। अब आसपास के लोगों में यह भी चर्चा होने लगी कि निजी अस्पताल को कोई अपराधी भी संचालन कर सकता है। बस उनके पास डॉक्टर की डिग्री और चकाचक भवन, बोर्ड होना चाहिए। इसे देख ग्रामीण, भोली भाली जनता और गरीब तबके के खासकर मरीज फंसते आए हैं। इन तथाकथित चिकित्सकों के दैनिक जीवन की बात की जाए तो सरकारी चिकित्सक भी इनके सामने काफी नीचे दिखेंगे। इन तथाकथित चिकित्सकों के पास लक्जरी कारें, बेहतर अपना घर सहित सारी सुख सुविधा देखने को मिलेगी। आय का उपार्जन के लिए इनका समुदाय किसी भी हद तक जाने और प्रशासनिक कार्रवाई से डरने को तैयार नहीं है। इनका स्पष्ट कहना है कि ऐसा कार्रवाई रोज होता है। फिर अस्पताल खुल भी जाता है। स्थानीय एक तथाकथित चिकित्सक के हॉस्पिटल में मरीजों के साथ ओझाई कार्य किए जाने की चर्चा सरेआम है।

### छठ महापर्व में नया चावल की उपलब्धता हुई सुनिश्चित

**मोहम्मदगंज।** धान की फसल के लहलहाने से किसान जहां आह्लादित हैं। वहीं, कार्तिक मास में त्यौहार खासकर छठ महापर्व में नहाय-खाय और खरना में ससमय नया चावल की उपलब्धता सुनिश्चित होने से व्रतधारी आशान्वित हो गई हैं। दरअसल, इस इलाके के अधिकांश क्षेत्र में धान उत्पादन बरसात की प्रकृति पर निर्भर है। वह भी तब जब ससमय और नक्षत्र के अनुरूप बारिश होती है। इस लिहाज से इस साल बारिश ससमय हुई है और जिसने सारे रिकॉर्ड भी तोड़ दिए हैं। इसमें नहरी के साथ मैदानी इलाके में भी कमोबेश धान उत्पादन का आसार बढ गया, बताया जाता है। इसमें धान के कुछ किस्म हैं, जो पकने लगे हैं। उन्हीं धान से छठ महापर्व में नया चावल उपलब्ध होने की उम्मीद जताई गई है। जबकि असमय, अनावृष्टि अथवा छायावृष्टि की स्थिति में धान उत्पादन के प्रभावित होने से लगातार कई वर्ष तक छठ महापर्व में सभी को नया चावल मिलना आसान नहीं होता रहा था।

## बाजार में पहुंचा आलू का आयातित बीज, बोआई के काम में जुटे किसान

नवीन मेल संवाददाता



**मोहम्मदगंज।** आलू के आयातित बीहन (बीज) का खेप बाजार में पहुंच गया। इसकी बिक्री का दर 20 किग्रा रखा गया है। बताया जाता है कि उत्तर प्रदेश से हर साल कई ट्रक आलू का बीहन स्थानीय बाजार में लाया जाता है। जिसकी खरीदारी को लेकर बोवाई के मौसम में स्थानीय बाजार में चहल-पहल बढ जाती है। इसी वजह से आलू के बीहन की बिक्री को लेकर इस बाजार की आसपास के इलाके में विशेष पहचान बन भी गई है। इधर, बीहन के बाजार में उपलब्ध होने के साथ ही किसान खेतों की जुताई कराकर इसकी बोवाई की तैयारी में भी जुट गए, बताए जाते हैं। बताया जाता है कि पहले कभी हल-बैल से खेतों की जुताई करनी पड़ती थी। इसमें खेत के तैयार करने में अधिक मेहनत करनी पड़ती थी। लेकिन अब ट्रैक्टर से जुताई कराकर खेत तैयार करना आसान काम हो गया है। ऐसे में सिंचाई के वैकल्पिक संसाधन वाले हर किसान कमोबेश आलू की बोवाई कर सालों भर खाने के लिए भंडारण के बाद अतिरिक्त की बिक्री कर नगदी फसल के रूप में कमाई भी कर लेते हैं। हालांकि लगातार बारिश से आलू की बोवाई के काम के करीब 15 दिन पिछड़ जाने से इसके बेहतर उत्पादन प्रभावित होने की बात कही जाती है।

### चोरी की बाइक के साथ दो चोर गिरफ्तार

हरिहरगंज। पलामू जिले के हरिहरगंज थाने की पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दो चोर को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी अंकू सिंह, बिहार के औरंगाबाद जिला अंतर्गत कुटुंबा थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर एवं पवन सिंह कुटुंबा थाना क्षेत्र के करमडीह गांव का रहने वाला है। बुधवार की सुबह में चोरी की बाइक के साथ हरिहरगंज में संदिग्ध स्थिति में दोनों को देखकर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन को दिया था। पुलिस निरीक्षक सह हरिहरगंज के थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि 15 दिन पहले हरिहरगंज मेन बाजार से स्थानीय निवासी मुकेश पासवान की बाइक चोरी हुई थी।

### हाफीज हाजी नईमुद्दीन सुपुर्द ए खाक

**हैदरनगर।** बाजार मस्जिद के पूर्व पेश इमाम हाफीज हाजी मो. नईमुद्दीन (82 वर्ष) का निधन हो गया। शुक्रवार को जुमा की नमाज के बाद मस्जिद मुहल्ला हैदरनगर के समीप जनाजा की नमाज अदा की गई। उनके जनाजे में क्षेत्रीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव समेत बड़ी संख्या लोग शामिल हुए। जनाजा हैदरनगर पश्चिमी पंचायत के भाई बिगहा स्थित कब्रिस्तान पहुंचने के बाद उन्हें सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। विधायक यादव ने कहा कि हाफीज हाजी मो. नईमुद्दीन साहब से उनका वर्षों पुराना संबंध रहा है। उनके जनाजा में समाजसेवी डॉ. अमीनुल हक अंसारी, कालिया जी, फैयाज अहमद, इरफान अख्तर, नवाजिश खान, राहत खान, सज्जू खान, अरशद हसन, राजू खान, राजद नेता रिजवान खान, खुर्शीद अहमद, कलामुद्दीन खान, परवेज आलम सहित हैदरनगर व मोहम्मदगंज प्रखंड के कई पंचायतों के विभिन्न गांव के लोगों ने भाग लेकर गहरा शोक व्यक्त किया है।

## शहर के चिन्हित 40 स्थानों पर लगेंगे हाईमास्ट लाइट



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** शहर के वार्ड संख्या एक से वार्ड 16 के बीच 40 जगह पर हाईमास्ट लाइट लगाया जायेगा। नगर पंचायत हुसैनाबाद के द्वारा इसके लिए कार्य की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने बताया कि दीपावली के पहले पूरा शहर रात में जगमग हो जायेगा। इस समय शहर के अनुमंडल मैदान, टाउन हॉल, राम विगहा स्कूल के समीप, अंबेडकर चौक,नहर मोड़, पटेल चौक, मुनि सिंह चौक आदि जगहों पर हाइमास्ट लाइट लगाया जायेगा। अभी कई क्षेत्रों में रोशनी की कमी हैं। इस समय शहर के ऐसे कई व्यस्ततम चौक चौराहें हैं, जहां रात में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। गांधी चौक, स्टेशन रोड, अस्पताल चौक आदि प्रमुख जगहों पर रात में 10 बजे तक भीड़ रहती है। उसके बावजूद भी यहां रोशनी के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने से लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि सभी चौक पर लाइट लगाया जाएगा। कहीं जगह के अभाव में परेशानी हो रही हैं। पहले से जो भी स्ट्रीट लाइट व हाइमास्ट लाइट लगे हुए थे। अधिकतर मेंटेनेंस के अभाव में खराब है। नगर पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार उन सभी स्ट्रीट लाइट का भी मेंटेनेंस शीघ्र ही शुरू कराया जायेगा।

## बाइक व स्कूटी की टक्कर में तीन लोग घायल



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** स्थानीय अनुमंडल क्षेत्र के देवरी मुख्य सड़क पर भीषण सड़क हादसा हो गया। सुकन बीघा मोड़ (यात्री शेड)के पास बाइक और स्कूटी के बीच हुई जोरदार टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों ने तत्काल राहत कार्य में जुटकर सभी घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों की पहचान देवरी खुर्द (पुरनाडीह) गांव निवासी दीपक कुमार (22 वर्ष) और गौतम कुमार (19 वर्ष) तथा सुकन बीघा गांव निवासी जसीमुद्दीन अंसारी (60 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया गया कि दोनों वाहन विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रहे थे। इसी दौरान सुकन बीघा मोड़ (यात्री शेड) के पास अचानक आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन सड़क पर गिर पड़े और सवार बुरी तरह जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सकों के अनुसार, घायल गौतम कुमार की स्थिति गंभीर है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर किया गया है।

**बदहाली** — लटपौरी पंचायत के दलित बहुल बस्ती सिड़हा में सड़क नहीं

## ग्रामीणों का बाजार, अस्पताल व स्कूल तक पहुंचना मुश्किल

शंभू चौरसिया



**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के लटपौरी पंचायत अंतर्गत राजस्व गांव रसूलपुर के दलित बहुल सिड़हा बस्ती, जो डाली गांव की दक्षिणी सीमा पर बसा हुआ है, वहां आज भी सड़क जैसी बुनियादी सुविधा का अभाव है। इससे यह बस्ती विकास से कोसों दूर नजर आती है। रेलवे लाइन से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित इस बस्ती तक पहुंचने के लिए केवल कच्ची सड़क है। जिसके बरसात में पूरी तरह जलमग्न हो जाने से यह बस्ती टापू बन जाती है। बताया गया कि कभी यहां के लोग केवल पगडंडी के सहारे ही अपने घरों तक पहुंचते थे। कुछ वर्ष पूर्व ग्रामीणों और पंचायत की पहल पर एक चौड़ी कच्ची सड़क अवश्य बनाई गई है। लेकिन पक्कीकरण के अभाव में बरसात के दिनों में इस पर कीचड़ और जलजमाव हो जाती है। जिससे होकर ग्रामीणों का बाजार, अस्पताल एवं स्कूल तक पहुंचना अत्यंत कठिन हो जाता है। किसी के बीमार पड़ने पर एंबुलेंस नहीं पहुंच पाती है। जिससे ग्रामीणों को मरीजों को खटिया या साइकिल पर लादकर मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि इस बस्ती के लोगों की आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति काफी कमजोर है। इस पर सड़क जैसी बुनियादी सुविधा का अभाव उनके जीवन को और कठिन बना देती है। उनकी मांग है कि प्रशासन शीघ्र पहल कर इस बस्ती तक ग्रेड-1 या पक्की सड़क का निर्माण कराए। ताकि आवागमन को लेकर बरसात और आपात स्थिति में होने वाली परेशानी से निजात मिल सके। इससे आवागमन सुगम होने के साथ ग्रामीणों के जीवन स्तर और सामाजिक-आर्थिक विकास की दिशा में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। ग्रामीण यमुना प्रजापति,रमेश प्रजापति, बिगु राम, शंभू राम, लालेशवर पासवान, राजू पासवान, शिवकुमार प्रजापति, संतोष प्रजापति, सुनील राम और संतोष राम ने बताया कि इस गांव में जाने के लिए जमीन के नक्शा में सड़क नहीं है। आपसी सहमति से थोड़ा-थोड़ा जमीन देकर रास्ते को 8-10 फीट चौड़ा किया गया है। इसे श्रमदान से और बाद में मनरेगा से कच्चा रास्ता बनाया गया था। जिससे बरसात में आवागमन सुगम नहीं होता है। पगडंडी को सड़क का रूप दे दिया गया है। इस संबंध में मुखिया उमेश राम का कहना है कि सड़क की चौड़ाई कम होने की वजह से बड़ी योजना से इसका पक्कीकरण संभव नहीं है। पंचायत स्तर से प्रस्तावित है। लेकिन फंड के अभाव में काम संभव नहीं हुआ है। वैसे, भी मिट्टी-मोरम रोड ही बनाई जा सकती है। लंबाई को देखते हुए एक बार में पूरी सड़क का पीसीसीकरण नहीं किया जा सकता है। आधी सड़क ही ज्यादा जर्जर हालत में है। फंड उपलब्ध कराए जाने पर फेज वार पीसीसीकरण कराया जा सकता है। क्योंकि पंचायत को एक समय में 200 फीट में ही पीसीसीकरण कराने का अधिकार है।

### पीडीएस दुकानदार के निधन पर संघ ने जताया शोक

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन संघ की हुसैनाबाद व हैदरनगर इकाई के द्वारा बेनीकला गांव निवासी व शहरी क्षेत्र के जन वितरण प्रणाली विक्रेता विश्वनाथ सिंह (70) वर्ष का आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। एफसीआई गोदाम परिसर में राजद नेता सह निवर्तमान निगरानी समिति के रामजनम सिंह के नेतृत्व में शोक सभा का आयोजन कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक व्यक्त करने वालों में डीलर संघ के अध्यक्ष मिथलेश राम, मिडिया प्रभारी प्रवीण कुमार चौधरी, सचिव उदय यादव, कोषाध्यक्ष जमील अहमद, उमेश पासी, सूर्यनाथ पासवान, रमेश कुमार, लल्लू कश्यप,अजीत चौधरी, अरबिंद सिंह, प्रदीप पासवान, सूरज पासवान, सोनू सिह, रविन्द्र सिंह, सूर्यनाथ पासवान, चंद्रेश मेहता सहित हुसैनाबाद व हैदरनगर के कई फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन संघ ने शोक व्यक्त किया है।

# एमएमसीएच के लगभग 125 सीसीटीवी कैमरे महीनों से निष्क्रिय, सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित

नवीन मेल संवाददाता



फाइल फोटो

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एमएमसीएच) में लगे लगभग 125 सीसीटीवी कैमरे पिछले कई महीनों से बंद पड़े हैं। यह सुरक्षा और निगरानी के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गया है, क्योंकि अस्पताल परिसर में हो रही छोटी-बड़ी घटनाओं की मॉनिटरिंग बाधित हो रही है।अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, दवा काउंटर, लेबर रूम और पोस्टमार्टम हाउस सहित कई प्रमुख हिस्सों में लगे सीसीटीवी कैमरे तकनीकी खराबी के कारण निष्क्रिय हैं। सुरक्षा और दुर्घटना नियंत्रण की दृष्टि से सीसीटीवी की अनुपस्थिति से अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है।जानकारी के अनुसार, अस्पताल में प्रतिदिन सैकड़ों मरीज पहुंचते हैं, जहां कैमरे बंद होने के कारण चोरी, दुर्व्यवहार या विवाद की स्थिति में जांच में कठिनाई होती है। कई बार विवाद की विवेचना के लिए सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध नहीं होने से सही तथ्य सामने नहीं आते। नए ओपीडी भवन में कैमरे लगभग नहीं लगने के कारण सुरक्षा खतरे की आशंका है।अस्पताल के कर्मचारी कई बार इस समस्या की जानकारी उच्च अधिकारियों को दे चुके हैं, लेकिन अब तक कोई कारगर कदम नहीं उठाया गया है। परिजन भी इसी लापरवाही से नाराज हैं और मानते हैं कि कैमरे केवल दिखावे के लिए हैं।अस्पताल मैनेजर सुमित श्रीवास्तव ने बताया कि अस्पताल में कुछ कैमरे चालू हैं, कुछ बंद। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग जल्द नए कैमरे लगाने की योजना बना रहा है, वहीं पलामू उपयुक्त ने भी सर्वे कर नए कैमरे लगाने की सिफारिश की है।

# राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत स्टेट टीबी टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय यक्ष्मा (टीबी) उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को मेदिनीनगर के एक निजी होटल में स्टेट टीबी टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2030 तक टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने में मेडिकल कॉलेजों की भूमिका और योगदान पर विचार-विमर्श करना था।इस बैठक का संयुक्त रूप से उद्घाटन डॉ. कमलेश कुमार, पलामू सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव, एमएमसीएच के प्राचार्य डॉ. पी एन महतो एवं अन्य वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। बैठक की अध्यक्षता राज्य यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. कमलेश कुमार ने की।बैठक में राज्य के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधियों ने टीबी नियंत्रण, उपचार एवं इसके प्रति आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की। डॉ. कमलेश कुमार ने बताया कि टीबी एक गंभीर संक्रामक रोग है, और इसके उन्मूलन के लिए मेडिकल कॉलेजों को जिला यक्ष्मा विभाग के साथ मिलकर समन्वय स्थापित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यक्ष्मा विभाग और मेडिकल कॉलेज मिलकर 2030 तक टीबी मुक्त झारखंड का सपना साकार कर सकते हैं।पलामू सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने टीबी संक्रमण की गंभीरता को समझाते हुए कहा कि संक्रमित मरीजों से अनजाने में फैलने वाले संक्रमण को रोकने के लिए समय-समय पर जांच और सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। रांची रिम्स की डॉ. शाइनी कुमारी खेस, डॉ. सोमा उरांव, जमशेदपुर मेडिकल कॉलेज की डॉ. अनुष्का शरण सहित अन्य चिकित्सकों ने अपने शोध कार्यों की जानकारी साझा की। बैठक में कई वरिष्ठ चिकित्सक भी उपस्थित थे।

# रेड़मा बाइपास पर 90 लाख की लागत से बनेगा वेंडर मार्केट

- फुटपाथ दुकानों व ठेला वालों को मिलेगा सुरक्षित स्थायी ठिकाना, मार्च 2026 तक योजना पूरी करने का लक्ष्य

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नगर निगम शहर को जाम मुक्त और व्यवस्थित बनाने के लिए बड़ा कदम उठाने जा रहा है। रेड़मा बाइपास रोड स्थित बिजली विभाग कार्यालय के सामने की जमीन पर करीब 90 लाख रुपये की अनुमानित लागत से 20 नई दुकानों का निर्माण किया जाएगा। योजना का उद्देश्य सड़क किनारे ठेला और खोमचा लगाकर जीवन यापन करने वाले छोटे दुकानदारों को सुरक्षित व स्थायी स्थान उपलब्ध कराना है।

नगर निगम ने इसके लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर ली है और विभागीय प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। वर्तमान में रेड़मा चौक पर ठेला और फुटपाथ दुकानों की संख्या अधिक है, जिससे अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है और आमजन परेशान होते हैं। नए दुकानों के निर्माण से इन फुटपाथ दुकानों में कमी आएगी, आस-पास का क्षेत्र साफ-सुथरा रहेगा, तथा ग्राहकों को बेहतर बाजार सुविधा मिल सकेगी। नगर निगम के अनुसार इस योजना से छोटे व्यवसायियों की आजीविका सुरक्षित होगी और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। साथ ही निगम को दुकानों के आवंटन से शुल्क प्राप्त होगा, जो राजस्व वृद्धि में मदद करेगा। सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत कुमार ने बताया कि वेंडर मार्केट का निर्माण मार्च 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है। दुकानों का आवंटन लॉटरी सिस्टम या बोली लगाकर किया जाएगा।

### मेदिनीनगर में भाजपा नगर व ग्रामीण मंडल की संयुक्त बैठक संपन्न

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को सफल बनाने पर हुई चर्चा, 14 अक्टूबर को टाउन हॉल में होगा प्रमुख कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भाजपा जिला कार्यालय में नगर एवं ग्रामीण मंडल की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष श्रवण गुप्ता तथा संचालन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अजय सिंह ने किया। बैठक में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर विचार-विमर्श किया गया तथा 'स्वदेशी अपनाओ, आत्मनिर्भर भारत बनाओ' अभियान के जोरदार प्रसार-प्रचार पर चर्चा हुई।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित पलामू भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि स्वदेशी, 'लोकल फॉर वोकल' और जीएसटी रिफॉर्म को 25 दिसंबर तक जनजागरण अभियान के रूप में चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि आगामी 14 अक्टूबर को मेदिनीनगर टाउन हॉल में आत्मनिर्भर भारत संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री, जिला उपाध्यक्ष अभिमन्यु तिवारी, जिला मंत्री ओमप्रकाश पप्पू, कार्यालय मंत्री नंदलाल प्रसाद, किसान मोर्चा प्रदेश समन्वयक जितेंद्र तिवारी, कार्यक्रम प्रभारी मंजू गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष रीना किशोर, किसान मोर्चा अध्यक्ष विजय कुशवाहा, आईटी सेल के शुभम प्रसाद, रोशन गुप्ता, प्रेम प्रकाश, आनंद कुमार, रणजीत सिंह, अभी ठाकुर सहित कई अन्य नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने किया पंचायत स्तर के शिविर का औचक निरीक्षण

- Ñलाभुकों से संवाद कर उपलब्ध सेवाओं के स्थिति की ली जानकारी

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** जिले में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र लाभुकों को जोड़ने की दिशा में चल रहे शिविरों के प्रभावी संचालन की समीक्षा को प्राथमिकता देते हुए उपायुक्त कीर्तिश्री जी शुक्रवार को औचक निरीक्षण पर निकलीं। इस क्रम में उन्होंने चतरा सदर प्रखंड क्षेत्र के पंचायत सचिवालय देवरिया में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। इस शिविर के माध्यम से कृषि सहित अनुषंगी विभागों की विभिन्न योजनाओं, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, जन्म प्रमाण पत्र निर्गमन तथा मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना से संबंधित ऑनलाईन आवेदन सृजन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने लाभुकों से संवाद कर शिविर में उपलब्ध सेवाओं की स्थिति की जानकारी ली और कार्यप्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि शिविर में आने वाले प्रत्येक लाभुक को योजनाओं की संपूर्ण जानकारी और समयबद्ध सुविधा मिले। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र व्यक्ति को योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहने दिया जाए। उन्होंने शिविर की व्यवस्था, पंजीकरण की प्रक्रिया, तकनीकी सहयोग और कर्मियों की तैनाती की भी गहन समीक्षाकरते हुए कहा कि शिविरों के माध्यम से सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बता दें कि वार्ड और पंचायत स्तरीय इन शिविरों का आयोजन नगर परिषद क्षेत्र में 9 से 18 अक्टूबर तक और सभी प्रखंडों में 6 से 18 अक्टूबर तक रोस्टर के अनुसार किया जा रहा है।

### चनेया बाजार में डाक विभाग ने चलाया जनजागरूकता अभियान

# 30 गांवों के ग्रामीणों ने ली विभिन्न डाक योजनाओं की जानकारी

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पाटन प्रखंड के चनेया बाजार क्षेत्र में शुक्रवार को भारतीय डाक विभाग की ओर से एक जनजागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आसपास के लगभग 30 गांवों से ग्रामीणों ने भाग लिया और डाक विभाग की विभिन्न बचत एवं बीमा योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

कैंप में उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि डाक विभाग ग्रामीण मजदूरों और खेतिहर किसानों के लिए ग्रामीण डाक जीवन बीमा योजना चला रहा है। इस योजना के माध्यम से लाभार्थी अपने भविष्य को सुरक्षित करते हुए बचत भी कर सकते हैं। वहीं, नौकरीपेशा और शिक्षित युवाओं के लिए डाक जीवन बीमा योजना उपलब्ध है, जिसमें आकर्षक बोनस का लाभ मिलता है। ग्रामीणों को डाक विभाग के सेविंग अकाउंट, रिकरिंग डिपॉजिट, टर्म डिपॉजिट और सुकन्या समृद्धि खाता जैसी योजनाओं से भी अवगत कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से छोटी-छोटी बचत पर भी अच्छा ब्याज और सुरक्षित भविष्य की गारंटी प्राप्त की जा सकती है। कैंप में उत्तरी डाक अनुमंडल के डाक निरीक्षक अमर प्रताप सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ डाक अभिकर्ता विकास कुमार और बली प्रसाद भी मौजूद थे। इस अवसर पर किशुनपुर पंचायत की मुखिया सुमन गुप्ता ने कहा कि वे अपने पंचायत क्षेत्र के हर घर तक डाक विभाग की योजनाओं की जानकारी पहुँचाने में सहयोग करेंगी, ताकि अधिक से अधिक लोग इनका लाभ उठा सकें। कैंप की सफलता में ग्रामीण डाक सेवकों की अहम भूमिका रही। इनमें सुरेंद्र कुमार, आलोक कुमार, राकेश, आशुतोष, सीमा कुमारी, अंकित, शुभम, ज्ञान और निशा कुमारी प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# एसपी के निर्देश पर चला एंटी क्राइम चेकिंग अभियान



नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** पुलिस कप्तान सुमित कुमार अग्रवाल के निदेर्शानुसार जिले में अपराध पर नियंत्रण, प्रभावी कायार्वाही तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सभी थाना क्षेत्रों में शुक्रवार को एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान चार पहिया व दो पहिया वाहनों एवं असामाजिक तत्वों की गहनता से जांच की गई। अभियान में चतरा जिला अंतर्गत 129 चार पहिया एवं 334 दो पहिया वाहनों की जांच की गई है। बताया गया कि जांच के क्रम में टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर आवश्यक सत्यापन किया गया। वहीं चेकिंग के दौरान लोगों को सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु अपिल करते हुए सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने हेतु जागरूक भी किया गया। बताया गया कि आगे भी इस तरह की करर्वाई जारी रहेगी।

# टेंट हाउस में लगी आग, 50 लाख का नुकसान, 6 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

नवीन मेल संवाददाता



**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित चौक से लगभग 50 मीटर दूरी पर बरटा डहर में पवन डीजे लाइट साउंड का घर है और बगल में टेंट हाउस का टोटल सामग्री रखा हुआ था। जहां गुरुवार रात टेंट में कुछ लोगों द्वारा आग लगा दिया गया। जिससे टेंट हाउस का सारा सामान जलकर राख हो गया। टेंट संचालक को लगभग 50 लाख का नुकसान हुआ है। इस संदर्भ में भुक्तभोगी ने थाना को लिखित आवेदन देकर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पवन डीजे साउंड मालिक पवन कुमार दांगी पिता सुभाष दांगी ने थाने को दिए गए आवेदन में बताया है कि 10 अक्टूबर की रात्रि करीब 12 बजे भाई मनोज कुमार को कुछ आवाज सुनाई पड़ा। आवाज सुनकर जब बाहर निकले तो देखा कि बगल टेंट हाउस में आग लगी है। उसके बाद हल्ला किया तो परिवार के लोग उठे एवं हल्ला से आसपास के लोग भी जगे और लोगों की मदद से बाल्टी से पानी ले जाकर आग पर किसी तरह काबू पाया। तब तक सारा सामान जलकर राख हो चुका था। थाना में दिए गए लिखित आवेदन में पूरण कुमार साव पिता हुलास साव, रेखा देवी पति राजेश दांगी, चंद्रशेखर दांगी पिता स्व. रेवा माहतो, समफुलवा देवी पति चंद्रशेखर दांगी, पिंटू दांगी पिता चंद्रशेखर दांगी, पुष्पेंद्र दांगी सभी गांव पंचायत थाना गिद्धौर, जिला चतरा पर आग लगाने को आरोप लगाते हुए बताया गया है कि उपरोक्त सभी आग लगने के बाद इधर-उधर भाग रहे थे। साथ ही आरोप है कि इस घटना को अंजाम राजेश कुमार दांगी पिता रेवा महतो के इशारे पर दिया गया है। बताया गया ठै कि भागने के क्रम में पूरण कुमार साव का मोबाइल भी गिर गया था। पवन ने पाया है। इससे पहले भी तीन बार इस घटना को अंजाम दिया जा चुका है। पहली बार घटना 15 नवंबर 2020 को, दूसरी बार 11 जनवरी 2022 को तथा तीसरी बार 2 मार्च 2022 को अंजाम दिया जा चुका है। इस बार चौथीबार टेंट हाउस में आग लगी है। वहीं घटना से नाराज ग्रामीण महिला एवं पुरुष ने कुछ देर के लिए सड़क जाम भी किया। ताकि डीजे साउंड मलिक को इंसाफ मिल सके।

# अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त

**गिद्धौर (चतरा)।** शुक्रवार को पुलिस ने गिद्धौर थाना क्षेत्र के बांय मोड़ के समीप से अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार अवैध बालू उठाव की गुप्त सूचना पर थाना प्रभारी दल बल के साथ बलबल के रास्ते जा रहे थे। इसी क्रम में बांय मोड़ के समीप से पुलिस ने बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया। हालांकि ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। वहीं पुलिस बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले आई है। इस संबंध में थाना प्रभारी शिवा यादव से पूछे जाने पर बताया कि अवैध बालू लदा ट्रैक्टर नहीं लाया गया है।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**सिमरिया/कान्हाचट्टी (चतरा)।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जिले के सिमरिया व कान्हाचट्टी आदि प्रखंड में जागरूकता शिविर का आयोजन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार किया गया। कानूनी सहायता केंद्र सिमरिया के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के हर्षनाथपुर में आयोजित शिविर में अधिकार मित्र सुबोध कुमार शर्मा, उमेश प्रसाद एवं रंजन कुमार मिश्रा के द्वारा लोगों को बताया गया कि विश्व मानसिक स्वास्थ्य महासंघ द्वारा इस वर्ष की थीम सेवाओं तक पहुंच-आपदाओं और आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य है। यह थीम इस बात पर जोर देती है कि लोगों के लिए अपने मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा करना कितना जरूरी है, चाहे वे किसी भी दौर से गुजर रहे हों, क्योंकि हर कोई अच्छे मानसिक स्वास्थ्य का हकदार है। लोगों को इसके अलावे नालसा (मानसिक रोगियों और बौद्धिक दिव्यांग व्यक्तियों को विधिक सेवाएं) योजना 2024 के बारे में भी बताया गया। वहीं कान्हाचट्टी प्रखंड के जमरी बक्सपुरा पंचायत में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर पीएलवी निशा कुमारी एवं सरिता कुमारी के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित ग्रामीणों को जानकारी दी गई।

### शहर में मोटर दुर्घटना दावा अधिनियम पर एकदिवसीय कार्यशाला संपन्न

# जनता को सड़क हादसों के बाद कानूनी अधिकारों, मुआवजा प्रक्रिया व सड़क सुरक्षा नियमों की दी गई जानकारी

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झालसा के दिशा-निर्देश और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राम शर्मा के मार्गदर्शन में, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शुक्रवार को उप विकास आयुक्त सभागार में मोटर दुर्घटना दावा अधिनियम के तहत एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य लोगों को सड़क दुर्घटनाओं के बाद कानूनी अधिकारों, मुआवजा प्राप्ति की प्रक्रिया तथा सड़क सुरक्षा नियमों से अवगत कराना था।

कार्यक्रम का उद्घाटन जिला एवं सत्र न्यायाधीश षष्ठम राजकुमार मिश्रा, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राकेश रंजन और सदर एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अधिवक्ता, पीएलवी, एलएडीसी के सदस्य और जिले के विभिन्न थानों के पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश मिश्रा ने कहा कि मोटर दुर्घटना पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाने के लिए कानूनी प्रक्रिया सरल बनाई गई है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना की स्थिति में छह माह के भीतर दावा दायर करना आवश्यक है। हिट एंड रन मामलों में घायल को 50 हजार रुपये और मृत्यु की स्थिति में दो लाख रुपये का मुआवजा डीटीओ कार्यालय से दिया जाता है।

सचिव राकेश रंजन ने दुर्घटना से संबंधित विभिन्न फॉर्मों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एफएआर फॉर्म ए में भरा जाता है, जबकि फॉर्म दो से सात तक क्रमशः चालक, वाहन स्वामी, पीड़ित और दुर्घटना की विस्तृत रिपोर्ट से संबंधित हैं, जिन्हें तय समयसीमा में तैयार कर ट्रिब्यूनल में प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

सदर एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद ने कहा कि तेज रफ्तार और शराब सेवन हादसों के प्रमुख कारण हैं। उन्होंने बताया कि "गोल्डन आवर" में घायल को उपचार मिलना अत्यंत आवश्यक है। यदि कोई व्यक्ति किसी घायल को अस्पताल पहुँचाता है तो उसे पुरस्कृत किया जाता है और उसे किसी कानूनी कार्रवाई में नहीं उलझाया जाता। सरकार द्वारा घायल को 50 हजार रुपये तक के निःशुल्क इलाज की सुविधा भी प्रदान की जाती है।

अधिवक्ता सी.के. मिश्र ने कहा कि मोटर दुर्घटना मामलों में अनुसंधानकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। लापरवाही के कारण कई बार पीड़ितों को उचित मुआवजा नहीं मिल पाता। उन्होंने कहा कि पुलिस को वाहन मालिक को अदालत में प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए ताकि मामलों का शीघ्र निपटारा हो सके।

कार्यशाला में लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अमिताभ चंद्र सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, वीर विक्रम वक्स राय, बसंत कुमार दुबे, देव कुमार शुक्ला, इंद्रजीत प्रजापति, विवेक कुमार, प्रेम नारायण रजक सहित अनेक अधिवक्ता और पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

## कच्चा मकान गिरा, अब खुले आसमान में रहने को विवश

नवीन मेल संवाददाता



**भवनाथपुर।** प्रखण्ड क्षेत्र के पंडरिया पंचायत अंतर्गत सरइया गांव में गीता देवी पति चंद्रमण बियार का कच्चा मकान गिर गया। पिछले कई दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते मकान की दीवारें कमजोर हो गई थीं। शुक्रवार की सुबह अचानक दीवारें भरभराकर गिर पड़ीं, जिससे घर पूरी तरह मलबे में तब्दील हो गया। गनीमत यह रही कि हादसे के वक्त घर के सभी सदस्य बाहर थे, जिससे किसी की जान नहीं गई। मकान गिरने से घर में रखा अनाज, बर्तन, कपड़े, और अन्य जरूरी सामान मलबे में दबकर नष्ट हो गया। गीता देवी ने बताया कि बरसात के कारण मकान पहले से ही जर्जर हो गया था, परंतु आर्थिक तंगी की वजह से वह इसकी मरम्मत नहीं करा पाई। अब पूरा परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने पंचायत प्रतिनिधि और स्थानीय प्रशासन को दी। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल राहत सामग्री और मुआवजा देने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में कई पुराने कच्चे मकान लगातार बारिश से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, जिससे लोगों में भय का माहौल है। उन्होंने प्रशासन से सभी प्रभावित परिवारों का सर्वे कर जल्द से जल्द राहत प्रदान करने की मांग की है।

### केतार पीएचसी परिसर में बना 50 लाख का भवन, बिना शिलान्यास के हुआ शुरू

# जनप्रतिनिधियों को अंधेरे में रखकर हो रहा है खेल, जेएमएम ने काम रुकवाया

- विभाग पर मिलीभगत का आरोप

नवीन मेल संवाददाता



**केतार।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने शुक्रवार को केतार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बन रहे 50 लाख रुपए के ब्लॉक प्राइमरी हेल्थ यूनिट भवन का निर्माण कार्य बिना शिलान्यास और सूचना बोर्ड के शुरू होने पर जमकर विरोध किया। गुस्साए झामुमो कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य को तुरंत बंद करा दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विधायक अनंत प्रताप देव के शिलान्यास के बाद ही काम शुरू होगा, वरना पूरे मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से की जाएगी। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष लालेश्वर राम ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि संवेदक और भवन निर्माण विभाग की मिलीभगत से यह काम गुपचुप तरीके से शुरू कराया गया है। न तो स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जानकारी दी गई, न ही किसी स्तर पर पारदर्शिता रखी गई। उन्होंने बताया कि कनीय अभियंता की अनुपस्थिति में निर्माण कार्य चल रहा था और शुरूआती ण्चरण से ही मानक के विपरीत सामग्री का उपयोग हो रहा है। लालेश्वर राम ने चेतावनी दी कि यदि घटिया निर्माण हुआ तो झामुमो आंदोलन करेगा। उन्होंने कहा कि जनता के पैसों से बन रहे भवन में घोटाला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पहले शिलान्यास, फिर निर्माण। इस दौरान मौके पर सूर्य नाथ सिंह, सुरेश प्रसाद, कामेश्वर सिंह, इम्तियाज अंसारी, श्रीराम सिंह, मदन पटेल, गोपाल विश्वकर्मा और अखिलेश प्रसाद समेत कई झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रंग-रोगन व मरम्मत का मामला भी आया सामने

प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद ने कहा कि सरकारी योजनाओं और निर्माण कार्यों में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता अनिवार्य है, ताकि पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे। उधर, करीब 4.5 लाख रुपए की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का रंग-रोगन और मरम्मत कार्य भी विवादों में आ गया है। झामुमो नेताओं का आरोप है कि संवेदक ने घटिया पेंटिंग कराई है, जिससे दीवारों में दरारें साफ नजर आ रही हैं। बताया जा रहा है कि यह स्वास्थ्य केंद्र छह साल पहले बना था, लेकिन अब तक उद्घाटन नहीं हो सका है। स्थानीय लोगों ने भी विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं।

## बिजली चोरी पर विद्युत विभाग की कार्रवाई 60 हजार का जुर्माना

**भवनाथपुर।** विद्युत विभाग के कनीय अभियंता महादेव महतो के नेतृत्व में प्रखंड के बनसानी पंचायत क्षेत्रों में बिजली चोरी के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाकर 6 लोगों के खिलाफ 60 हजार रुपए का फाइन लगाते हुए उनके विरुद्ध भवनाथपुर थाना में बिजली चोरी से संबंधित मामला दर्ज कराया गया है। विद्युत विभाग के जेई महादेव महतो ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के बनसानी पंचायत मे चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल छ लोगों को अवैध तरीके से बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। जिसमें बनसानी पंचायत के रोहिनिया निवासी अफरोज अंसारी, सुकन पासवान, राम बच्चन राम,समोध राम, बसंती कुंवर, झगराखांड निवासी बेचू पाठक पर आर्थिक दंड लगाते हुए इनके खिलाफ स्थानीय थाने में बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। छपामारी टीम में प्रदीप सिंह, संजीव कुमार,अशोक कुमार, उमेश प्रजापति, बीरेंद्र पासवान सहित अन्य शामिल थे।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**रंका।** पंचायत भवन में मुखिया रंजीत सोनी के प्रयास से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक नितेश परमार्थी के टीम के द्वारा रंका पंचायत भवन में रंका पंचायत के सैकड़ों ग्रामीण का निशुलक जांच एवं इलाज कर उन्हें मुफ्त दवा दी गई । इस मौके पर रंग का पंचायत के मुखिया रंजीत सोनी उपस्थित होकर सभी मरीजों का इलाज कराया एवं लोगों को निशुल्क दवा भी दिलवाया। मौके पर रंका पंचायत के चारो वार्ड सदस्य एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## पुलिस ने गुम हुए पांच मोबाइल फोन बरामद कर, लौटाया

नवीन मेल संवाददाता



**केतार।** थाना की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गुम हुए पांच एंड्रॉयड मोबाइल फोन को बरामद किया है। शुक्रवार को थाना परिसर में बरामद सभी मोबाइल फोन को उनके मालिकों को सौंप दिया गया है। खोये हुए मोबाइल फोन वापस पाकर मोबाइल मालिक रूपेश पाल, अक्षय साह, ओमप्रकाश गुप्ता, आशुतोष कुमार, राज कमल शुक्ला के चेहरे चमक उठी। मोबाइल फोन मालिकों ने केतार पुलिस और थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी के प्रयासों और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने कहा कि उक्त सभी लोग अपनी मोबाइल फोन गुम होने की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत दर्ज करने के बाद पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल से ट्रैक करते हुए मोबाइल फोन को बरामद कर लिया। थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने कहा कि किसी को मोबाइल फोन चोरी या गुम होता है तो इसकी शिकायत स्थानीय थाना में दर्ज कराएं। ताकि लोगों कि कीमती संपत्ति वापस मिल सके और साइबर अपराधों को रोका जा सके। इस अभियान में एसआई चंदन कुमार, आदित्य ठाकुर सहित अन्य शामिल थे।

## जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट, तीन घायल

नवीन मेल संवाददाता



**भवनाथपुर।** केतार थाना क्षेत्र के परती गांव में शुक्रवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में एक महिला समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान जोखन सिंह चेरो, मुखलाल चेरो और उसकी पत्नी कौशिला देवी के रूप में हुई है। घायलों को उपचार के लिए भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सक डॉ. नीतीश भारती ने प्राथमिक उपचार के बाद जोखन सिंह चेरो की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। इलाज के दौरान मुखलाल चेरो ने बताया कि परती गांव के बघौता टोला स्थित उसकी लगभग एक एकड़ 52 डिसमिल रैयती भूमि पर गोतिया पक्ष के सीताराम चेरो, इंदु चेरो, बिंदु रतन चेरो, अवधेश चेरो (पिता मतरगुण चेरो) और दिनेश चेरो जबरन जोत कोड़ाई कर रहे थे। जानकारी मिलने पर जब उन्होंने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो वे सभी आगबबूला हो गए और लाठी, बलुआ एवं धारदार हथियार से उन पर हमला कर दिया। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। फिलहाल पुलिस दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

## समाजसेवी ने कराया गरीब का अंतिम संस्कार

**रमना।** अनुसूचित जाती के सबसे पिछड़ा घासी जाती के इंद्रासन घासी के 14 वर्षीय पुत्र अमर घासी कि मृत्यु सड़क दुर्घटना में हो गयी। जो प्लास्टिक कचरा चुन कर एवं मांग-चांग कर जीवन गुजर बसर करता था। घासी जाती का इतिहास पुराना है जो पहले चरवाहे के रूप में काम करते थे, लेकिन आज इस जाती के लोग बहुत पिछड़े है और इनके पास अपना जमीन मकान नहीं जिससे पीड़ित परिवार का कोई स्थायी निवास स्थान नहीं है। वर्तमान में मृतक अमर घासी अपने परिवार के साथ अस्थायी रूप से डाक बंगला पर रहता है। मृतक के परिजनों कि स्थिति इतनी दयनीय है कि पुत्र के अंतिम संस्कार भी नहीं कर सकते।


## शपथ पत्र

मैं मनोरंजन कुमार पिता स्व० सरयू प्रसाद उम्र 40 वर्ष, ग्राम+पो०+थाना-केतार, जिला-गढ़वा, राज्य-झारखण्ड का निवासी हूं। मैं शपथ पूर्वक ब्यान करता हूं कि महिमा रानी मेरी पुत्री है जिसका आधार कार्ड में नाम महिमा रानी (MAHIMA RANI) है एवं सिन्दुरिया शाखा डाकघर भवनाथपुर उप डाकघर में मेरी पुत्री की नाम से सुकन्या खाता है जिसका खाता नं0 6400238948 है जिसमे मेरी पुत्री का नाम गलती से मोनिमा रानी (MONIMA RANI) दर्ज हो गया है जो गलत है। मैं अपने पुत्री की खाता में गलत नाम मोनिमा रानी (MONIMA RANI) को हटा कर महिमा रानी (MAHIMA RANI) दर्ज कराना चाहता हूं। मैं इसी आशय हेतु शपथ पत्र के माध्यम से प्रमाणित कर दे रहा हूं ताकि सक्षम पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर सकें।

**शपथ पत्र संख्या : 9/5267, दिनांक : 07/10/2025**


### गढ़वा में जनता दरबार में सुनी गई लोगों की समस्याएं

## उपायुक्त ने अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दिनेश यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। दरबार में आए लोगों की शिकायतें एक-एक कर सुनी गईं और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जनता दरबार में ग्रामीणों ने राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, योजनाओं का लाभ, अतिक्रमण, रोजगार, और बकाया मजदूरी जैसी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। उपायुक्त ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान का आश्वासन दिया। मझियांव प्रखंड के करकट्टा गांव से आई खुशबू उपाध्याय ने बताया कि उनके पति की मृत्यु कोरोना काल में हुई थी। उनके दोनों बेटों को समाज कल्याण विभाग की स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ जून 2024 तक मिल रहा था, जो अब बंद हो गया है। उन्होंने उपायुक्त से योजना का लाभ फिर से शुरू करने की मांग की। गढ़वा प्रखंड के नावाडीह गांव के बजरंगी तिवारी ने बताया कि वे डायलिसिस मरीज हैं और हर चार दिन में इलाज के लिए 2500 खर्च करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद परमेश्वरी हॉस्पिटल में इलाज नहीं किया जा रहा है। उन्होंने उपायुक्त से इस पर कार्रवाई करने की मांग की। केतार प्रखंड के ठुरामन साह ने बताया कि उनके किराएदार दो साल से किराया नहीं दे रहे हैं और धमकी देते हैं। उन्होंने किराया दिलाने और मकान खाली कराने की मांग की। जनता दरबार में अन्य कई लोगों ने भी अपनी समस्याएं रखीं। उपायुक्त दिनेश यादव ने सभी मामलों में अधिकारियों को तत्काल जांच और कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए जिला और प्रखंड स्तर पर हर मंगलवार और शुक्रवार को नियमित रूप से जनता दरबार आयोजित किया जाता है, जहां लोग अपनी शिकायतें सीधे पदाधिकारियों के सामने रख सकते हैं।

## गम्हरिया गांव में हुई क्षत्रिय समाज की बैठक

**केतार।** प्रखंड के गम्हरिया गांव में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय राजपूत (क्षत्रिय) समाज का बैठक इंदल सिंह की अध्यक्षता में किया गया। उक्त बैठक में बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोगों ने भाग लिया। बैठक में मुख्य रूप से समाज के सदस्यों को एकजुट करने, नशामुक्ति, सामाजिक शैक्षणिक और सांस्कृतिक उत्थान और संगठन मजबूत करने पर चर्चा किया गया। उक्त बैठक में सर्वसम्मति से रामानंद सिंह उर्फ राजू सिंह को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं विकर्मा सिंह, संतोष सिंह, त्रिपुरारी सिंह, निरज सिंह, श्रीराम सिंह,प्रदिप सिंह, धर्मेंद्र सिंह, राजकिशोर सिंह, रिशु सिंह, ओंकार प्रताप शाही सहित 23 लोगों को उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। जबकि कुण्डल सिंह को सचिव, चाहत सिंह को उप सचिव, वरूण सिंह को कोषाध्यक्ष, विवेक सिंह को उपकोषाध्यक्ष बनाया गया। रौशन सिंह और सोनू सिंह को मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है।

## छठ पूजा को लेकर कमेटी गठित, अनिल राम अध्यक्ष बने

नवीन मेल संवाददाता



**रंका।** सूर्य देव सेवा संस्थान छठ घाट लोहा पुल में भव्य छठ पूजा मनाने के लेकर पूजा कमेटी की हुई बैठक। जिसमें अनिल राम को छठ पूजा समिति के अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं उपाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह एवं इदु अंसारी को उपाध्यक्ष बनाया गया है। सचिन आशीष चौधरी, उपसचिव उमेश विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष शुभम मिश्रा, उपकोध्यक्ष मुकेश ताटी, संजू तांती एवं संरक्षक मुकेश मिश्रा डॉक्टर कुलदेव चौधरी नंदू राम, महेंद्र सिंह, उमेश चौधरी, अनिल ठाकुर, राजा सिंह, एवं संगठन मंत्री उदिय राम, जयप्रकाश कुमार, राहुल रंजन, गजाधर सिंह, अजय गुप्ता, पूजा प्रमुख शिव शंकर कुमार, राहुल कुमार विश्वकर्मा, कुलदीप यादव, सत्येंद्र सिंह, महामंत्री, गौरीशंकर राम, गोपाल राम, अजय राम, संतोष सिंह, सफाई मंत्री प्रमोद सिंह, आनंद मिश्रा, सोनू सिंह, जितेंद्र कुमार रवि, महेंद्र सिंह, अशोक सिंह, बाबूलाल सिंह, मीडिया प्रभारी सुनील कुमार रवि, सिकंदर कुमार, कृष्णा राम, आदि सिंगर कल के सभी ग्रामीणों को सदस्य बनाया गया है। इस संबंध में सूर्योदय सेवा संस्थान छठ पूजा समिति के अध्यक्ष अनिल राम ने बतलाया कि हर वर्ष लोहा पुल छठ घाट पर हम लोग भव्य छठ पूजा मनाते हैं जो इस वर्ष में भव्य छठ पूजा मनाई जाएगी। जिसको लेकर पूजा समिति का गठन की किया गया।


## District Education Office Latehar

**FACT SHEET, Very Short Tender**

| Sl. | Particular | Details |
|---|---|---|
| a. | Nameofthework | 3rd Call for RequestforProposalRetenderfor"Installation, Commissioning andMaintenance of Space Science and Innovation Labs"in selected govt. schools of Latehar district". |
| b. | AvailabilityofRFPdocument at | DigitalCopyfromhttp://jharkhandtenders.gov.in |
| c. | DateofIssue ofRFP | 10/10 /2025 |
| d. | Last Date forsubmission of Proposal | 17/ 10/2025 at05:00PM |
| e. | DateofopeningofTechnical Proposal | 18/10/2025at11.00AM |
| f. | Dateofopeningof Financial Proposal | After Technical process |
| g. | Timeallowedfor completion | 45 daysfromthedateoftheworkorder. |
| h. | Earnestmoney deposit (EMD)(Refundable) | **Rs. 50000/-(Rupees Fifty Thousandonly)**online at http://jharkhandtenders.gov.in |
| i. | Tender Fee | **Rs. 5000/- (Rupees-Five Thousand) Non-refundable** |
| L. | MethodofSelection | Cost-Based Selection (CBS) Method. Stage 1: The eligibility criteria documents, Bid Fee EMD submitted by the bidders will be evaluated in the first stage. The bidders meeting the technical evaluation criteria only will be shortlisted for further financial bid valuation. Stage 2: Out of the technically eligible bidders, the agency submitting the lowest financial bid will be awarded the project. The rates quoted by the agencies should be valid for 1 year from the issue of the RFP. **TheRatequotedbytheagenciesshouldbevalidfor twoyears.** |

"Note-All bidders are directed to paginate every page of the documents submitted in the Technical Bid and provide an index clearly mentioning the details of each page."

**PR 363850 Human Resource Developement(25-26)#D**

**District Education Officer Latehar**


## बाइक शोरूम से लैपटॉप व 10 हजार रुपए की चोरी

नवीन मेल संवाददाता

**मेराल।** नेनुआ मोड़ स्थित होंडा शोरूम में गुरुवार की रात्रि चोरी की घटना हुई। जिसमें एक लैपटॉप और 10 हजार नगद गायब कर दिया गया। घटना को लेकर शोरूम के प्रोपराइटर पीयूष कुमार पिता डॉ. लाल बहादुर शाह द्वारा थाने में आवेदन दिया गया है। थाने में दिए गए आवेदन के अनुसार गुरुवार के शाम करीब 5:30 बजे शोरूम बंद किया गया था। अगले दिन शुक्रवार के सुबह आसपास के लोगों द्वारा पीयूष को जानकारी दी गई कि शोरूम का ताला टूटा हुआ है। शोरूम पहुंचने पर देखा गया कि में गेट का ताला तोड़ा हुआ है और अंदर का सामान बिखरा पड़ा है। पीयूष कुमार द्वारा बताया गया कि ड्रावर में रखा 10हजार, एक लैपटॉप और 6 नई बाइक का चाबी को गायब कर दिया गया है। शोरूम के प्रोपराइटर द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर का पहचान कर लिया गया। प्रोपराइटर द्वारा थाना में दिए गए आवेदन के अनुसार चोरी की घटना को अंजाम देने वाला व्यक्ति मेराल निवासी आदित्य प्रसाद उम्र करीब 26 वर्ष पिता स्वर्गीय विश्वनाथ शाह है।

## 251 कन्याओं के विवाह को लेकर भूपेंद्र चौधरी ने किया भिक्षाटन

**रंका।** डाल्टनगंज शिवाजी मैदान में 251 कन्याओं का विवाह के लेकर भूपेंद्र चौधरी ने भिक्षाटन किया। शिवाजी मैदान में 26 नवंबर को 251 कन्याओं की निशुल्क विवाह कराई जाएगी। जिसके लेकर आज रंका प्रखंड के मुख्य बाजार में भूपेंद्र चौधरी एवं उनके साथी के द्वारा भिक्षाटन की गई। इस संबंध में उन्होंने बताया कि मेरी संस्था हमेशा लोगों को सेवा देती है जो इस वर्ष 251 कन्याओं को निशुल्क की शादी डाल्टनगंज के शिवाजी मैदान में की जाएगी। जिसके लेकर आज रंका प्रखंड के मुख्य बाजार में भिक्षाटन के साथ लोगों को निमंत्रण दे रहा हूं। शिवाजी मैदान में पहुंचकर वहां अनाथ एवं गरीब लड़कियों को अपना आशीर्वाद दें।

### केरवा मानदोहार मध्य विद्यालय में आज भी समुचित पेयजल की व्यवस्था नहीं

# दो सहायक अध्यापक के सहारे 152 बच्चों का भविष्य

नवीन मेल संवाददाता



**रमना।** क्या गरीब मजदूर के बच्चे अच्छे शिक्षा के हकदार नहीं, क्या ये लोग देश के विकास में भागीदार नहीं कि इनको अमृत रूपी शिक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे चल रहा है।

किसी भी गांव, समाज, राज्य और देश के विकास में अहम भूमिका निभाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण शिक्षा है, समुचित शिक्षा से ही गांव, समाज राज्य और देश का संपूर्ण विकास हो सकता है। सरकार द्वारा सत प्रतिशत शिक्षा का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु शिक्षण संस्थानों को आधुनिक सुविधा मुहैया करा रहा है लेकिन आज भी ग्रामीण इलाकों में बहुत सारे ऐसे विद्यालय हैं,जो आधुनिक सुविधा और अच्छी शिक्षा से कोशो दूर है साथ ही शिक्षकों के अभाव में बच्चों को समुचित शिक्षा नहीं मिल पा रहा है। जैसे तैसे शिक्षा व्यवस्था में केवल खाना पूर्ति किया जा रहा है।

गम्हारिया पंचायत के केरवा मानदोहार मध्य विद्यालय में 152 अध्ययनरत विधार्थियों के लिए केवल दो सहायक अध्यापक के भरोसे वर्ग एक से आठ तक के बच्चों का शिक्षण कार्य संचालित होता है। इस विद्यालय में अनुसूचित जनजाति के 103 अन्य पिछड़ा वर्ग के 49 एवं अनुसूचित जाती के 12 विधार्थी अध्ययनरत है। वर्गानुसार कमसे कम इस विद्यालय में आठ शिक्षकों का होना चाहिए, लेकिन दो सहायक अध्यापक इस विद्यालय को चलाते है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि गरीब मजदूर के बच्चों को कितनी बेहतर शिक्षा दी जा रही है।

दो शिक्षकों में भी एक शिक्षक कार्यालय में बैठे थे एवं एक शिक्षक का कोई अता पता नहीं था। रसोई घर होते हुए एमडीएम बाहर लकड़ी के चूल्हा पर बनाया जा रहा था। बच्चे वर्ग में बिना अध्यापक के ही बैठे थे एवं कुछ बच्चे बरामदे में टहल रहे थे। इस विद्यालय में बच्चों को पीने के लिए समुचित पानी का व्यवस्था नहीं है, वर्षों पुराना एक चपा नल लगा है, उसी के सहारे सभी बच्चे पानी पीते है। इस विद्यालय में समुचित शुलभ शौचालय का का भी व्यवस्था नहीं है। इस संबंध में प्रधान सहायक अध्ययपाक गोपाल राम बताये कि रेल प्रोजेक्ट परीक्षा चल रहा, जिसके लिए सहयोगी शिक्षिका प्रश्न पत्र तैयार कर रही है, गैस नहीं मिलने के कारण एमडीएम का भोजन दो दिनों से बाहर बनाया जा रहा है।


## NETARHATRESIDENTIAL SCHOOL NETARHAT

**P.O- NETARHAT, DISTRICT- LATEHAR**

**(An Autonomous Institution under School Education & Literacy Dept. ,Govt. of Jharkhand)**

**NOTICE INVITING SHORT TENDER**

**Ref. No- 297** **Dated- 09/10/2025**

Sealed tenders are invited from Primary manufacturers Or authorized dealers for Supply, Installation, Testing and Commissioning Of One number Of 30 KVA Silent Power Genset with Standard Control Panel at Netarhat Residential School, Netarhat District- Latehar.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **Nam of the Tender** | Supply and Installation, Testing and Commissioning Of One number Of 30 KVA Silent Power Gen set with Standard Control Panelat Netarhat-835218, District-Latehar, Jharkhand |
| 2. | **Scope of Work** | Scope of work shall include Supply ,Testing and Commissioning Of 30 KVA , Silent Power Generator Set with Central Control Board approved. Acoustic Enclosure comprising of Diesel engine with standard accessories coupled to alternator mounted on Channel Iron Base frame with Vibration free Pads, Complete with fuel tank having Sufficient Capacity for Minimum 8 hours of Operation with Auto Main Failure (AMF). |
| 3. | **Name and Address of the Office Inviting Tender** | Principal, Netarhat Residential School, Netarhat, P.O - Netarhat, District- Latehar |
| 4. | **Date of Publication of Tender on Website** | 09.10.2025at 03:00 P.M |
| 5. | **Last Date and Time for receipt of Bids** | 30.10.2025 at 11:30A.M |
| 6. | **Date of Opening of the Tender** | 31.10.2025 at 11.30 A.M (Technical Bid) 31.10.2025 at 03.30 P.M. (Financial bid of only those firms who are found eligible in technical bids) |

Complete details could be seen on our school's website www.netarhatvidyalaya.com

**Sd/- Principal**
**Netarhat Residential School**
**Netarhat**

PR 363839 Human Resource Developement (25-26)_D

# न्यूज बॉक्स

## छठ महापर्व की तैयारियों में जुटा श्री सूर्यनारायण पूजा समिति

**लातेहार।** श्री सूर्यनारायण पूजा समिति चाणक्य नगरी के द्वारा छठ महापर्व को धूमधा से मनाने को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। तैयारी को लेकर सुरेंद्र प्रसाद सिंह, अनिल कुमार (पप्पू) धीरज कुमार(छोटू) मनोज प्रसाद, पंकज यादव, विजय राम, सनोज कुमार, संतोष गुप्ता,आयुष कुमार शौंडिक सदस्यों द्वारा सहयोग दान प्राप्त किया गया। मौके पर समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष पर भी श्री सूर्यनारायण पूजा समिति चाणक्य नगरी के द्वारा छठ व्रतियों की सुविधा का विशेष ख्याल रखा जाएगा। व्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसे लेकर छोटी-छोटी बातों का ख्याल रखा जा रहा है। ज्ञात हो कि इस वर्ष छठ महापर्व की शुरूआत 25 अक्टूबर को नहाय खाय से शुरू होगा। वहीं खरना को और अस्तचलगामी अर्घ्य 27 व 28 को उगते सूर्य देव को अर्घ्य देने के साथ छठ महापर्व संपन्न हो जाएगा।

## दो माह से गिरा पड़ा है बिजली का खंभा व तार, बाधित है विद्युत आपूर्ति

**कुंदा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के सिक्कीदाग पंचायत के लुकुइया गांव में लगभग दो माह से बिजली पॉल व तार गिरा पड़ा है, जिसके कारण ग्रामीणों को विद्युत आपूर्ति नहीं हो पा रही है। ग्रामीण अंधेरे में रहने को विवश हैं। ग्रामीण कैलाश गंझू, रुपेश यादव, प्रमोद यादव, नरेश गंझु, संदिप कुमार, आमरेश कुमार, संजय गंझू समेत कई ग्रामीणों ने विभाग से जल्द से जल्द विद्युत बहाल करने का मांग किया है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली नहीं होने से उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द बिजली का खंभा व तार की मरम्मत कर विद्युत आपूर्ति बहाल की जाए। ताकि उन्हें अंधेरे में रहने की समस्या से निजात मिल सके।

## ढोढी-मंधनीया की बेटी का नेशनल ताइक्वांडो टीम में हुआ चयन



**मयूरहंड (चतरा)।** जिले के मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत ढोढी-मंधनीया की बेटी रूपाली राज का चयन नेशनल ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में हुआ। जिससे परिवार के सदस्यों के साथ प्रखंड वासियों में उत्साह देखा जा रहा है। इससे पूर्व राजधानी रांची में आयोजित तीन दिवसीय खेलो झारखंड ताइक्वांडो चैंपियनशिप में 39 केजी मे रुपाली राज गोल्ड मेडल के साथ पहले स्थान पर रही। जिसे देखते हुए चयन समिति द्वारा रूपाली राज को खेलो इंडिया के नेशनल टीम में सिलेक्शन किया गया है। सनराइज पब्लिक स्कूल के संचालक राजेंद्र प्रसाद वर्मा की पुत्री रूपाली राज ताइक्वांडो के क्षेत्र में लगातार अपने ग्राम ढोढ़ी,मंधनिया के साथ अपने माता-पिता और प्रखंड का नाम रोशन कर रही है। रूपाली राज वर्मा ने बताया की इस मुकाम तक पहुंचाने में प्रशिक्षक रोशन गुप्ता एवं प्रधानाध्यापक मिंकु कुमार का अहम योगदान है। रूपाली राज वर्मा हजारीबाग आरसी मिशन रेजिडेंशियल स्कूल में पढ़ाई कर रही है, और वह अभी कक्षा 8 की छात्रा है। इस प्रतियोगिता में रूपाली राज के बड़े भाई पुरुषोत्तम राज का भी चयन हुआ था जिन्होंने 45 केजी वेट में सिल्वर मेडल के साथ दूसरे स्थान पर रहे। प्रखंड के लोगों ने रूपाली राज के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत की कामना की है।

## यात्री बस की चपेट में आने से तीन युवती घायल

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदवा मालहन मैक्लुस्कीगंज मुख्य मार्ग पर माल्हन के समीप शुक्रवार की संध्या एक यात्री बस और स्कूटी की टक्कर हो गई। घटना में स्कूटी सवार तीन युवतियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों की पहचान सुगिया कुमारी (24 वर्ष) पिता जदू गंझू, सोनी कुमारी पिता बसनदेव गंझू और कौशल्या कुमारी पिता फूलदेव गंझू, (तीनों ढोंटी डुमारो) निवासी के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अर्श नामक यात्री बस ने स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे स्कूटी अनियंत्रित होकर गिर पड़ी। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचाया गया, जहां प्रभारी डॉ नीलिमा कुमारी के द्वारा उनका प्राथमिक उपचार किया गया। जानकारी के मुताबिक, तीनों युवतियां चंदवा बाजार स्थित बैंक आई थीं, वापस लौटने के क्रम में उक्त दुर्घटना हुई। घटना की सूचना पर चंदवा पुलिस मौके पर पहुंची और यात्री बस को जब्त कर मामले में अग्रतर कार्रवाई कर रही है।

## पड़हा स्वशासन के तहत बैठक आयोजित



**बालूमाथ (लातेहार)।** कुर्मियों को आदिवासी का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर आदिवासी समाज विरोध कर रहे हैं। इसी को लेकर पड़हा स्वशासन के तहत बैठक आयोजित की गई। जिसमें आदिवासी संस्कृति को बचाए रखने की बात कही। वक्ताओं ने कुर्मी, कूड़मी समाज द्वारा झारखंड में आदिवासी का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर चलाए जा रहे कार्यक्रम की आदिवासी समाज ने विरोध करने का निर्णय लिया। शुक्रवार को ओजा टोला में दुर्गा उरांव के अध्यक्षता में बालूमाथ पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के सैकड़ों आदिवासी समाज के सामाजिक कार्यकतार्ओं ने बैठक कर 16 अक्टूबर को सीसीएल मगध के आरा चमातू ग्राम में डुमरी विधायक जयराम महतो का होने वाले कार्यक्रम का भी विरोध करने का निर्णय लिया गया है। वक्ताओं ने कहा कि जो आदिवासी के हक अधिकार के बारे में नहीं सोचेगा उसका कड़ा विरोध किया जाएगा। कहा कि जेएलकेएम पार्टी और जयराम महतो का सभा स्थल पर ही सरना झंडा और काले झंडे के साथ विरोध किया जाएगा। मौके पर सरना समिति अध्यक्ष ईश्वर उरांव सरना समिति प्रखंड सचिव शंकर उरांव, दुर्गा उरांव, परमेश्वर उरांव, महेंद्र उरांव, बिनोद गंझू, खेमलाल गंझू, महेंद्र गंझू, रामलाल भोक्ता, प्रभु भोक्ता, शंभू राम, राम कुमार उरांव, रविंद्र उरांव, मनोज भोक्ता, सुकर उरांव के साथ-साथ सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## जनवितरण प्रणाली दुकानों में लाभुकों को कम राशन मिलने की शिकायत

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड में जनवितरण प्रणाली के तहत राशन वितरण को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया है कि कार्डधारियों को लंबे समय से निर्धारित मात्रा से कम राशन दिया जा रहा है। इस मामले को लेकर बरवाडीह की जिप सदस्य संतोषी कुमारी ने विभागीय मंत्री को लिखित शिकायत सौंपी है और तत्काल जांच की मांग की है। बरवाडीह की जिप सदस्य संतोषी कुमारी ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण और स्थानीय लोगों से बातचीत के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि जनवितरण प्रणाली दुकानदारों द्वारा राशन वितरण में घोर अनियमितता बरती जा रही है। उन्होंने बताया कि आदिम जनजाति परिवारों सहित अन्य लाभुकों को भी निर्धारित मात्रा से कम अनाज मिल रहा है। यह अत्यंत दुखद और चिंताजनक है कि गरीब परिवारों को उनका हक नहीं मिल पा रहा। विभागीय लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस मामले में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी की भूमिका भी संदिग्ध प्रतीत होती है, क्योंकि बार-बार शिकायतों के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। इस मामले को लेकर स्थानीय जनता में भारी नाराजगी है। कई ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें महीनों से पूरा राशन नहीं मिल पा रहा है। लोगों ने कहा कि वे डीलरों से बार-बार गुहार लगाते हैं, लेकिन राशन की मात्रा में कमी बनी रहती है। इससे गरीब परिवारों को दाल, चावल और अन्य जरूरी वस्तुओं की किल्लत झेलनी पड़ रही है। बरवाडीह के कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रशासन को इस मामले की निष्पक्ष जांच करनी चाहिए ताकि ऐसे लोगों पर नकेल कसी जा सके जो सरकारी योजना का लाभ खुद के लिए हड़प रहे हैं।

### उपायुक्त ने जिले में चल रही विद्युत परियोजनाओं की समीक्षा की, कहा-

# शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करें

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिले में चल रही विद्युत परियोजनाओं की समीक्षा के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री उज्ज्वल झारखंड योजना एवं पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना के तहत चल रहे कार्यों की बिन्दुआर समीक्षा की गयी।

इस दौरान उपायुक्त ने निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि ये दोनों योजनाएं जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता सुधारने और सर्वसुलभ बिजली उपलब्ध कराने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने संबंधित कार्य एजेंसियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसमें उन्होंने गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखने की बात कही। बैठक में उपायुक्त ने विद्युत आपूर्ति, सुदृढ़ बिजली-व्यवस्था के अलावा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर विद्युत आपूर्ति को सुदृढ़ करने का निर्देश विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता राजदेव मेहता को दिया गया। बैठक में विद्युत कार्यपालक अभियंता राजदेव मेहता व अन्य संबंधित पदाधिकरी उपस्थित थे।

## स्वच्छता को लेकर होटल संघ की बैठक, पर्यावरण सौंदर्यीकरण पर जोर

**नेतरहाट (लातेहार)।** आगामी 15 अक्टूबर को होने वाली नेतरहाट विकास प्राधिकरण की बैठक की तैयारी को लेकर शुक्रवार को नेतरहाट होटल संघ की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और पर्यटकों के स्वागत की बेहतर व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक की अध्यक्षता होटल संघ के अध्यक्ष सर्वेश प्रसाद ने की। उन्होंने कहा कि नेतरहाट छोटानागपुर की रानी कहलाती है, इसकी पहचान केवल प्राकृतिक सुंदरता से ही नहीं, बल्कि स्वच्छ वातावरण से भी है। आगामी बैठक से पहले होटल संचालक अपने-अपने परिसरों और आस-पास के क्षेत्रों की साफ-सफाई सुनिश्चित करें। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि होटल संघ सामूहिक रूप से सफाई अभियान चलाएगा और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से बाजार क्षेत्र, व्यू पॉइंट, बस स्टैंड और पर्यटक स्थलों की सफाई पर विशेष ध्यान देगा।

# चतरा में कमरे से मिला सिविल इंजीनियर का शव, जांच में जुटी पुलिस

- घुटनों पर चोट के निशान व मलहम-पट्टी के सबूत भी मिले

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** झारखंड के चतरा जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र में एक सिविल इंजीनियर का शव उनके कमरे से बरामद हुआ है। मृतक की पहचान बिहार के मधेपुरा निवासी दिलनवाज के रूप में की गई है। वह पीरी गांव में निमार्णाधीन संकट मोचन मंदिर के कन्स्ट्रक्शन का सुपरविजन कर रहे थे और यहां एक किराए के मकान में रहते थे।

घटना की सूचना मिलने के बाद सिमरिया थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेजा। मृतक के बिस्तर के नीचे से कई दवाएं बरामद की गई हैं। पुलिस को उनके घुटनों पर चोट के निशान और मलहम-पट्टी के सबूत भी मिले हैं, जिससे उनकी मौत को लेकर संदेह गहराया है।

सिमरिया थाने के एक पुलिस अफसर ने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, दिलनवाज पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे और नियमित रूप से दवाएं ले रहे थे। हालांकि, चोट के निशान और बरामद दवाओं के बाद पुलिस ने मामले को संदिग्ध मानते हुए जांच शुरू कर दी है।

उन्होंने कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। ग्रामीणों के अनुसार, दिलनवाज पिछले कुछ महीनों से गांव में रहकर मंदिर निर्माण की निगरानी कर रहे थे और ज्यादातर समय साइट पर ही रहते थे। उनके अचानक निधन से स्थानीय लोग भी सदमे में हैं। उनके परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी गई है। फिलहाल, पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि यह स्वाभाविक मौत है या इसके पीछे कोई और वजह है। मौके से जुटाए गए साक्ष्यों और दवाओं के नमूनों को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि रिपोर्ट आने के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी।

# महज चार दिनों में आलू बीज की कीमत में 4 रुपए की वृद्धि

नवीन मेल संवाददाता



**बारियातू।** महज चार दिनों के भीतर आलू बीज की कीमतों में 4 रुपए प्रति किलोग्राम की वृद्धि दर्ज की गई है। इस अचानक हुई मूल्यवृद्धि से खासकर छोटे और सीमांत किसान परेशान नजर आ रहे हैं। बीते मंगलवार को 20 रुपए प्रतिकीलों खरीदारी किए थे। लेकिन शुक्रवार साप्ताहिक बाजार बारियातू में 24 रुपए की दर से आलू बीज की बिक्री की गई। जबकि चार दिन पहले तक आलू बीज की कीमत 20 रुपए प्रति किलोग्राम थी, अब यह बढ़कर 24 रुपए तक पहुंच गई है। मंडियों और बीज विक्रेताओं का कहना है कि कीमतों में यह तेजी मांग में वृद्धि और बीज की सीमित उपलब्धता के चलते हुई है। किसानों का कहना है कि पहले से ही बढ़ती महंगाई और लागत के बोझ के बीच अब बीज की कीमतों में हुई यह वृद्धि उनकी मुश्किलें और बढ़ा रही है। इधर लगातार बारिश की मौसम की मार से मक्का टमाटर खेती प्रभावित हुआ है। जिससे किसान काफी नुकसान में हैं। अब आलू, दल्हन, तेलहन खेती का सीजन सामने आ रहा है। लगातार मूल्यों की वृद्धि से किसान काफी चिंतित हैं। आपको बताते चले की बारियातू प्रखंड क्षेत्र में नौ पंचायत है। बारियातू, साल्वे, टोटी, डाढ़ा, फूलसु, बालूभांग, गोनिया, अमरवाडीह व सिबला सभी पंचायत में लगभग 56 गांव है। सभी गांव के किसान प्रखंड मुख्यालय बारियातू साप्ताहिक बाजार आते हैं जहां कई सामग्री सहित आलू बीज जोरों पर खरीदते दिखे।

# माल्हन के नवाटोली में पूर्णिमा जतरा मेला का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता




**चंदवा।** प्रखंड के माल्हन पंचायत के ग्राम नवाटोली में ऐतिहासिक बुढ़ी पूर्णिमा जतरा मेला का भव्य आयोजन किया गया। यह मेला वर्षों से पूर्वजों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए मनाया जा रहा है। मेला का उद्घाटन झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकतार्ओं द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि झामुमो जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा ने फीता काटकर जतरा मेला का शुभारंभ किया। ग्रामीणों में इस मेला को लेकर भारी उत्साह देखा गया। पारंपरिक गीत-संगीत,झांकी और लोक नृत्य की प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। स्थानीय लोगों ने कहा कि यह जतरा मेला उनकी सांस्कृतिक पहचान और एकता का प्रतीक है। कार्यक्रम के संरक्षक एवं मंच संचालक की भूमिका जतरू मुंडा ने निभाई। मौके पर जतरा मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष रूपेंद्र गंझु, सचिव मंकू गंझु के अलावे झामुमो चंदवा प्रखंड अध्यक्ष मनोज चौधरी,युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अंकित तिवारी, बबलू राही, दीपू गंझु समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### नवनिर्वाचित सांसद प्रतिनिधियों ने विभागीय पदाधिकारियों से की मुलाकात

# जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और विकास कार्यों की गति पर हुई चर्चा

नवीन मेल संवाददाता



**बेतला (लातेहार)।** चतरा संसदीय क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह द्वारा बरवाडीह प्रखंड के विभिन्न विभागों के लिए सांसद प्रतिनिधि नामित किए जाने के बाद गुरुवार को प्रतिनिधियों ने विभागीय अधिकारियों से औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान आपूर्ति विभाग के जिला सांसद प्रतिनिधि कौशल किशोर प्रसाद और मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद के नेतृत्व में प्रतिनिधियों की एक टीम ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय के साथ शिक्षा विभाग, मनरेगा, स्वास्थ्य समेत अन्य विभाग के अधिकारियों से भेंट की। मुलाकात के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित जनसमस्याओं, योजनाओं के क्रियान्वयन और विकास कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिनिधि ईश्वरी सिंह, मनरेगा और आपूर्ति विभाग के प्रतिनिधि दीपक तिवारी, पेयजल एवं स्वच्छता, कृषि और पशुपालन विभाग के प्रतिनिधि दीपक राज, बाल विकास परियोजना और मत्स्य विभाग के प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता उपस्थित रहे। सांसद प्रतिनिधियों ने अधिकारियों से समन्वय बनाकर आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करने पर बल दिया. साथ ही उन्होंने कहा कि सांसद कालीचरण सिंह के मार्गदर्शन में क्षेत्र के विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। इस मौके पर भाजपा के कई मंडल पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

## भालू के हमले से आदिम जनजातीय युवक घायल

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र के ग्राम तंबोली अंतर्गत टोला गद्दीदरा गांव में गुरुवार शाम लगभग छह बजे एक भालू के हामले से आदिम जनजाति नाबालिग युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है।

शुक्रवार की सुबह युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां डॉक्टर के द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज एवं सिटी स्कैन के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर किया गया। घायल युवक के पिता परदेशीया कोरवा ने बताया बेटा विजय कोरवा घर से थोड़ी दूरी पर मवेशी चराने गया था। लौटने के दौरान झाड़ी में छुपा हुआ भालू अचानक से हमला कर दिया। बच्चे की चिल्लाने पर आवाज सुनकर आसपास के मौजूद ग्रामीण दौड़कर वहा पहुंचे। लोगों को आता देख भालू भाग गया। सड़क बेहतर नहीं होने और रात हो जाने के कारण बच्चा को अस्पताल नहीं लाया गया। इस घटना की जानकारी वन विभाग को दी गई। वहीं वनपाल कुंवर गंझू के निर्देश पर वनरक्षी राजेश उरांव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर पिता परदेशीया कोरवा को तत्काल मदद के रूप में पांच हजार रुपया दिया। भालू के हमला से बच्चे की गर्दन और कांधे पर गंभीर जख्म हैं। उपचार में देरी होने से स्थिती गंभीर बनी है।

## डीटीओ के नेतृत्व में चला वाहन जांच अभियान

**लातेहार।** जिले में यातायात नियमों के उल्लंघ करने वालों की अब खैर नहीं। जिला परिवहन पदाधिकारी के द्वारा लगातार अभियान चलाकर सड़क सुरक्षा नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले वाहन चालकों का या तो चालान काटा जा रहा है या वाहन को जब्त करने की कार्रवाई की जा रही है। इसी अभियान के तहत आज एक बार फिर जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मण्डल के नेतृत्व में जिले के बरवाडीह प्रखंड में अभियान चलाकर दो ट्रक को जब्त किया गया है, जबकि 53 वाहनों की जांच की गई इसमें 18 वाहनों का चालान काटा गया है। इससे राज्य सरकार को 57 हजार रुपए की राजस्व प्राप्त हुई है। इस अभियान में परिवहन विभाग के कर्मचारी एवं पुलिस बल के द्वारा बरवाडीह थाना के जवान थे।

## वनाधिकार दावों का सघन जांच कैंप चौथे दिन भी जारी

**लातेहार।** अनुमंडल कार्यालय लातेहार के सभागार में वन अधिकार कानून के अंतर्गत व्यक्तिगत एवं सामुदायिक अधिकार दावा अभिलेखों की शिविर लगाकर गहन प्रशासनिक जांच की कार्यवही शुक्रवार को भी जारी रहा। निर्धारित शिविर तिथि के हिसाब से चंदवा अंचल के दावों का अवलोकन किया गया। कुल 130 अभिलेखों की बारीकी से जांचकर टिप्पणियां लिपिबद्ध की गई है। जिनमें पाया गया है कि दावित नक्शों में कहीं अध्यक्ष व सचिव का हस्ताक्षर नहीं होने की त्रुटियां परिलक्षित हुई है। अधिकांश दावा अभिलेखों में वन विभाग के कर्मियों टिप्पणियां एवं उनके हस्ताक्षर नहीं पाए गए हैं। विदित हो कि पिछले 6 अक्तूबर को जिलेभर से करीब 15 हजार आदिवासी एवं परम्परागत वन निवासियों ने वर्षो से जिला प्रशासन द्वारा पट्टे निर्गत नहीं किए जाने को लेकर अनिश्चित कालीन पट्टा नहीं तो वापस नहीं कार्यक्रम के तहत कल्याण पदाधिकारी कार्यालय में डेरा डाल दिए थे। काफी प्रशासनिक कवायद के बाद मध्य रात्रि में जिला प्रशासन और आंदोलनकारियों के बीच लिखित समझौता होने के उपरान्त आन्दोलन स्थगित करने की घोषणा की थी। शुक्रवार को संपन्न शिविर में बतौर विशेषज्ञ धोती फादर, सेलेस्टीन कुजूर, हरि भगत चंदवा अंचल के राजस्व कर्मचारीगण, वन विभाग के कर्मी एवं सम्बंधित सभी ग्राम सभाओं के अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित थे।

## संत जेवियर्स महाविद्यालय में मिड सेमेस्टर परीक्षा शुरू

**महुआडांड़।** महुआडांड़ से संत जेवियर्स महाविद्यालय महुआडांड़ में मिड सेमेस्टर परीक्षा शुरू हो गई है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी मिड सेमेस्टर एग्जाम बिल्कुल निर्धारित समय से यानि तीन महीने बाद ली जा रही है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर फादर एम के जोश ने बताया कि महाविद्यालय को ए+ ग्रेड के साथ ऑटोनॉमस स्टेट्स भी मिल चुका है जिसके कारण अब से मिड सेमेस्टर एग्जाम और यूनिवर्सिटी एग्जाम दोनों अपनी निर्धारित समय से संचालित होगी। यह महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए बहुत बड़ी खुश खबरी है। हमारे इस स्वायत्त संस्थान में विद्यार्थियों का सिलेबस समय पर पूर्ण होने के साथ एग्जाम भी समय पर लिया जाएगा जिससे विद्यार्थियों के अतिरिक्त साल बर्बाद नहीं होंगे और उन्हें ठीक चार साल में स्नातक की उपाधि प्राप्त हो जाएगी। महाविद्यालय के ऑटोनॉमस यानि स्वायत्तता मिलने का मतलब यह है कि यह अपने कार्यों, क्रियाकलापों, गतिविधियों को अपने निर्धारित समय पर संचालित कर सके। इससे विद्यार्थियों का अतिरित समय जाया नहीं जाएगा और वे अपनी डिग्री समय पर पूर्ण करके अग्रिम उच्च शिक्षा के लिए बाहर जा सकेंगे। इससे उन्हें दूसरे कॉलेज में एडमिशन लेने में भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। प्राचार्य ने जानकारी दी कि महाविद्यालय के इस उपलब्धि से विद्यार्थियों को लाभ मिल रहा है और यह अब अनवरत रूप से मिलते रहेगा।

कार्यालयः–जिला स्वास्थ्य समिति, लातेहार
Sadar Hospital Campus, Latehar.

आवश्यक सूचना

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखण्ड के तहत जिला स्वास्थ्य समिति, लातेहार के अधीन संविदा/अनुबंध आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या–01/2025 (DHS) के तहत अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थी के प्रमाण पत्रों का सत्यापन के उपरांत नियुक्ति पत्र निर्गत किया जा चुका है।

सफल एवं चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि सूचना प्रकाशन तिथि से किसी भी कार्य दिवस के दिन, जिला स्वास्थ्य समिति, लातेहार के कार्यालय में आकर अपना नियुक्ति पत्र प्राप्त कर सकते है एवं योगदान की अंतिम तिथि–दिनांक–17.10.2025 तक वांछित प्रमाण पत्रों के साथ अपना योगदान समर्पित करना सुनिश्चित करेंगें।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी
लातेहार

PR 363783 (Health Med Edu and Family Welfare)25-26*D

e-Procurement Cell
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT,
BUILDING DIVISION, GARHWA. • Email Id-eengbcdgarhwa-jhr@nic.in

VERY SHORT TERM E- QUOTATION INVITATION NOTICE

Quotation Reference No: **BCD/GARHWA -20/2025-26**

Sealed Quotations are invited for the work **(1)Name of Work:- Wooden Flooring & Other Works in Badminton Court At Dishom Guru Sibu Soren Indoor Stadium Distt. for the year 2025-26.** for all Materials from Reputed Shop Keepers/Manufacturers/Suppliers/Retailers/Distributors/ Aluminum Work and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table, If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

Terms and Condition
1. The quotationer shall furnish Pan, GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

नोटः– 1. वेबसाईट में ई–कोटशन प्रकाशन की तिथिः 18.10.2025 के अपराह्न 3:30 बजे।
2. वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथिः 24.10.2025 के अपराह्न 1:00 बजे तक।
3. ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समयः 25.10.2025 अपराह्न 3:30 बजे। (अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची)
4. ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, गढ़वा।
5. ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 9955921643
6. कोटेशनदाता को यू–केन रजिस्ट्रेशन की फोटोकॉपी अपलोड करना अनिवार्य है।

नोटः जो कोटेशनदाता अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची के कार्यालय में हार्ड कॉपी जमा करेंगे उन्ही का रेट खोला जायेगा।

अन्य किसी जानकारी के लिए वेबसाईट **http://jharkhandtenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 363824 (Building) 25-26 (D)

## उपायुक्त ने की राजस्व संबंधी समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

# लक्ष्य के अनुरूप करें राजस्व संग्रहण : डॉ ताराचंद

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में आंतरिक संसाधन एवं राजस्व संग्रहण संबंधी समीक्षा बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में मत्स्य विभाग को शेष तालाबों की बंदोबस्ती कराने व बकाया राशि की वसूली किये जाने का निर्देश दिया। विद्युत प्रमण्डल को नियमित रूप से छापेमारी करने का निर्देश दिया गया। माप-तौल विभाग को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के साथ संयुक्त अभियान चलाते हुए मिठाई दुकानों में माप-तौल व गुणवत्ता की जांच, राशन दुकानों में डिजिटल तौल मशीन की जांच, तराजू की जांच, भारतीय खाद्य निगम के गोदामों में माप-तौल की जांच, पेट्रोल पंप में माप की जांच कराने का निर्देश दिया गया। सभी अंचल अधिकारियों को प्रत्येक शनिवार को अंचल कार्यालय परिसर में अंचल-सह-थाना दिवस का आयोजन कर लोगों की समस्याओं का निवारण करने का निर्देश दिया गया। भूमि कब्जा प्रमाण पत्र से संबंधित आवेदन, म्युटेशन, सक्सेशन म्युटेशन के आवेदन ससमय निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में ई-रेवेन्यू कोर्ट, परिशोधन पोर्टल, भूमि हेतु अधियाचना, जाति/आवासीय प्रमाण-पत्र संबंधी निर्देश सभी संबंधित पदाधिकारियों को दिये गये। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप राजस्व संग्रहण का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार समेत अन्य संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारीगण व अंचलाधिकारीगण उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने कैरो प्रखंड कार्यालय में की योजनाओं की समीक्षा



**लोहरदगा।** उपायुक्त ने कैरो प्रखंड कार्यालय में योजनाओं की समीक्षा की और विभिन्न निर्देश दिए। उपायुक्त ने सढ़ाबे पंचायत में स जी उत्पादन करनेवाले किसानों का एफपीओ गठन करने और स जियों के लिए कोल्ड स्टोरेज के लिए प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। मनरेगा अंतर्गत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई और योजनाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिये। प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना, बाब साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना में लाभुकों को दिये गये किस्त की स्थिति और आवास निर्माण की प्रगति की समीक्षा की और बीते वित्तीय वर्ष तक की योजनाएं पूर्ण कराने के निर्देश दिये। मत्स्य उत्पादकों को तालाब की बंदोबस्ती में भाग लेने के लिए उत्प्रेरित करने का निर्देश दिया गया। पीएम किसान सम्मान निधि योजनाओं में लाभुकों को केसीसी से आच्छादित कराने का निर्देश दिया गया। स जी उत्पादन करनेवाले किसानों को केसीसी से आच्छादित करने का निर्देश दिया गया। जेएसएलपीएस को अपने स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को एफपीओ से जोड़े जाने, कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर फण्ड का लाभ दिलाने, कोल्ड स्टोरेज उपलब्ध कराने के लिए अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को प्रखंड में पुरानी मल्टी विलेज स्कीम को पुनः संचालित कराने के लिए प्राक्कलन तैयार अनाबद्ध निधि से पारित कराने हेतु प्रस्ताव उपस्थापित करने का निर्देश दिया गया। जिन गांवों में अभी भी पेयजल की योजनाएं अपूर्ण हैं उन्हें पूर्ण कराने व पूर्ण योजनाओं का सर्टिफिकेशन कराने का निर्देश दिया गया।

### क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव की तैयारी को लेकर प्रदेश सचिव ने की समीक्षात्माक बैठक



**लोहरदगा।** आगामी क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव 13 एवं 14 अक्टूबर 2025 को आयोजित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के विद्यालय परिसर में प्रदेश सचिव नकुल शर्मा की उपस्थिति में प्रबंधकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में महोत्सव के सफल आयोजन हेतु आवश्यक तैयारियों, कार्यक्रम की रूपरेखा, प्रतिभागियों की सूची, मंच व्यवस्था, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों तथा अनुशासन व्यवस्था पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। प्रदेश सचिव ने कहा कि इस महोत्सव के माध्यम से भैया -बहनों की प्रतिभा और भारतीय संस्कृति का सुंदर प्रदर्शन होगा। उन्होंने सभी सदस्यों से सहयोग एवं समयबद्ध तैयारी का आग्रह किया। बैठक में गुमला विभाग के विभाग प्रमुख ओम प्रकाश सिन्हा, विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, शिक्षकगण एवं प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय,सचिव अजय प्रसाद, सह सचिव अश्विनी कुमार कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, सुंदरी देवी शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे उपस्थित थे।

### चैंबर के व्यापारियों ने एसपी से की मुलाकात

## धनतेरस पर पुलिस की रहेगी ठोस सुरक्षा व्यवस्था : रिजवी



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** धनतेरस एवं दीपावली त्योहार में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करने को लेकर लोहरदगा चैंबर्स ऑफ़ कॉमर्स की अगुवाई में स्थानीय व्यापारियों ने पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी से औपचारिक भेंट किया। इस दौरान चेंबर के व्यापारियों ने धनतेरस एवं दीपावली के दौरान लोहरदगा बाजार में होने वाले व्यापारिक गतिविधियों की जानकारी दिया। धनतेरस बाजार में खरीदारी के दौरान ठोस सुरक्षा व्यवस्था देने का आग्रह एसपी से किया। इस पर पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने स्थानीय व्यापारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया एसपी ने कहा त्योहार के दौरान शहरी और ग्रामीण इलाकों में पुलिस की ठोस और रणनीतिकार सुरक्षा व्यवस्था तैनात रहेगी। स्थानीय व्यापारी निर्भीक होकर अपनी व्यापारिक गतिविधियां संचालित करें त्योहार पर पुलिस की ठोस सुरक्षा व्यवस्था मौजूद रहेगी। कहा, शहरी बाजार के प्रवेश मार्ग मिशन चौक बरटोली चौक कॉलेज रोड पावर गंज चौक समेत अन्य प्रमुख स्थलों पर सुरक्षा का ठोस व्यवस्था रहेगी पुलिस की गश्ती वाहन लगातार गस्ती लगाएगी। एसपी ने कहा आभूषण दुकानों वाहनों के शोरूम फर्नीचर्स दुकान के आसपास विशेष सतर्कता बढ़ाते हुए पुलिस चौकसी बढ़ा दी जाएगी एसपी ने स्थानीय व्यापारियों से भी त्योहार के दौरान सजग और चौकस रहने की अपील किया। किसी प्रकार के संदेही और अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्ति की तत्काल सूचना पुलिस को देने की अपील व्यापारियों से किया। इस दौरान चेंबर के सदस्यों ने कहा सड़क हादसों में कमी लाने के लिए सड़क सुरक्षा नियमों का अनुपालन करने में चेंबर सदस्य भागीदारी निभाएंगे। एसपी के निर्देश पर चेंबर सदस्य हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, शराब पीकर गाड़ी नहीं चलने समेत ट्रैफिक नियमों का अनुपालन करने के लिए शीघ्र मुहिम चलाएंगे। इस मौके पर लोहरदगा चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रितेश कुमार, उपाध्यक्ष पंकज जयसवाल, कार्यकारिणी सदस्य राजेश कुमार महतो मनीष अग्रवाल, सैयद फिरोज शाह, सुमित कुमार, अनीश अग्रवाल, उत्तम कुमार, विजय खत्री सुमित अन्य व्यापारीगण मौजूद थे।

## एक ही परिवार के 3 लोगों की निर्मम हत्या को लेकर हाईकोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान

- झालसा के द्वारा गठित टीम ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की, दी सहायता राशि

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला के पेशरार थाना क्षेत्र अंतर्गत केकरांग बरटोली गांव में डायन बिसाही के आरोप में एक ही परिवार के तीन लोगों की निर्मम हत्या को लेकर झारखंड हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया। झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने इस मामले को लेकर पीडीजे राजकमल मिश्रा को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। तत्पश्चात घटना को लेकर पीडीजे राजकमल मिश्रा ने लोहरदगा एसपी सादिक अनवर रिजवी और एसडीपीओ वेदांत शंकर के साथ बैठक की। इस बीच डालसा के द्वारा गठित टीम ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। तत्काल रिपोर्ट झालसा, रांची भेजा गया। कार्यकारी अध्यक्ष झालसा सुजीत नारायण प्रसाद ने तुरंत 20,000/- रुपये पीड़ित परिवार को देने का निर्देश जारी किया। बैठक के बाद पीड़ित परिवार को डालसा सचिव राजेश कुमार पेशरार के बर टोली पहुंचकर पीड़िता व परिवार की बहु और कांड की सूचिका सुखमनिया कुमारी को 20,000 रुपये का चेक सौंपा। चेक प्रदान करते समय सुखमनिया कुमारी के अलावे एक देवर और अन्य रिश्तेदार मौजूद थी। मौके पर पहुंची डालसा टीम के साथ एसडीपीओ किस्को वेदांत शंकर भी साथ थे । लोहरदगा डालसा टीम में डालसा सचिव राजेश कुमार के अलावे पैनल अधिवक्ता लाल धर्मेन्द्र देव, इंद्रानी कुजूर, पीएलवी गौतम लेनिन, संतोष भगत, सुनेश्वर उरांव, शारूक कुंवर गोप शामिल थे। गौरतलब है कि बीते दिनों लोहरदगा जिले के पेशरार थाना क्षेत्र अंतर्गत केकरांग बर टोली गांव में डायन बिसाही के आरोप में पति-पत्नी और 9 साल के बच्चे समेत तीन लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई थी। घटना का अखबारों में छपे रिपोर्ट के आधार पर मामले का संज्ञान झारखंड उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने लिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### शव दफनाने को लेकर विवाद, प्रशासन ने मामला को कराया शांत

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत अन्तर्गत सीठीयो ग्राम में शव दफनाने को लेकर एक ही समुदाय के बीच विवाद उतपन्न हो गया. जिसे अंचलाधिकारी,पुलिस उपाधीक्षक और थाना प्रभारी का संज्ञान में मामला आते ही सीठीयो ग्राम पंहुच कर ग्रामीणों को समझा बुझा कर मामला को शांत कराया गया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है की सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत का पूर्वी भाग के पंचायत समिति सदस्य सनातन बखला का पिताजी की देहांत गुरुवार को दोपहर में हो गया था.जिसे दफनाने को लेकर एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच विवाद उतपन्न हो गया था.वही एक पक्ष का कहना था की हम लोग अलग चर्च में जाते हैं। आप लोग अलग चर्च में जाते हैं। जिसे हम लोग अपना कब्र में शव को दफनाने नही देंगे। वही इस मामले को संज्ञान में लेते हुए अंचलाधिकारी पंकज कुमार भगत,पुलिस उपाधीक्षक सुधीर प्रसाद व थाना प्रभारी वारिश हुसैन द्वारा ग्रामीणों को समझा बुझा कर मामला शांत कराने के उपरांत शव को सीठीयो ग्राम स्थित कब्र में ईसाई रीति रिवाज के अनुसार शुक्रवार को प्रशासन की उपस्थिति में शव का अंतिम संस्कार किया गया। मौके पर मुखिया शोभा देवी,पशिचमी भाग के पंचायत समिति सदस्य जफरुद्दीन अंसारी,एएसआई गोबरधन तुरी,असरफी बहेलिया,राजकुमार बैठा के अलावे सैकड़ो ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

### ठगी का पैसा ग्रामीणों को वापस मिले, दोषी पर जिला प्रशासन करे कार्रवाई : अजातशत्रु



**लोहरदगा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु ने शुक्रवार को अपने आवासीय परिसर में प्रेस वार्ता कर जिला प्रशासन से योजनाओं के नाम पर ग्रामीणों से हुई ठगी का पैसा ग्रामीणों को वापस दिलाने की मांग की है। वही इस ठगी के कार्य मे संलिप्त भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच के सह सचिव कयूम अंसारी, पिता दसारत अंसारी पर उचित कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। अजातशत्रु ने ग्रामीणों की उपस्थिति में कहा कि एक तरफ राज्य सरकार आदिवासी हितों की रक्षा के लिए तत्पर रहने की बात कहती है तो दूसरी तरफ गांव के भोले भाले आदिवासी भाई बहनों के साथ ठगी का कार्य किया जा रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु ने बताया कि उपायुक्त के सकारात्मक प्रयास से केस दर्ज हुई है।अजातशत्रु ने वर्तमान उपायुक्त डॉक्टर कुमार ताराचंद, पुलिस कप्तान सादिक अनवर रिजवी, जिला उपविकास आयुक्त दिलीप प्रसाद सिंह शेखावत, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा की तारीफ करते हुए कहा कि ये सभी पदाधिकारी काफी संवेदनशील हैं और ग्रामीण तथा जनप्रतिनिधियों की बातें गंभीरता के साथ सुनते हैं। त्वरित कार्रवाई हेतु प्रयासरत रहते हैं, परंतु ऐसे कर्मठ पदाधिकारियों के होते हुए भी जिला में दलाली व्यवस्था जारी है और इस पर अंकुश नहीं लग पाना आश्चर्य का विषय है। कहा कि ग्रामीणों को कयूम अंसारी लगातार धमकी दे रहा है। जिससे ग्रामीण भयभीत होकर हमारे पास आये है। आखिर कयूम अंसारी किसके संरक्षण से ग्रामीणों को धमकी देने की हिम्मत कर रहा है इसका पता जिला प्रशासन लगाए और ग्रामीणों का पैसा उन्हें वापस दिलाये। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि वह हर परिस्थिति में उनके साथ खड़े रहेंगे और उन्हें न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

## ट्रक ऑनर एसोसिएशन ने सांसद को माइंस व अनलोडिंग क्षेत्रों में व्याप्त समस्याओं से अवगत कराया

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** झारखंड पठारी चंदवा लोहरदगा ट्रक ऑनर एसोसिएशन के संचालन समिति के सदस्यों ने सांसद सुखदेव भगत से मुलाकात कर हिंडालको द्वारा संचालित विभिन्न माइंसो एवं अनलोडिंग परिसर में व्याप्त समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके निदान की मांग रखी। बताया कि विमरला माइंस में रोड की स्थिति बहुत ही दयनीय और जर्जर है। हिंडाल्को के द्वारा अभी एक दो दिनों से रोड मरम्मती कार्य कराया जा रहा है जो सिर्फ खानापूर्ति है। ग्रामीण एवं रैयतों को माइंस हेयरिंग के समय में कंपनी के द्वारा मुंगेरीलाल के हसीन सपने दिखाए जाते हैं जो कभी भी धरातल में कंपनी के द्वारा नहीं उतारा जाता है। ग्रामीण एवं रैयतों को जो मूलभूत सुविधाये मिलनी चाहिए वो उनको नहीं मिल रहा है। माइंस को चालू हुए लगभग 10 साल हो गए हैं फिर भी कंपनी से सिर्फ उन्हें आश्वासन मिलती है। इसके अतिरिक्त गुरदारी माइंस में जमीन संबंधित समस्या को लेकर संचालन समिति के द्वारा कंपनी के वरीय पदाधिकारीयो से वार्ता कर समस्या को समझा गया था। इसके अतरिक्त सभी माइंसो में जर्जर सड़क, अनलोडिंग परिसर की सड़क, सेरंगदाग माइंस सम्बन्धित समस्या, मजदूर, चालक, सहचालको के लिए प्याऊ, कैंटीन और सेड का निर्माण कराने संबधित चर्चा हुई। सीएसआर फंड के तहत स्कूल भवन, छात्रवृत्ति, कोचिंग सेंटर, वोकेशनल सेंटर, एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करानी चाहिए। सांसद ने इन सारी समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए संचालन समिति के सदस्यों को आश्वस्त कराये की बहुत जल्द वह इन समस्याओं के संबंध में हिंडाल्को के वरीय पदाधिकारी से बात कर इन समस्याओं को प्राथमिकता के अनुसार निदान करेंगे। प्रतिनिधि मंडल में संचालन समिति के इरशाद अहमद, अनवर अंसारी, पंकज सिंह, सोनम राज गोलू, गोल्डन कुरैशी, असीम अंसारी बबलू, काजू कुरैशी, खुर्शीद आलम, साजिद खान, आसिफ खान, संजू, विष्णु गुप्ता, अमजद, अबू सुफियान, मोहम्मद मुन्ना, राणा प्रताप सिंह, फिरोज अंसारी, जफर इकबाल, तनवीर अंसारी आदि शामिल थे।

# रांची तक पहुंची लोहरदगा के कुम्हारों की मेहनत की रौशनी

- स्थानीय कारीगरों की चमकी किस्मत, इस बार बढ़ी मिट्टी के दीयों की मांग-परिवारों को मिला आर्थिक संबल

**राहुल कौशल**



### दीयो को बनाने में ज्यादा लागत, लेकिन आमदनी कम : प्रेमकिशोर



**लोहरदगा।** कुम्हार समाज के अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति ने बताया कि "कुम्हार को अब 1200 से 1500 रुपए प्रति ट्रैक्टर मिट्टी खरीदनी पड़ती है। पुआल 4500 से 5000 रुपए प्रति ट्रैक्टर, लकड़ी 700 से 900 रुपये प्रति क्विंटल और कोयला 10 रुपये प्रति किलो के भाव से मिलता है। सौ दीया बनाने में 80 से 90 रुपए खर्च आता है, जबकि बिक्री दर 100 से 120 रुपए प्रति सैकड़ा ही है। इस बार तो लागत बहुत बढ़ गई है, जिससे नुकसान तय है। दीया की कीमत भी महंगी होने की संभावना है।"

**लोहरदगा।** दीपावली का पर्व नजदीक आते ही लोहरदगा जिले के कुम्हार परिवारों के घरों में फिर से रौनक लौट आई है। परंपरागत मिट्टी के दीयों की बढ़ती मांग ने इस लुप्त होती कला में नई जान फूंक दी है। शहर से लेकर गांव तक कुम्हारों के घरों में चाक की घर्र-घर्र आवाज और मिट्टी की सौंधी महक अब खुशहाली का संकेत बन गई है। सहेदा पतराटोली की सुमित्रा देवी ने बताया कि उन्होंने इस बार करीब 30 हजार दीये तैयार किए, जिन्हें रांची बाजार के व्यापारी उनके घर से ही खरीदकर ले गए। वहीं गोपाल प्रजापति ने लगभग 80 हजार दीये बनाए, जिनकी पूरी खेप रांची के व्यापारियों ने खरीद ली। दो अन्य परिवारों ने भी 80 से 90 हजार दीयों की बिक्री की है।

कुछ दीये लोहरदगा के स्थानीय व्यापारियों को भी सप्लाई किए गए हैं। शहर में भी दीया निर्माण का कार्य जोरों पर है। पावरगंज स्थित कुमार मोहल्ला में सूर्यदेव प्रजापति, संजय प्रजापति और रामदेव प्रजापति लगातार कार्यरत हैं। वहीं सरना टोली में मुसको प्रजापति, शिवचरण प्रजापति, जगत प्रजापति, रवि प्रजापति और भदड़ प्रजापति, तथा थाना टोली में करू, राजू, सचिन और प्रवीण प्रजापति इस परंपरागत कला को आगे बढ़ा रहे हैं। गड़ा टोली (ललित नारायण स्टेडियम के सामने) में ट्रस्ट के महासचिव नागेंद्र प्रजापति भी बड़े पैमाने पर दीया निर्माण कर रहे हैं। नागेंद्र प्रजापति ने बताया — "इस बार देशी दीयों की मांग काफी बढ़ी है। रांची और लोहरदगा दोनों जगह से ऑर्डर मिल रहे हैं। एक परिवार औसतन 40 से 50 हजार रुपये तक कमा रहा है। यह आमदनी त्योहार के समय बड़ी राहत लेकर आई है।"लेकिन बढ़ती लागत ने कुम्हारों की चिंताएं भी बढ़ा दी हैं।

स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, इस वर्ष मिट्टी के दीयों की बिक्री में पिछले वर्ष की तुलना में करीब 30 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है और ग्रामीण कारीगरों के जीवन में आर्थिक उजाला फैला है। सुमित्रा देवी मुस्कराते हुए कहती हैं, "पहले लोग प्लास्टिक और इलेक्ट्रिक लाइट खरीदते थे, अब फिर से मिट्टी के दीयों की मांग बढ़ी है। हमारी मेहनत की असली कीमत अब मिल रही है, यही हमारे लिए असली दीपावली है।"

## न्यूज बॉक्स

### उपायुक्त ने राज्य स्तर पर प्रथम स्थान पानेवाले शिक्षक को किया सम्मानित



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने राज्य स्तरीय समृद्धि 2025 कार्यक्रम में पूरे राज्य में प्रथम स्थान पानेवाले शिक्षक मुकेश कुमार यादव को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर समाहरणालय सभाकक्ष में सम्मानित किया। शिक्षक मुकेश कुमार यादव ने 4 अक्टूबर 2025 को उक्त कार्यक्रम में भाग लिया और राज्य में प्रथम स्थान पर रहे। यह कार्यक्रम एनसीईआरटी, नई दिल्ली के समृद्धि कार्यक्रम 2025 के तहत झारखंड शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, रांची द्वारा आयोजित किया गया था। मुकेश कुडु प्रखण्ड के प्लस टू गांधी मेमोरियल उच्च विद्यालय, माराडीह में विज्ञान के शिक्षक हैं। वे राष्ट्रीय स्तर पर आगामी समृद्धि कार्यक्रम 2025 में झारखंड राज्य का नेतृत्व करेंगे।

### लोहरदगा की बेटी को राष्ट्रपति के हाथों सम्मान मिलना गौरव की बात : सांसद



**लोहरदगा।** प्रदीप सिंह ग्राम उगरा जिला लोहरदगा की पुत्री दीक्षा कुमारी ने एनएसएस ( राष्ट्रीय सेवा योजना) में भारत के राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के हाथों 6 अक्टूबर को सम्मानित की गई। दीक्षा कुमारी अपने पिता और बहन के साथ लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत से आकर उनके आवास में मिले ।सांसद ने उसे आशीर्वाद देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना किये। सांसद ने कहा कि लोहरदगा की बेटी को यह सम्मान मिला लोहरदगा ही नहीं वरन पूरे झारखंड की गौरव की बात है। दीक्षा कुमारी ने केंद्र सरकार के योजनाओं जैसे स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, साक्षरता अभियान, महिला सशक्तिकरण, सड़क सुरक्षा, प्रधानमंत्री बीमा योजना जैसे अनेक योजनाओं में काम किया। दीक्षा का दृढ़ संकल्प इच्छा शक्ति और सेवाभाव ही उसे इस सम्मान का हकदार बनाया है। एनएसएस एक ऐसा कार्यक्रम है जो युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्रीय एकता की भावना जागृत करता है। श्री भगत ने कहा कि हमारी बेटियां सभी क्षेत्रों में बेहतर कार्य कर रही है हम सबों को उसे प्रोत्साहन देकर और आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

### सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करनेवालों पर कार्रवाई, बीएस कॉलेज के पास चला जांच अभियान



**लोहरदगा।** उपायुक्त लोहरदगा के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी जया सांखी मुर्मू की उपस्थिति में बीएस कॉलेज के पास ड्रंक एंड ड्राइव, सीट बेल्ट और हेलमेट जांच अभियान चलाया गया। अभियान में सड़क सुरक्षा प्रबंधक अमृतेश्वर गिरी, आरएए कृष्ण कुमार गुप्ता, ट्रैफिक इंचार्ज शिव शंकर मार्डी तथा सुशील सिंह अपने दल-बल के साथ मौजूद थे। इस दौरान जिन वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए नहीं पाया गया, उनके खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान की कार्रवाई की गई। जिला परिवहन पदाधिकारी जया सांखी मुर्मू ने बताया कि यह अभियान लगातार चलाया जाएगा। उन्होंने कहा, लोगों को यह समझना होगा कि हेलमेट और सीट बेल्ट सिर्फ जुर्माने से बचने का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन सुरक्षा का कवच हैं। ड्रंक एंड ड्राइव जैसी प्रवृत्तियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### लक्ष्य प्राप्त करने के लिए खिलाड़ी अनुशासन के साथ खेलें : प्रधानध्यापक

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत हेसवे ग्राम स्थित मध्य विद्यालय के खेल प्रांगण में शुक्रवार से स्व. कुणाल सिंह मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट प्रारम्भ हुआ। आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लिया है। खेल के मुख्य अतिथि मध्य विद्यालय के प्रधानध्यापक सुखुवा उरांव और राष्ट्रीय रेफरी एस सुजुद्दीन रजा द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल प्रारम्भ कराया गया। खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुखुवा उरांव ने कहा कि लक्ष्य प्राप्त करने के लिए खिलाड़ी अनुशासन के साथ खेलें खेल भावना को बनाये रखें अनुशासन के साथ खेलने पर अवश्य ही सफलता मिलेगी। खेल आयोजन समिति के रामजीत यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस टूर्नामेंट को लगातार दस वर्षों से सफलता पूर्वक आयोजित किया जा रहा है। वही टूर्नामेंट का पहला मैच ब्लैक स्टार चरहु और फुटबॉल क्लब हेसवे के बीच खेला गया। जिसमें हेसवे की टीम एक गोल से जीत कर अगले चक्र में प्रवेश किया। मौके पर अर्जुन मिस्त्री,रूपेश यादव,जुवेस कुजूर,राजेश मुंडा, आदित्य मिस्त्री समेत अन्य खेल प्रेमी ग्रामीण उपस्थित थे।


झारखण्ड सरकार

**कारा निरीक्षणालय**

गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड

कार्यालय अधीक्षक, मंडल कारा, लातेहार

E-Mail ID:-dj-latehar@jharkhandmail.gov.in

jailsuperintendent.latehar@gmail.com

Phone No. 06565-247660

**अल्पकालीन ई0–निविदा सूचना**

e-Tender- HJ&DM/DJ-LATEHAR/Q-4/2025/2301

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | मंडल कारा, लातेहार। |
| 2. | विषय | महानिरीक्षक, कारा एवं सुधारात्मक सेवाएँ, झारखण्ड, का पत्रांक–2226, दिनांक–24.09.2025 के निदेशानुसार कारा में संसीमित बंदियों को दी जाने वाली भोजनादी सामग्रियों बढ़ोत्तरी/संशोधन के उपरान्त कुछेक सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई0–निविदा का आमंत्रण। चतुर्थ त्रैमासिक ई0 निविदा दिनांक–01.10.2025 से 31.12.2025 तक। |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | Rs.- 5000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय। | दिनांक–14.10.2025 से दिनांक–18.10.2025 के अपराह्न 05.00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online Upload करने की तिथि। | दिनांक–14.10.2025 से दिनांक–18.10.2025 के अपराह्न 05.00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि। | दिनांक–21.10.2025, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 7. | अग्रधन राशि (EMD)(Rs.- 2500/–.से अधिक होने पर जमा करने की तिथि) | दिनांक–21.10.2025, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 8. | निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान | दिनांक–25.10.2025, को पूर्वाह्न 11.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्त्ता, लातेहार की उपस्थिति में। |

नोट :–

1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा, लातेहार के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online Upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No.- 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0– अधीक्षक,
मंडल कारा, लातेहार

PR 363823 Prison (25-26)_D

# न्यूज बॉक्स

## साप्ताहिक जनशिकायत निवारण दिवस शिविर का आयोजन



**सिसई (गुमला)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनशिकायत निवारण दिवस शिविर का किया गया आयोजन। शिविर में प्रखण्ड क्षेत्र के दूर दराज के गांवों से आए ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं से जुड़े आवेदन प्राप्त किए गए। पेंशन योजना से संबंधित - 07, मंईया सम्मान योजना से संबंधित - 05 कुल प्राप्त आवेदनों की संख्या 12 थी। जिसमें से सभी आवेदनों पर कार्रवाई करते हुए त्वरित निष्पादन किया गया। मौके पर अंचल अधिकारी अशोक बड़ाइक, प्रधान सहायक राकेश कुमार सुमन, अंचल निरीक्षक चंदरू उरांव, कर्मचारी प्रकाश उरांव, मुनेश्वर सिंह, दीपक उरांव, कंप्यूटर ऑपरेटर बजरंग साहु सहित प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के सभी कर्मी एवं ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## विश्व दृष्टि दिवस पर में निकली जागरूकता रैली, नेत्र जांच के लिए लोगों से की गई अपील




**गुमला।** स्वास्थ्य विभाग, गुमला द्वारा 26वां विश्व दृष्टि दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन कार्यालय परिसर से जागरूकता रथ एवं रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ. शंभूनाथ चौधरी, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. धनुंजय सुब्रमई, एवं सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. अनुपम किशोर ने संयुक्त रूप से किया। इस वर्ष विश्व दृष्टि दिवस का थीम "अपनी आँखों से प्यार करें" (लव योर आईज) रखा गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ. शंभूनाथ चौधरी ने कहा कि आंखें हमारे जीवन की सबसे मूल्यवान देन हैं, इसलिए उनकी देखभाल अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि "हर व्यक्ति को नियमित रूप से अपनी आंखों की जांच करानी चाहिए ताकि किसी भी प्रकार की समस्या का समय पर निदान हो सके।" उन्होंने विशेष रूप से अभिभावकों से अपील की कि 6 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों की नेत्र जांच अवश्य कराएं, ताकि बाल्यावस्था में अंधत्व या दृष्टि दोष से बचाव संभव हो सके। नेत्र चिकित्सक डॉ. बट्सव लाल ने कहा कि "40 वर्ष से अधिक उम्र वाले व्यक्तियों को वर्ष में कम से कम दो बार नेत्र जांच अवश्य करानी चाहिए।" उन्होंने बताया कि इस उम्र में मोतियाबिंद और मधुमेह से जुड़ी नेत्र समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं, जिनका समय पर उपचार आवश्यक है। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम समन्वयक अभिनित आनंद, जिला लेखा प्रबंधक प्रमोद कुमार, जिला आशा फैसिलिटेटर रामाकांत, राजेंद्र इंदवार, अंजली राजेंद्रन, सहिया कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## विभिन्न आयुष ग्रामों में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व औषधि वितरण अभियान आयोजित




**गुमला।** जिला आयुष समिति, गुमला द्वारा 10 अक्टूबर 2025 को जिले के विभिन्न आयुष ग्रामों में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत बड़काडीह, देवाकी, नवडीहा, नगर (सिसई), जमगाई और रेड़वा में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और आवश्यक औषधियाँ वितरित की गईं। आयुष ग्राम रेड़वा 69 रोगी, नगर (सिसई) 72 रोगी, नवडीहा 116 रोगी, बड़काडीह 130 रोगी। ग्रामीणों को आयुष चिकित्सा पद्धति से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें संतुलित जीवनशैली अपनाने तथा प्राकृतिक उपचार पद्धति को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। जिला आयुष समिति ने बताया कि इस तरह के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन लगातार जारी रहेगा, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा सके।

## भरनो प्रखंड में लाभुकों को पीपीओ वितरण

**भरनो।** भरनो प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को बीडीओ अरुण कुमार सिंह की पहल पर लाभुकों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत पीपीओ (पेंशन भुगतान आदेश) वितरित किए गए। इस अवसर पर समाजसेवी एवं कांग्रेस नेता पतितपावन शाही ने प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय में लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। शिबू उरांव, हेटटोली गांव निवासी, को सर्वजन पेंशन योजना के तहत पीपीओ प्रदान किया गया। इसके साथ ही बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 22,000 का लाभ दिलाने हेतु उनका आवेदन जिला कल्याण पदाधिकारी, गुमला को अनुशंसा सहित अग्रसारित किया। रिकीमुनि कुमारी, मदनपुर गांव निवासी, को मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना अंतर्गत विधवा पेंशन का पीपीओ प्रदान किया गया। इसके अलावा उनके बच्चों की शिक्षा हेतु बाल विकास परियोजना के तहत प्रति माह 4,000 का लाभ सुनिश्चित करने के लिए आवेदन जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, गुमला को भेजा गया। साथ ही, सामाजिक हित लाभ के तहत 20,000 का लाभ दिलाने के लिए आवेदन सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा, गुमला को अग्रसारित किया गया। पीपीओ वितरण और योजनाओं के लाभ से लाभुक अत्यंत संतुष्ट नजर आए। उन्होंने बीडीओ अरुण कुमार सिंह और समाजसेवी पतितपावन शाही का आभार व्यक्त किया। बीडीओ ने इस अवसर पर कहा कि प्रखंड कार्यालय सभी लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं का सही और शीघ्र लाभ पहुँचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## पालकोट में किसान संघ की बैठक, कृषि व पशुपालन के प्रति लिया संकल्प

**पालकोट।** ग्राम कॉलोनी चरका टांगर में शुक्रवार सुबह 7 बजे किसान संघ की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता सीताराम बड़ाईक ने की। बैठक में किसान संघ के संरक्षक खिलोधर साहू ने कहा कि किसान केवल कृषि और पशुपालन के माध्यम से ही आगे बढ़ सकते हैं, और अपने मवेशियों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि संघ के सभी सदस्य साल भर खेती और पशुपालन में पूरी तत्परता से लगे रहेंगे। बैठक में किसान संघ के संरक्षक खिलोधर साहू, जयप्रकाश मुंडा, बधिमा पंचायत सचिव आनंद बड़ाईक, सह सचिव सावन लोहरा, कॉलोनी अध्यक्ष सुमित बड़ाईक, सचिव कवि बड़ाईक, टेपसा टोली ग्राम प्रधान सावना पहान, प्रभु इंदवार, अजय किंडो सहित अन्य किसान उपस्थित थे। गणपति बड़ाईक, सुदीप खाखा, सुकरा बड़ाईक, सतपाल बड़ाईक, नारायण बड़ाईक, जयराम बड़ाईक, संजू बड़ाईक, आशीष बड़ाईक, कंदू साहू, तेजू बड़ाईक व अन्य प्रमुख उपस्थित लोग थे।

**बैठक में सभी उपस्थित किसानों ने निम्नलिखित संकल्प लिया :** बैल और बकरी साल भर चराएंगे, खेती और बाड़ी साल भर नियमित करेंगे, अपना आय स्वयं अर्जित करेंगे, पशु पालन स्वयं करेंगे। अपने बच्चों को स्कूल भेजेंगे, बैठक के अंत में कॉलोनी अध्यक्ष सुमित बड़ाईक ने सभी का धन्यवाद करते हुए बैठक समाप्त की।

### जिला प्रशासन ने अवैध शराब निर्माण व बिक्री के खिलाफ चलाया विशेष तलाशी अभियान

# 38 लीटर महुआ शराब व 60 किलो जावा बरामद

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार और अधीक्षक, उत्पाद गुमला के पर्यवेक्षण में जिले में अवैध मद्य निर्माण एवं बिक्री के खिलाफ विशेष तलाशी अभियान जारी है। इसी क्रम में जिला उत्पाद विभाग की टीम ने घाघरा थाना क्षेत्र के ग्राम बेलगाढा, अरांगी, ग्रेनिया और सिसई थाना क्षेत्र के सिसई हाट बाजार में सघन अभियान चलाया। अभियान के दौरान लगभग 38 लीटर अवैध चुलाई महुआ शराब और करीब 60 किलो तैयार जावा महुआ बरामद किया गया। बरामद जावा महुआ को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया, ताकि इसे पुनः उपयोग में न लाया जा सके।

**हिरासत व कानूनी कार्रवाई**

जांच के दौरान अत्यल्प मात्रा में अवैध शराब निर्माण पाए जाने के कारण चार व्यक्तियों को हिरासत में लेकर उनसे संधान शुल्क वसूलने के बाद मुक्त किया गया। वहीं, सिसई हाट बाजार में जब्त उत्पाद शराब के मामले में अज्ञात अभियोग दर्ज किया गया।

इस अभियान का नेतृत्व अवर निरीक्षक उत्पाद प्रदीप करमाली ने किया। अभियान में उत्पाद सिपाही विकास कुमार निराला, गृह रक्षा वाहिनी के सशस्त्र जवानों व अन्य संबंधित कर्मी सक्रिय रूप से शामिल रहे।

## निदेशक लेखा प्रशासन ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** निदेशक, लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन विद्या भूषण कुमार ने शुक्रवार को सदर अस्पताल, गुमला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की स्वच्छता, चिकित्सक एवं कर्मचारियों की उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता, प्रसव सुविधा, आपातकालीन सेवाएं और रोगी संतुष्टि सहित सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। निरीक्षण में अस्पताल की स्वच्छता और व्यवस्था सामान्य पाई गई। सर्जिकल वार्ड, ऑपरेशन थिएटर, किचन और लेबर रूम साफ-सुथरे मिले। ओपीडी में अपराह्न 4 बजे तक 655 मरीजों का निबंधन एवं 16 आयुष्मान कार्ड निर्गत किए गए। अस्पताल में 56 प्रसवोत्तर, 36 पुरुष, 40 सर्जिकल, 17 महिला और 22 शिशु वार्ड में मरीज भर्ती थे। जन औषधि केंद्र में लगभग 70 प्रकार की दवाएं उपलब्ध पाई गईं और आपातकालीन सेवा 24x7 सक्रिय रही। अस्पताल ने 85 मरीजों को एम्बुलेंस सुविधा प्रदान की। कुल 46 सीसीटीवी कैमरे कार्यरत पाए गए और मरीजों ने उपचार से संतोष व्यक्त किया। निरीक्षक ने चिकित्सकों की कमी दूर करने और अस्पताल की सेवाओं को और सुदृढ़ बनाने हेतु आवश्यक कार्रवाई की अनुशंसा की।

### सीएसआर गतिविधियों की विशेष समीक्षा बैठक संपन्न

## हिंडाल्को जिले के विकास के लिए ठोस कदम उठाए : डीडीसी



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार शुक्रवार को डीडीसी दिलेश्वर महत्तो की अध्यक्षता में सीएसआर (कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी) गतिविधियों की विशेष समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में हिंडालको कंपनी के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। डीडीसी ने हिंडालको कंपनी को निर्देश दिए कि कंपनी सीएसआर निधि का उपयोग जिले के सर्वांगीण विकास हेतु करे। उन्होंने कहा कि खनन क्षेत्र में आजीविका संवर्धन के लिए नींबू, मिर्च, आम, लीची जैसी फसलों की खेती को बढ़ावा दिया जाए। हिंडालको के प्रतिनिधियों ने बताया कि कंपनी सीएसआर के तहत टीबी मरीजों को गोद लेकर उनके पोषण और स्वास्थ्य का ध्यान रख रही है। इसके अंतर्गत चिन्हित मरीजों को पोषण टोकरी, दवाइयां और खाद्य पैकेट उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

बैठक में जिला योजना पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला बागवानी पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, सामान्य शाखा पदाधिकारी तथा हिंडालको कंपनी के प्रतिनिधि और संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**प्रमुख निर्देश व योजनाएं**

- आंगनवाड़ी केंद्रों और विद्यालयों की मरम्मत कराई जाए।
- जल मीनारों की मरम्मत सूची उपलब्ध कराई जाए।
- पाट क्षेत्र में पेयजल समस्या समाधान के लिए पानी उठाने की सुविधा विकसित की जाए।
- खनन क्षेत्र के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में बाल चित्रकारी कराई जाए।

## झारखंड राज्य पेंशनर समाज की मासिक बैठक संपन्न

**भरनो।** प्रखंड परिसर स्थित पेंशनर भवन में शुक्रवार को झारखंड राज्य पेंशनर समाज, प्रखंड शाखा भरनो की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष कपिलेश्वर सारंगी ने की। बैठक के दौरान कपिलेश्वर सारंगी ने कहा कि पेंशनरों को वयोवृद्ध अवस्था में भी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिसका मुख्य कारण संबंधित सरकारी कार्यालयों में पदाधिकारियों की लापरवाही और असंवेदनशील रवैया है। उन्होंने कहा कि रिटायरमेंट के बाद भी हमने समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, इसलिए हमारी समस्याओं का समाधान करना सरकार और प्रशासन दोनों की जिम्मेदारी है। बैठक में उपस्थित अन्य सदस्यों ने भी पेंशन वितरण, चिकित्सा सुविधा, और विभागीय अनियमितताओं जैसी समस्याओं पर अपनी बातें रखीं और शीघ्र समाधान की मांग की। बैठक के पश्चात उपस्थित पेंशनरों ने सिमडेगा जिला पेंशनर समाज के अध्यक्ष स्वर्गीय बेंजामिन लकड़ा, जो झारखंड के भूतपूर्व महालेखाकार रहे थे, के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।

### एलआरडीसी ने भरनो प्रखंड के डोंबा पंचायत का किया निरीक्षण

## आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूल व मनरेगा कूप की स्थिति का लिया जायजा, संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**भरनो।** भरनो प्रखंड के डोंबा पंचायत में शुक्रवार को एलआरडीसी राजीव कुमार ने आंगनबाड़ी केंद्र, सरकारी विद्यालय, आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं मनरेगा योजना के तहत निर्मित सिंचाई कूप का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागीय योजनाओं की स्थिति का गहनता से अवलोकन किया और कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण की शुरुआत एलआरडीसी ने डोंबा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र से की। उन्होंने पाया कि छोटे बच्चे केंद्र के बाहर खेल रहे थे और केंद्र सड़क किनारे स्थित है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उन्होंने पंचायत सचिव को निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी केंद्र के चारों ओर बांस से तत्काल घेराबंदी कराई जाए ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। साथ ही, पानी की समस्या देखते हुए उन्होंने खराब जलमीनार की मरम्मत कराने का आदेश दिया। इसके बाद एलआरडीसी राजीव कुमार ने सरकारी स्कूल का निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षण कार्य का जायजा लिया और शिक्षकों की उपस्थिति की जांच की। विद्यालय के प्रधानाध्यापक (एचएम) ने विद्यालय परिसर में बाउंड्री वॉल निर्माण की मांग रखी। साथ ही, डेपुटेशन पर गए एक शिक्षक को वापस विद्यालय में भेजे जाने का अनुरोध किया गया, जिस पर एलआरडीसी ने सकारात्मक आश्वासन दिया। एलआरडीसी ने मनरेगा योजना अंतर्गत लाभुक नेहरू उरांव के सिंचाई कूप का भी निरीक्षण किया। कूप निर्माण पूर्ण पाया गया, लेकिन फंड के अभाव में सामग्री भुगतान लंबित था। उन्होंने संबंधित कर्मियों को शीघ्र भुगतान की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान बीपीओ मो. वसीम, जेई ब्रजेश उरांव, पंचायत सचिव बासदेव राय, मुखिया पूजा कुमारी सहित संबंधित विभागों के कई कर्मी उपस्थित थे। एलआरडीसी ने अधिकारियों से कहा कि सरकारी योजनाओं की गुणवत्ता और पारदर्शिता पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि आम जनता को इसका सीधा लाभ मिल सके।

**आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर लापरवाही पर नाराजगी**

निरीक्षण के क्रम में आयुष्मान आरोग्य मंदिर बंद पाया गया। मौके पर कोई भी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित नहीं थे। इस पर नाराजगी जताते हुए एलआरडीसी ने संबंधित सीएचओ और एएनएम को शो कॉज नोटिस जारी करने की बात कही और नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### भरनो में चला सघन सड़क सुरक्षा अभियान

## 85 वाहन चालकों पर कार्रवाई, 1.52 लाख का जुर्माना वसूला

नवीन मेल संवाददाता



**भरनो (गुमला)।** जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से शुक्रवार को गुमला जिला प्रशासन की ओर से एक सघन सड़क सुरक्षा जांच अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई गुमला उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एनएच-23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग स्थित भरनो थाना के समीप की गई। अभियान का नेतृत्व जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) ज्ञान शंकर जायसवाल ने किया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 85 से अधिक वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई तथा उनसे कुल 1,52,000 (एक लाख बावन हजार रुपए) का जुर्माना वसूला गया। डीटीओ ज्ञान शंकर जायसवाल अपनी टीम एवं भरनो थाना पुलिस बल के साथ पूरे दिन मुख्य मार्ग और चौराहों पर तैनात रहे। इस दौरान हेलमेट और सीट बेल्ट की अनिवार्यता पर विशेष ध्यान दिया गया। दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य, जबकि चारपहिया चालकों के लिए सीट बेल्ट, लाइसेंस और वैध कागजात अनिवार्य रूप से जांचे गए। डीटीओ जायसवाल ने कहा कि सड़क सुरक्षा में लापरवाही किसी की जान ले सकती है, इसलिए नियमों का पालन हर नागरिक का कर्तव्य है। डीटीओ ज्ञान शंकर जायसवाल ने मौके पर ही वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में बताया और भविष्य में नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि "जुर्माना केवल दंड नहीं, बल्कि जीवन बचाने की चेतावनी है।" अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस सघन जांच अभियान में भरनो थाना प्रभारी कंचन प्रजापति, डीटीओ कार्यालय के कर्मी और भरनो थाना पुलिस बल प्रमुख रूप से शामिल रहे।

**अभियान के दौरान जिन प्रमुख मामलों में चालान काटे गए, उनमें शामिल हैं**

- बिना हेलमेट गाड़ी चलाना और ट्रिपल राइडिंग
- तेज गति और नशे में वाहन चलाना (ड्रिंक एंड ड्राइव)
- बिना वैध कागजात, लाइसेंस, इंश्योरेंस, परमिट या पीयूसी के वाहन चलाना
- अनधिकृत प्रेशर हॉर्न या मल्टी-टोन हॉर्न का उपयोग
- ट्रक, हाइवा और पिकअप वाहनों में ओवरलोडिंग करना

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 10 अक्टूबर को जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला मानसिक स्वास्थ्य केंद्र, गुमला के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित करना और समाज में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों को लेकर सकारात्मक सोच विकसित करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ. शंभूनाथ चौधरी ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव और चिंता सामान्य हो गए हैं, इसलिए हर व्यक्ति को अपने मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना जरूरी है। विशिष्ट अतिथि अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. धनुंजय सुम्ब्रई ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से निपटने के लिए हमें सामूहिक प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि "मानसिक बीमारियों को छिपाने की नहीं, समझने और मिलकर समाधान खोजने की आवश्यकता है।" सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. अनुपम किशोर ने अपने संबोधन में कहा कि मानसिक स्वास्थ्य हमारे जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। उन्होंने सभी को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील और सजग रहने की अपील की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने मानसिक स्वास्थ्य को लेकर समाज में जागरूकता फैलाने और सहयोग की भावना से कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जन-जागरूकता फैलाएगा।

### डाईर जतरा की तैयारी व कमिटी गठन को लेकर बैठक

## दीपावली के दूसरे दिन धूमधाम से मनाया जाएगा पारंपरिक डाईर जतरा

नवीन मेल संवाददाता



**भरनो।** दक्षिणी भरनो पंचायत के टंगराटोली स्थित डाईर जतरा टांड में शुक्रवार को आगामी डाईर जतरा की तैयारी एवं कमिटी गठन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान तेतरा पहान ने की। बैठक में पूर्व मुखिया मुकेश उरांव ने कहा कि दीपावली के अवसर पर लगने वाले इस डाईर जतरा को हर साल की भांति इस वर्ष भी धूमधाम और पारंपरिक तरीके से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जतरा दीपावली के दूसरे दिन आयोजित किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी पशुपालक किसान अपने गाय-बैल लेकर आएंगे और उन्हें सजाकर डाईर में शामिल करेंगे। साथ ही, भरनो के सातों सरना के पड़हा खोड़हा दल पारंपरिक गीत और नृत्य की प्रस्तुति देंगे, जिससे उत्सव का रंग और भी जीवंत होगा। बैठक में जतरा कमिटी का गठन भी किया गया। अध्यक्ष मुकेश उरांव, उपाध्यक्ष रंजीत उरांव, सचिव सुरेश उरांव, उपसचिव मनशा उरांव, कोषाध्यक्ष चिमनी उरांव, उपकोषाध्यक्ष सुकरमनी उरांव, बाकी उपस्थित लोगों को कमिटी सदस्य बनाया गया। इस अवसर पर पूर्व मुखिया सूरजमनी उरांव, मुकेश उरांव, तेतरा पहान, एतवा उरांव, ललित उरांव, लधूवा उरांव, बप्पी उरांव सहित ग्रामीणों की बड़ी संख्या उपस्थित रही। अन्य प्रमुख उपस्थित लोग थे – सुदर्शन महली, बिरसा उरांव, लुथरु उरांव, मनीनाथ लोहरा, तेजुवा उरांव, सोमरा उरांव, नगवा पहान, जोगी उरांव, रंजीत महतो, और कई अन्य ग्रामीण। ग्रामीणों ने उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि इस वर्ष डाईर जतरा पारंपरिक परंपरा और रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा, और सभी लोग इसे बड़ी धूमधाम से आयोजित करेंगे।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा 822114**
**email : principal.itigarhwa@gmail.com**

**रिक्त सीटों पर Spot Round Admission हेतु**
**सत्र 2025–26–27 में नामांकन से संबंधित सूचना**

निदेशालय पत्रांक– 1434, दिनांक– 09.10.2025 के निर्देशानुसार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नगर ऊंटारी, गढ़वा में सत्र 2025–26–27 में बचे हुए रिक्त सीटों पर नामांकन हेतु ऑनलाईन On Spot Registration एवं Online Admission के द्वारा उपलब्ध व्यवसायों में प्रवेश के निमित्त इच्छुक उम्मीदवारों ने अभी तक कहीं भी नामांकन नहीं लिया है वैसे अभ्यार्थियों का **दिनांक 17 अक्टूबर 2025** को **शाम 5.00 बजे** तक **पहले आवो पहले पावो** के आधार पर नामांकन किया जाएगा। जिन अभ्यर्थी को ITI में नामांकन लेना है उनको सभी वांछित दसतावेजों क) प्रवेशिका अंक पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (ख) कंडिका 7 में वर्णित अद्यतन आवासीय प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (ग) आयु के निर्धारण के लिए केवल माध्यमिक/10वाँ समकक्ष परीक्षा के मूल/औपबंधिक प्रमाण–पत्र, (घ) जाति प्रमाण–पत्र की अद्यतन स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (च) सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण–पत्र (दिव्यांग कोटि के लिये) की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (छ) जिला सैनिक परिषद् द्वारा निर्गत आश्रित प्रमाण–पत्र (भूतपूर्व सैनिक कोटि के लिए) की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति (मूल प्रति एवं छायाप्रति) (ज) छः पासपोर्ट साइज का फोटो (झ) मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र लेकर आना अनिवार्य है।

| SL. No | Name of the ITI | Name of the Trade | Place of Admission | Contact no. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Govt. ITI, Garhwa | Information Technology, Electronics Mechanic, MMV, Turner, COPA & Welder | Govt. ITI, Garhwa | , 79923112656 205271405 |
| 2 | Govt. ITI , Nagar Untari | Fitter, Mechanic Diesel, Welder | | |

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,गढ़वा

PR 363872 Labour Employment and Traning(25-26).D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

अंतरात्मा की वाणी, जो कि ईश्वर की वाणी है, का सदा अनुसरण करके आप एक सच्चे चरित्रवान व्यक्ति, एक उच्च कोटि के आध्यात्मिक व्यक्ति, शांति के एक मसीहा बन सकते हैं। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

# अमेरिकी दबाव का विकल्प निकालता भारत

ब्रिटेन के पीएम भारत में हैं और रूस चीन से लेकर अफगानिस्तान तक से संपर्क बढ़ाकर भारत ट्रंप के आगे झुकने से इंकार कर चुका है। उद्योग निकाय 50 फीसदी टैरिफ को 'कयामत का दिन' बता रहे हैं। निर्माता अपने कारोबार को बनाए रखने के लिए दुबई और मेक्सिको जैसे वैकल्पिक विनिर्माण और व्यापार केंद्रों की तलाश कर रहे हैं। टैरिफ वृद्धि से भारत के ऑटो पार्ट्स निर्यात का लगभग आधा हिस्सा प्रभावित होगा, विशेष रूप से वाणिज्यिक वाहनों और भारी मशीनरी के कलपुर्जे, जिससे उन्हें अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले काफी नुकसान होगा। टैरिफ से निर्यात में कमी आने का खतरा है, जिससे घरेलू अधिशेष पैदा होगा और कृषि उत्पादों की कीमतें गिर सकती हैं। बासमती चावल और कपास जैसी वस्तुएं अत्यधिक जोखिम में हैं, और शुरुआती अनुमानों से निर्यात में कमी और भविष्य में उत्पादन क्षेत्र में कमी का संकेत मिल रहा है। मजबूत घरेलू मांग, लचीले सेवा निर्यात और कुल जीडीपी में निर्यात की अपेक्षाकृत छोटी हिस्सेदारी के कारण भारत की जीडीपी वृद्धि पर समग्र रूप से मध्यम प्रभाव माना जा रहा है, पर रिजर्व बैंक और एडीबी जैसे प्रमुख संस्थानों ने 'टैरिफ के जोखिमों' का हवाला देते हुए विकास पूर्वानुमानों को घटाया है। अमेरिकी टैरिफ से उत्पन्न 'रणनीतिक अनिश्चितता' के जवाब में, भारत बातचीत, बाजार विविधीकरण और घरेलू समर्थन पर केंद्रित एक बहुआयामी रणनीति अपना रहा है। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा व्यक्त भारत का आधिकारिक रुख 'रचनात्मक है, न कि आक्रामक', लेकिन साथ ही यह भी कहा गया है कि राष्ट्र 'न तो झुकेगा और न ही कभी कमजोर दिखेगा।' गतिरोध को सुलझाने और टैरिफ को कम करवाने के लिए भारत लगातार अमेरिका के साथ बातचीत कर रहा है। अमेरिकी अधिकारियों ने संकेत दिया है कि व्यापार वार्ता महत्वपूर्ण चरण में है। यह वार्ता जटिल है, जिसमें व्यापार से जुड़े पारस्परिक टैरिफ और भारत द्वारा रूस से तेल खरीद जैसे दोहरे मुद्दे शामिल हैं। भारत अमेरिका के साथ अमेरिकी कृषि और डेयरी उत्पादों के लिए बाजार पहुंच जैसे पेचीदा मुद्दों पर बात कर रहा है। नई दिल्ली अपने घरेलू किसानों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। समग्र निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार के लिए भारत अपनी टैरिफ संरचना को युक्तिसंगत बनाने का भी प्रयास कर रहा है। एक ही प्रमुख बाजार पर निर्भरता के जोखिमों को समझते हुए भारत अपनी दीर्घकालीन रणनीति के तहत बाजार और उत्पाद का विविधिकरण कर रहा है। भारतीय निर्यातक तेजी से नए मंतव्यों का रुख कर रहे हैं। इसमें यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, जापान, पश्चिम एशिया, आसियान और अफ्रीका जैसे बाजारों के साथ गहरा जुड़ाव भी शामिल है। सरकार अपने उत्पादों के लिए तरजीही पहुंच सुनिश्चित करने की खातिर यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप दे रही है। वैश्विक व्यापार व्यवस्था को सहयोगात्मक रूप से बहाल करने तथा वैकल्पिक व्यापार नेटवर्क बनाने के लिए ब्रिक्स जैसे संगठनों के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने की वकालत की जा रही है।



***टैरिफ से निर्यात में कमी आने का खतरा है, जिससे घरेलू अधिशेष पैदा होगा और कृषि उत्पादों की कीमतें गिर सकती हैं। बासमती चावल और कपास जैसी वस्तुएं अत्यधिक जोखिम में हैं, और शुरुआती अनुमानों से निर्यात में कमी और भविष्य में उत्पादन क्षेत्र में कमी का संकेत मिल रहा है।***

### लोकनायक जयप्रकाश नारायण की 123वीं जयंती पर विशेष

# जेपी के विचारों का झारखंड के युवा छात्र नेताओं पर गहरा प्रभाव पड़ा था



लोकनायक जयप्रकाश नारायण का झारखंड के युवा छात्र नेताओं से बहुत ही गहरा लगाव था। 1974 के दौरान देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के तानाशाही शासन के विरुद्ध जब जयप्रकाश नारायण ने राष्ट्रव्यापी आंदोलन छेड़ा था, तब उनका कई बार झारखंड की धरती पर आगमन हुआ था। इस दौरान लाखों की संख्या में युवा छात्र नेतागण उनसे जुड़ गए थे। जे.पी. के विचारों का युवा छात्र नेताओं पर बहुत ही गहरा असर हुआ था। उक्त आंदोलन के पचास साल बीत जाने के बाद भी नेताओं पर उनके विचारों का असर देखा जा सकता है। इस आंदोलन से पूर्व जब संपूर्ण देश में ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ राष्ट्रव्यापी आंदोलन चल रहा था, तब जे.पी एक मजबूत सिपाही की तरह झारखंड के विभिन्न जिलों में आते रहे और अंग्रेजों के खिलाफ हुंकार भरते रहे थे। स्वाधीनता संग्राम के दौरान जे.पी को हजारीबाग सेंट्रल जेल में बंद किया गया था ।9 अक्टूबर 1942 को जे.पी. हजारीबाग सेंट्रल जेल से भागे थे।

देश की आजादी के बाद 1972 - 73 में जयप्रकाश नारायण ने इंदिरा गांधी के तानाशाही कदम का विरोध किया था, तब उनके आह्वान पर झारखंड के गौतम सागर राणा, अशोक यादव, अशोक गुप्ता, नेहरू यादव, अर्जुन यादव स्वरूप चंद जैन, मनोज ठाकुर, प्रोफेसर संतोष प्रसाद, दीपक गुप्ता, आदि कई नेता इस आंदोलन से जुड़े थे। 1975 में इमरजेंसी में हजारीबाग के स्वर्गीय काशी लाल अग्रवाल, बृजमोहन केसरी, गौतम सागर राणा स्वर्गीय अशोक गुप्ता, स्वर्गीय नेहरू यादव, अर्जुन यादव आदि युवा नेता गिरफ्तार हुए थे। ये सभी मीसा के तहत गिरफ्तार हुए थे। आपातकाल के दौरान भी झारखंड के विभिन्न जिलों में इंदिरा गांधी के विरुद्ध जनसभाएं होती रही थी। इस दौरान इंदिरा गांधी का पुतला बनाकर भी जलाया गया था। इमरजेंसी के दौरान ही सरस्वती पूजा के समय छात्रों ने इंदिरा गांधी के तानाशाही के विरुद्ध झांकी भी प्रदर्शन किया गया था। कई झांकियों को पुलिस द्वारा जबरदस्ती रोक दिया गया था ।कई छात्रों को गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया गया था। 1974 में जब लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने पटना के ऐतिहासिक मैदान से संपूर्ण क्रांति का आह्वान किया था, तब हजारों की संख्या में झारखंड से युवा छात्र नेता सहित विभिन्न दलों के नेता सम्मिलित हुए थे।

जे.पी. आंदोलन के दौरान झारखंड की धरती पूरी तरह युद्ध रत थी। झारखंड स्वाधीनता विचार मंच के अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि जब संपूर्ण देश में जे.पी. के आह्वान पर छात्र एक जुट होकर इंदिरा शासन के विरुद्ध में खड़े हो गए थे । तब मैं मैट्रिक का छात्र था। पुलिस ने जब हम छात्रों पर लाठी चार्ज किया था, तब मैं भी एक पत्थर उठाकर उन पर फेंका था। यह स्थिति झारखंड के हर जिलों में उत्पन्न हो गई थी। झारखंड के लगभग छात्र जे.पी. के इस आंदोलन के साथ थे । आज उन्हीं के विचारों को गति देते हुए झारखंड स्वाधीनता विचार मंच के माध्यम से प्रांत के स्वाधीनता सेनानियों को स्मरण करता रह रहा हूं।

देश की आजादी के पूर्व एक स्वाधीनता सेनानी के रूप में जे..पी.ने जो अदम्य साहस का परिचय दिया था, सदा सदा के लिए इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया ।जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में देश की अधिकांश विपक्षी पार्टियों का जनता दल में विलय हो गया था। आपातकाल की घोषणा के बाद जब 1977 में देश में लोक सभा चुनाव हआ, तब देश की जनता ने जनता दल को भारी मतों से विजयी बनाया था। 1977 में केंद्र में जनता दल के नेतृत्व में बनी सरकार में मोरारजी देसाई देश के प्रधानमंत्री और अटल बिहारी वाजपेई विदेश मंत्री बने थे । तब राजनीतिक गलियारे में ऐसी चर्चा हुई थी कि जयप्रकाश नारायण को देश का राष्ट्रपति बनाया जाए, लेकिन जे.पी. ने इस प्रस्ताव को सीधे अस्वीकार कर दिया था। लोकनायक जयप्रकाश नारायण इस धरा पर मात्र 77 वर्षों तक जीवित रहे थे। 11 अक्टूबर 1902 में उनका जन्म और 8 अक्टूबर 1979 में उनकी मृत्यु हो गई थी। 1965 में उन्हें लोक सेवा के लिए रेमोन मैग्सेसे अवार्ड से नवाजा गया था। 1999 में मरणोपरांत उन्हें के बाद भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।

आज की बात



**विजय केसरी**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर जयप्रकाश नारायण का भारतीय राजनीति में प्रवेश हुआ था। उन्होंने 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में महती भूमिका अदा की थी । जयप्रकाश नारायण आजीवन सत्य अहिंसा के पैरोकार रहे थे। महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के विचार को आजीवन जन-जन तक पहुंचाते रहे थे । उन्होंने महात्मा गांधी से ही सर्वोदय की शिक्षा ली थी। 15 अगस्त 1947 को जब देश को आजादी मिली थी, तब उन्होंने सत्ता से दूर रहकर सर्वोदय आंदोलन को चलाने का संकल्प लिया था। वे जीवन के अंतिम क्षणों तक इस आंदोलन से जुड़े रहे थे। वे देश के एक जाने-माने विचारक के रूप में भी जाने जाते रहे थे। देश की आजादी के बाद वे बराबर सामाजिक और राजनीतिक मंचों से अपने विचारों को आम जनता तक पहुंचाते रहे थे।

वे एक सच्चे समाजवादी नेता थे । आज की नई पीढ़ी के नेताओं को समाजवाद कि सीख लोकनायक जयप्रकाश नारायण से लेनी चाहिए। जयप्रकाश नारायण सक्रिय राजनीति में रहने के बावजूद लोक सेवा को ही अपना मार्ग चुना था। वे चाहते तो देश के प्रधानमंत्री से लेकर राष्ट्रपति के शीर्ष पद पर आसीन हो सकते थे। लेकिन वे स्वयं को सत्ता की राजनीति से दूर रखकर लोक सेवा के ही मार्ग पर आजीवन चलते रहे थे। आज की बदली राजनीतिक परिपेक्ष्य में यह लिखना जरूरी समझता हूं कि देश में होने वाले लोकसभा और प्रांतों में होने वाले विधानसभा चुनावों में टिकट लेने के लिए नेताओं की बाढ़ सी लग जाती है। लगभग सभी नेता सभी विधायक और सांसद बनना चाहते हैं। ऐसा होने से राजनीति से लोक सेवा खत्म सी हो गई है। भारत में राजनीति का सूत्रपात स्वाधीनता आंदोलन से शुरू हुआ था। स्वाधीनता आंदोलन से जुड़े नेताओं का एक ही परम लक्ष्य था कि जैसे भी हो ब्रिटिश हुकूमत को भारत की धरती से खदेड़ा जाए। भारत एक संप्रभु राष्ट्र बने। तब के नेताओं में आज की तरह सत्ता के लिए इतना कूद फांद नहीं था। देश की आजादी के बाद लाखों स्वाधीनता सेनानियों ने पेंशन भी लेना स्वीकार नहीं किया था। लाखों स्वाधीनता सेनानी अपने-अपने कामों में वापस लौट गए थे।

संपूर्ण क्रांति, जयप्रकाश नारायण का विचार व नारा था। जिसका आह्वान उन्होने इंदिरा गांधी की सत्ता को उखाड़ फेकने के लिये किया था। लोकनायक ने कहा था कि सम्पूर्ण क्रांति में सात क्रांतियां शामिल हैं, राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, बौद्धिक, शैक्षणिक व आध्यात्मिक क्रांति। इन सातों क्रांतियों को मिलाकर सम्पूर्ण क्रान्ति होती है। 1974 में उन्होंने पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में संपूर्ण क्रांति का आहवान किया था। मैदान में उपस्थित लाखों लोगों ने जात-पात, तिक, दहेज और भेद-भाव छोड़ने का संकल्प लिया था। उसी मैदान में हजारों-हजार ने अपने जनेऊ तोड़ दिये थे। तब यह नारा गूंजा था।जात पात तोड़ दो, तिलक-दहेज छोड़ दो।समाज के प्रवाह को नई दिशा में मोड़ दो।

सम्पूर्ण क्रांति की तपिश इतनी भयानक थी कि केन्द्र में कांग्रेस को सत्ता से हाथ धोना पड़ गया था। जय प्रकाश नारायण जिनकी हुंकार पर नौजवानों का जत्था सड़कों पर निकल पड़ता था। बिहार से उठी सम्पूर्ण क्रांति की चिंगारी देश के कोने-कोने में आग बनकर भड़क उठी थी। जेपी के नाम से मशहूर जयप्रकाश नारायण घर-घर में क्रांति का पर्याय बन चुके थे।सम्पूर्ण क्रांति से मेरा तात्पर्य समाज के सबसे अधिक दबे-कुचले व्यक्ति को सत्ता के शिखर पर देखना है। आज की बदली राजनीतिक परिदृश्य में हम सभी देशवासियों को संपूर्ण क्रांति के नायक लोकनायक जयप्रकाश नारायण के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है। तिकड़मबाज राजनीतिज्ञों को सत्ता के शिखर पर कदापि पहुंचने न दें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## अहोई अष्टमी मातृत्व के गूढ़ भावों को करता है अभिव्यक्त

झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि हिंदू धर्म में कार्तिक मास का विशेष महत्व होता है। इस महीने में कई महत्वपूर्ण व्रत त्यौहार मनाया जाते हैं। जो सामाजिक, धार्मिक एवं पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। इन्हीं पर्वों में एक अत्यंत महत्वपूर्ण व्रत है अहोई अष्टमी, यह व्रत हर साल कार्तिक महीने के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रखा जाता है। इस वर्ष अहोई अष्टमी व्रत 13 अक्टूबर दिन सोमवार को रखा जाएगा। इस दिन कई शुभ योगों का संयोग बन रहा है शिवयोग, सिद्ध योग, परिघ योग और रवि योग। ये सभी योग व्रत करने वालों के लिए अत्यंत मंगलकारी माने जाते हैं अहोई अष्टमी व्रत जिसे विशेष रूप से संतान की दीर्घायु जीवन, कुशलता, सुख-समृद्धि और मंगल भविष्य के लिए माताएं करती हैं। इस दिन माताएं सूर्योदय से पहले आहार लेकर निर्जल व्रत का संकल्प लेती हैं। एवं रात्रि में व्रत खोलती है। यह व्रत विशेषकर सात संतान वाली माता अहोई और सिंह (साही) के बच्चों से जुड़ी एक पौराणिक कथा पर आधारित है, जिसमें मातृत्व के अपराध बोध, पश्चाताप और ईश्वर की कृपा का सुंदर चित्रण है। पौराणिक कथा के अनुसार, एक साहूकार की सात बहुएं अपने घर की दीवार पर अहोई माता और सिंह की आकृति बनाकर पूजा करती थीं। एक बार साहूकार की पत्नी ने मिट्टी खोदते समय गलती से एक सिंह के बच्चे को मार दिया। अपराध बोध से ग्रसित होकर उसने व्रत का संकल्प लिया और सच्चे मन से अहोई माता की पूजा की। माता ने उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर उसके सभी संकट हर लिए और उसे संतान सुख की प्राप्ति हुई।यह कथा मातृत्व की करुणा, धर्म के प्रति निष्ठा और पश्चाताप के महत्व को दर्शाती है। इस कथा को पूजा के समय अवश्य पढ़ा जाता है। प्रातःकाल स्नान कर व्रत का संकल्प लें। व्रती स्त्री निर्जल उपवास करती है। दीवार पर अहोई माता और साही (सिंह) की आकृति चित्रित की जाती है या चित्र लगाकर उसकी पूजा की जाती है।पूजा के लिए धूप, दीप, रोली, चावल, दूध, हलवा-पूरी, और अहोई माता की कहानी की आवश्यकता होती है। संध्या को तारों के दर्शन के बाद व्रत खोला जाता है। कुछ स्थानों पर चंद्रमा को अर्घ्य देकर व्रत पूर्ण किया जाता है। अहोई अष्टमी न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से, बल्कि सामाजिक और पारिवारिक संबंधों को मजबूत करने के लिए भी एक महत्वपूर्ण पर्व है।

आप की बात



**संजय सर्राफ**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



# संस्कृत: बच्चों के मस्तिष्क को शक्ति देने वाली भाषा

अलग बात



**वीणा देवांगन**

आज के बदलते युग आधुनिक शिक्षा और तकनीक भाषा और AI का बोलबाला है, बच्चे बस इंग्लिश ही बोलते हैं और पैरेंट्स भी सिर्फ उनसे इंग्लिश में ही बात करना चाहते हैं क्योंकि उनको लगता है कि हम सुपीरियर है।तब भी एक भाषा ऐसी है जो न केवल हमारी संस्कृति की आत्मा है बल्कि हमारे मस्तिष्क की क्षमता को भी अद्भुत रूप से प्रभावित करती है -वह भाषा है संस्कृत। संस्कृत से हमारे ब्रेन के न्यूरॉन्स एक्टिवेट होते हैं और मस्तिष्क की ऊर्जा को जागृत करते हैं संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि मानव मस्तिष्क की ऊर्जा को जागृत करने वाला विज्ञान है। कई शोधों में यह सिद्ध हुआ है कि संस्कृत के उच्चारण से हमारे मस्तिष्क के दोनों गोलार्ध (left & right hemispheres) समान रूप से सक्रिय होते हैं। इससे स्मरणशक्ति, एकाग्रता, और तार्किक सोच में अत्यधिक सुधार होता है। अमेरिका, जर्मनी, रूस, इंग्लैंड, और जापान जैसे देशों में संस्कृत का अध्ययन लगातार बढ़ रहा है। NASA और AI शोधकर्ताओं ने भी संस्कृत को दुनिया का सबसे अच्छा लैंग्वेज माना है कहा है, क्योंकि इसकी व्याकरणिक संरचना सबसे तर्कसंगत और त्रुटिरहित है।

### संस्कृत और मस्तिष्क की शक्ति

संस्कृत मंत्रों का उच्चारण एक प्रकार का ध्वनि विज्ञान (Sound Therapy) है। जब हम "ॐ" या वैदिक मंत्रों का उच्चारण करते हैं, तो शरीर में वाइब्रेशन (तरंगें) उत्पन्न होती हैं जो तंत्रिका तंत्र को शांत और केंद्रित करती हैं। इसका असर सीधा मस्तिष्क की न्यूरल गतिविधियों पर पड़ता है, जिससे तनाव घटता है, एकाग्रता बढ़ती है और निर्णय क्षमता मजबूत होती है। इसी कारण कई पश्चिमी देश आज योग, ध्यान, और संस्कृत मंत्रों को अपने स्कूल पाठ्यक्रम का हिस्सा बना रहे हैं। आज की युवा पीढ़ी और बच्चों के लिए संस्कृत की आवश्यकता आज का युवा भले ही तकनीक में आगे बढ़ रहा है, पर मानसिक शांति और आत्मिक स्थिरता से दूर होता जा रहा है। संस्कृत को शिक्षा प्रणाली में शामिल करना न केवल सांस्कृतिक जुड़ाव लाएगा, बल्कि बच्चों के ब्रेन डेवलपमेंट, भाषा कौशल और भावनात्मक बुद्धिमत्ता (Emotional Intelligence) को भी बढ़ाएगा। संस्कृत सीखने वाले बच्चों में शब्द-भंडार अधिक होता है, उनका उच्चारण स्पष्ट होता है और उनका ध्यान केंद्रित रहता है-यह बात कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस की रिपोर्टों में भी सामने आई है।

### शिक्षा में संस्कृत की भूमिका

भारत में पहले गुरुकुल प्रणाली में शिक्षा संस्कृत के माध्यम से दी जाती थी। उस समय विद्यार्थी केवल पढ़ते नहीं थे, वे "जीवन जीना" सीखते थे — आत्म-ज्ञान, नैतिकता और संयम की भावना संस्कृत के माध्यम से ही विकसित होती थी।

आज आवश्यकता है कि संस्कृत को स्कूलों में पुनः अनिवार्य विषय बनाया जाए। घरों में बच्चों को संस्कृत के सरल श्लोक सिखाए जाएं, ताकि वे अपने भीतर की ऊर्जा को पहचान सकें।

### दुनिया संस्कृत की ओर लौट रही है

अमेरिका के 100 से अधिक स्कूलों में संस्कृत वैकल्पिक विषय के रूप में पढ़ाई जा रही है। जर्मनी में 14 विश्वविद्यालय संस्कृत पर शोध कर रहे हैं। रूस के कई वैज्ञानिक संस्कृत ग्रंथों के आधार पर आधुनिक तकनीक की अवधारणाएँ विकसित कर रहे हैं। जापान में संस्कृत मंत्र ध्यान (Mantra Meditation) का उपयोग मानसिक एकाग्रता बढ़ाने के लिए किया जाता है। हम भारतीयों के पास यह अतुल्य धरोहर है संस्कृत केवल अतीत की भाषा नहीं- यह भविष्य की कुंजी है। यदि हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे बौद्धिक रूप से प्रखर, भावनात्मक रूप से संतुलित और सांस्कृतिक रूप से जुड़े रहें, तो हमें संस्कृत को घरों, स्कूलों और समाज में पुनः स्थान देना होगा। बच्चों के दैनिक जीवन में संस्कृत का समावेश सुबह की शुरुआत संस्कृत से करें।

### उठते ही एक सरल श्लोक बोले

"कराग्रे वसते लक्ष्मीः करमध्ये सरस्वती।
करमूले तु गोविन्दः प्रभाते करदर्शनम्॥"

इससे दिन की शुरुआत सकारात्मक ऊर्जा से होती है। "ॐ" या "गायत्री मंत्र" का ५ बार उच्चारण करें — यह मस्तिष्क को जागृत करता है।

यह केवल भाषा नहीं, यह जीवन का विज्ञान और आत्मा की संगीत है। हर पर्व, पूजा या त्योहार में संस्कृत श्लोकों से शुरुआत करें। गीत गायन प्रतियोगिता श्लोक को वाचन प्रतियोगिता आदि होते रहना चाहिए घरों में भी और स्कूल में भी। जब हम बच्चे थे नियमित रूप से स्कूल में प्रार्थना होता था संस्कृत में श्लोक बोले जाते थे।अभी यह सब नियमित नहीं हो पा रहा है। इसलिए बच्चों का कंसंट्रेशन पढ़ाई में मन नहीं लगा यह सब चीज बहुत हो रही है,संस्कृत को केवल विषय नहीं, बल्कि जीवन का संस्कार मानें।

(veenavlogs@gmail.com)

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

चुंदरी जैसी जिंदगी, हर धागा इक सांप।
चतुर ओढ़ 'शंकर' बने, भोले पहनें आप।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# मैं लड़की हूं, संकट नहीं, समाधान हूं !

11 अक्टूबर: अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस

देश की बात



**प्रो. आरके जैन "अरिजीत"**

जब एक बालिका जन्म लेती है, वह केवल एक जीवन नहीं लाती-वह एक नई दृष्टि, अनंत संभावनाओं का सूर्य, और समाज को बदलने की अटल शक्ति लाती है। उसकी मुस्कान में भविष्य की गूंज और आंखों में सपनों का सागर छिपा है। लेकिन यह कटु सत्य भी है कि आज भी दुनिया के कई हिस्सों में वह भेदभाव, असमानता और अन्याय के साये में अपनी पहचान की लड़ाई लड़ रही है। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस, जो हर साल 11 अक्टूबर को मनाया जाता है, केवल एक तारीख नहीं, बल्कि एक क्रांतिकारी उद्घोषणा है—"मैं लड़की हूं, मैं बदलाव की अगुआ हूं।" यह दिन बालिकाओं की अदम्य शक्ति का उत्सव है और उनके अनदेखे संघर्षों को सम्मान देने का आह्वान। संयुक्त राष्ट्र ने 2025 के लिए इस दिवस का विषय चुना है-"मैं लड़की हूं, मैं बदलाव का नेतृत्व करती हूं: संकट की अग्रिम पंक्ति में लड़कियां", यह विषय आज की सच्चाई को उजागर करता है-बालिकाएं अब परिवर्तन की प्रतीक्षा नहीं करतीं; वे उसकी सशक्त वाहक हैं। चाहे जलवायु परिवर्तन के खिलाफ संघर्ष हो, डिजिटल समानता की मांग हो, या सामाजिक न्याय की लड़ाई-हर मोर्चे पर बालिकाएं अपनी अमिट छाप छोड़ रही हैं। संकटों में, जब दुनिया ठहर जाती है, यही बालिकाएं आगे बढ़ती हैं। कोविड-19 महामारी इसका जीवंत उदाहरण है। यूनेस्को के आंकड़ों के अनुसार, उस दौरान लगभग 24 मिलियन बच्चे, विशेषकर लड़कियां, स्कूल छोड़ने के कगार पर थे। फिर भी, भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में किशोरियों ने मास्क बनाए, स्वास्थ्य जागरूकता फैलाई, और ऑनलाइन शिक्षा के लिए अपने समुदायों को प्रेरित किया। यह साबित करता है कि नेतृत्व उम्र या लिंग से नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्प और संवेदना से परिभाषित होता है। इन प्रेरक कहानियों के बीच एक कड़वी सच्चाई भी है। यूनिसेफ की 2023 की रिपोर्ट बताती है कि दुनिया भर में 129 मिलियन लड़कियां स्कूल से वंचित हैं। प्राकृतिक आपदाओं, युद्धों और गरीबी के कारण सबसे पहले इन्हीं की शिक्षा छिनती है। जलवायु परिवर्तन जैसे संकटों में, लड़कियां न केवल पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना करती हैं, बल्कि सामाजिक असमानता का भी शिकार बनती हैं। बांग्लादेश और भारत में बाढ़ व चक्रवातों के दौरान लड़कियों को अक्सर परिवार की जिम्मेदारियां उठानी पड़ती हैं, जिससे उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य प्रभावित होते हैं। लेकिन यही लड़कियां समाधान की मशाल भी थाम रही हैं। मलावी और युगांडा में किशोरियां जलवायु कार्यकर्ता बनकर स्थानीय स्तर पर वृक्षारोपण और टिकाऊ खेती को बढ़ावा दे रही हैं। यह दिखाता है कि संकट की अग्रिम पंक्ति में लड़कियां केवल पीड़ित नहीं, बल्कि परिवर्तन की सशक्त अगुआ हैं। डिजिटल असमानता एक और अनदेखा संकट है। आज डिजिटल पहुंच केवल सुविधा नहीं, बल्कि मौलिक अधिकार है। फिर भी, इंटरनेशनल टेलीकम्युनिकेशन यूनियन (आईटीयू) के 2024 के आंकड़ों के अनुसार, विकासशील देशों में केवल 37% महिलाएं और लड़कियां इंटरनेट का उपयोग करती हैं, जबकि पुरुषों के लिए यह आंकड़ा 43% है। भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों लड़कियों को स्मार्टफोन और डिजिटल शिक्षा की कमी झेलनी पड़ती है। यह केवल तकनीकी संसाधनों की कमी नहीं, बल्कि सामाजिक सोच का अभाव है। केन्या और नाइजीरिया में लड़कियां डिजिटल शिक्षा के लिए अभियान चला रही हैं, कोडिंग सीख रही हैं, स्टार्टअप शुरू कर रही हैं, और तकनीकी क्षेत्र में अपनी जगह बना रही हैं। यह एक नई क्रांति की शुरुआत है, जो हमें यह सवाल पूछने को मजबूर करती है-क्या हम वाकई अपनी लड़कियों को डिजिटल युग में नेतृत्व के लिए सशक्त कर रहे हैं? लड़कियों की मानसिक दृढ़ता और आत्मविश्वास एक अनमोल शक्ति है, जिसे हम अक्सर अनदेखा कर देते हैं। हम उन्हें सशक्त बनाने की बात करते हैं, लेकिन क्या हम उन्हें ठोकर खाकर फिर उठने का हौसला देते हैं? समाज लड़कियों से हर कदम पर पूर्णता मांगता है, पर गलतियों से सीखने की आजादी उन्हें शायद ही मिलती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, सामाजिक दबाव और लैंगिक असमानता के कारण किशोरियों में तनाव और चिंता की दर लड़कों से कहीं अधिक है। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस हमें सिखाता है कि नेतृत्व का मतलब केवल जीत नहीं, बल्कि हर मुश्किल में खुद पर भरोसा कायम रखना है। हमें हर लड़की को यह यकीन दिलाना होगा कि उसकी आवाज अमूल्य है और उसकी असफलताएं उसकी कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी शक्ति का सबूत हैं। परिवर्तन की शुरुआत घर की चौखट से होती है। क्या हम अपनी बेटियों को निर्णय लेने की आजादी देते हैं? क्या उनकी राय को बेटों जितना सम्मान मिलता है? एक अध्ययन बताता है कि भारत में केवल 27% परिवार किशोरियों को घरेलू फैसलों में शामिल करते हैं। नेतृत्व की नींव घर में पड़ती है। जब एक बेटी को यह विश्वास मिलता है कि वह गलती कर सकती है, उससे सीख सकती है, और फिर दुनिया को चुनौती दे सकती है, तभी वह सच्चा नेतृत्व निभाती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# कानपुर के बाजार में पुलिस ने 100 क्विंटल अवैध पटाखे किए जब्त

**एजेंसी। कानपुर**

अक्टूबर कानपुर के भीड़भाड़ वाले मिश्री बाजार इलाके में हुए विस्फोट में आठ लोगों के घायल होने के बाद 50 लाख रुपये से अधिक मूल्य के लगभग 100 क्विंटल अवैध पटाखे जब्त किए गए और छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। शहर भर में अवैध पटाखों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई बुधवार को यहां के भीड़भाड़ वाले मिश्री बाजार क्षेत्र में हुए भीषण विस्फोट के बाद शुरू की गई है, जिसमें आठ लोग घायल हो गए थे और दो स्कूटर क्षतिग्रस्त हो गए थे। एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने 50 लाख रुपये से अधिक मूल्य के लगभग 100 क्विंटल अवैध पटाखे जब्त किए और इस अवैध व्यापार के सिलसिले में छह लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस आयुक्त (कानपुर) रघुबीर लाल ने शुक्रवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''घनी आबादी वाले इलाकों में बड़े पैमाने पर पटाखों के भंडारण की आपराधिक सूचना मिलने के बाद हमने मूलगंज, फजलगंज, गोविंद नगर और नौबस्ता सहित कई इलाकों में एक साथ छापेमारी की।'' हालांकि, एक अधिकारी ने कहा कि विस्फोट में क्षतिग्रस्त हुए चोरी के स्कूटर ने संदेह पैदा किया है और अधिकारियों को भी संदेह है कि विस्फोट में स्कूटर का इस्तेमाल किया गया था। अधिकारी ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज में विस्फोट से ठीक 10 मिनट पहले अब्दुल की दुकान के बाहर दो युवकों को स्कूटी छोड़ते हुए दिखाया गया है। पुलिस आयुक्त ने स्वीकार किया कि सोशल मीडिया पर यह गतिविधि ''एक बड़ी साजिश'' का संकेत देती है जिसका उद्देश्य दहशत फैलाना है। उन्होंने कहा, ''हम दो समानांतर जांच कर रहे हैं - एक विस्फोट की और दूसरी समन्वित ऑनलाइन गलत सूचना अभियान की।'' अधिकारी ने कहा कि छापेमारी और जांच से पता चलता है कि अवैध पटाखों के भंडारण पर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की गई है, जिससे शहर के आवासीय और व्यावसायिक क्षेत्रों में चल रहे एक खतरनाक नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ है।




**करोड़ों के अवैध पटाखे ज़ब्त, पांच एफआईआर और छह गिरफ्तारियां**

"मूलगंज विस्फोट के बाद हमने पूरे जिले की पुलिस को सक्रिय कर दिया। सूचनाओं के आधार पर हमने कई जगहों पर छापे मारे और भारी मात्रा में अवैध पटाखे ज़ब्त किए।" मूलगंज में पुलिस ने एक व्यक्ति इकराम की दुकान से दो लाख रुपये मूल्य के 14 कार्टन (1.5 क्विंटल) पटाखे और अब्दुल बिलाल की दुकान से 40,000 रुपये मूल्य के छह कार्टन (50 किलो) पटाखे बरामद करने का दावा किया है। पुलिस ने बताया कि इन बरामदगी के संबंध में दो प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। फजलगंज में सहायक पुलिस आयुक्त (स्वरूप नगर) आईपी सिंह के नेतृत्व में की गई छापेमारी में एक गोदाम से लगभग 60-65 क्विंटल पटाखे बरामद हुए, जिनकी कीमत 15 लाख रुपये आंकी गई है। गोविंद नगर निवासी हिमांशु उर्फ काकू की यह संपत्ति तीन साल पहले राजा पासवान नाम के एक व्यक्ति को किराए पर दी गई थी और दोनों फिलहाल फरार हैं। नौबस्ता में, पुलिस ने यशोदा नगर के मधुबन लॉन में छापा मारा और पांच क्विंटल पटाखे ज़ब्त किए, जिनकी अनुमानित कीमत 18 लाख रुपये है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि यह सामग्री आवासीय क्षेत्र में अवैध रूप से संग्रहित की गई थी। इस बीच, गोविंद नगर में पुलिस ने एक फैक्टरी से 9.35 क्विंटल (30 कार्टन) पटाखे जब्त किए, जिनकी कीमत नौ लाख रुपये है। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने बताया कि अब तक पांच प्राथमिकी दर्ज की गई हैं, जिनमें छह गिरफ्तारियां और 26 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है, जिनमें से 18 अकेले मूलगंज से हैं। जांच में उस समय नाटकीय मोड़ आया जब 'एक्स' पर पाकिस्तानी झंडे वाले एक अकाउंट से झूठे और भड़काऊ संदेश प्रसारित किए गए, जिसमें दावा किया गया कि "कानपुर में मरकज़ मस्जिद के पास आठ सैन्यकर्मी मारे गए।" इसके बाद खुफिया इकाइयों ने तुरंत कार्रवाई की और इन पोस्ट को गलत सूचना फैलाने के प्रयास के रूप में चिह्नित किया।

# वोटर कार्ड के अलावा 12 वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर भी कर सकेंगे मतदान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने मतदान प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। अब मतदाता सूची में नाम होने की शर्त के साथ लोग अपने मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) के अलावा 12 अन्य फोटो पहचान दस्तावेजों में से किसी एक को दिखाकर वोट डाल सकेंगे। यह घोषणा एक अधिसूचना के जरिए की गई है। चुनाव आयोग को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 और निर्वाचक पंजीकरण नियम, 1960 के तहत मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित करने और ईपीआईसी जारी करने का अधिकार है। बिहार और आठ विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनावों के लिए लगभग सभी मतदाताओं को ईपीआईसी वितरित कर दिए गए हैं। आयोग ने सभी मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को आदेश दिया था कि मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर नए मतदाताओं को ये पहचान पत्र दिए जाएं।हालांकि, कुछ मतदाताओं के पास ईपीआईसी उपलब्ध नहीं हो सकता, इसलिए उनकी सुविधा के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। जिनका नाम मतदाता सूची में है, लेकिन ईपीआईसी नहीं है, ऐसे लोग आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक या डाकघर की फोटोयुक्त पासबुक, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र या राज्य सरकार की फोटोयुक्त सेवा आईडी, सांसद या विधायक का आधिकारिक पहचान पत्र या दिव्यांगता पहचान पत्र (यूडीआईडी) में से किसी एक को पेश कर सकते हैं। हालांकि, यह स्पष्ट किया जाता है कि वोट डालने के लिए मतदाता सूची में नाम होना अनिवार्य है। बिना नाम के कोई भी दस्तावेज स्वीकार नहीं होगा। वहीं बुर्का पहनने वाली महिलाओं को वोट देने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए खास इंतजाम किए गए हैं। मतदान केंद्रों पर महिला अधिकारियों की मौजूदगी में उनकी पहचान गरिमापूर्ण तरीके से की जाएगी और उनकी गोपनीयता बनाए रखी जाएगी।




- **मतदाता सूची में नाम होना अनिवार्य, केवल पहचान पत्र से वोट नहीं दिया जा सकेगा**
- **महिला मतदाताओं, विशेषकर बुर्का पहनने वाली महिलाओं के लिए विशेष व्यवस्था।**

# सीएजी रिपोर्ट पर कार्रवाई होती तो टल सकती थी 22 बच्चों की मौत

**एजेंसी। तमिलनाडु**



2016-17 और 2020-21 के बीच तमिलनाडु में औषधि नियामक लगातार अपने लक्ष्यों से चूकता रहा, निरीक्षकों ने लगभग 61% निर्धारित औषधि निरीक्षण किए और गुणवत्ता परीक्षण के लिए आवश्यक नमूनों का लगभग 49% ही एकत्र किया। ये लगातार कमियाँ - जो निगरानी और प्रवर्तन में संरचनात्मक कमज़ोरियों को उजागर करती हैं, और मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में दूषित कफ सिरप पीने से 22 बच्चों की मौत के बाद ध्यान का केंद्र बन गई हैं - पिछले साल भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा लाल झंडी दिखाई गई थी। मध्य प्रदेश में हुई मौतों के मद्देनजर, छिंदवाड़ा में कफ सिरप लिखने वाले डॉक्टर और तीन स्थानीय औषधि निरीक्षकों को निलंबित कर दिया गया है। केंद्र ने कमियों की पहचान करने और गुणवत्ता आश्वासन तंत्र को मजबूत करने के लिए छह राज्यों की 19 विनिर्माण इकाइयों में "जोखिम-आधारित निरीक्षण" करने का भी निर्देश दिया है। मौतों से जुड़े कोल्ड्रिफ कफ सिरप के निर्माता, श्रीसन फार्मास्युटिकल्स को गंभीर उल्लंघनों का आरोप लगाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, लेकिन यह तब हुआ जब मध्य प्रदेश के औषधि नियामक ने तमिलनाडु के अपने समकक्ष को पत्र लिखकर कार्रवाई का अनुरोध किया। अधिकारियों का कहना है कि अगर तमिलनाडु के नियामकों ने नियमित निरीक्षण किए होते और सीएजी की रिपोर्ट पर कार्रवाई की होती, तो इस दुखद घटना को टाला जा सकता था।

**असम में जनसांख्यिकीय बदलाव, सीएम सरमा बोले-**

# 38% होगी मियां मुस्लिम आबादी

**एजेंसी। असम**



असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को कहा कि राज्य जनसांख्यिकीय परिवर्तन से गुजरा है और आगामी जनगणना के आंकड़ों से पता चलेगा कि मुस्लिम आबादी बढ़कर 38 प्रतिशत हो गई है, जो 2011 में दर्ज लगभग 34 प्रतिशत से ज़्यादा है। उन्होंने डिब्रूगढ़ में मुख्यमंत्री महिला उद्यमिता अभियान (एमएमयूए) कार्यक्रम में भाग लेने के बाद मीडियाकर्मियों से कहा कि जब असम में जनगणना होगी और जनगणना रिपोर्ट प्रकाशित होगी, तो असम में मियां मुस्लिम आबादी बढ़कर 38 प्रतिशत हो जाएगी, मेरे शब्द लिख लीजिए। अगर अनुमान लगाया गया है, तो उनकी (मुस्लिम) आबादी असम की कुल आबादी का 38 प्रतिशत होगी और वे असम का सबसे बड़ा समुदाय बन जाएंगे। राज्य में मूल निवासियों की सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए, हिमंत बिस्वा सरमा ने बताया कि राज्य सरकार दो महत्वपूर्ण विधेयक लाने वाली है जो लोगों की जाति, माटी और भेटी (जाति, ज़मीन और बुनियाद) की रक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि हम इस प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए आगामी असम विधानसभा सत्र में दो महत्वपूर्ण विधेयक लाएँगे। हम जाति, माटी और भेटी की रक्षा के लिए ये दो महत्वपूर्ण विधेयक लाएँगे। अगर हमने पिछले 30 सालों में वही करने की कोशिश की होती जो हमने पिछले 5 सालों में की, तो शायद आज हमें इस संकट से नहीं जूझना पड़ता। उन्होंने आगे कहा कि अब एक लड़ाई शुरू हो गई है और हमें इसे अपने इच्छित लक्ष्य की ओर ले जाना होगा। हमें अगले 10 वर्षों तक यह लड़ाई जारी रखनी होगी। 2011 की जनगणना रिपोर्ट के अनुसार, असम में मुस्लिम आबादी राज्य की कुल जनसंख्या का 34.22 प्रतिशत थी। इस कार्यक्रम में, मुख्यमंत्री सरमा ने डिब्रूगढ़ में महिला उद्यमियों से मुलाकात की और एमएमयूए सीड फंड के माध्यम से 14,000 से अधिक महिलाओं को लगभग 10,000 रुपये दिए।

## मायावती ने अखिलेश को दी सीधी चुनौती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने उत्तर प्रदेश की राजनीति में समाजवादी पार्टी (सपा) नेता अखिलेश यादव के "पीडीए" (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फॉर्मूले पर तीखा हमला बोला। बसपा संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि पर गुरुवार को लखनऊ स्थित कांशीराम स्मारक पर आयोजित एक विशाल रैली में बोलते हुए, मायावती ने समाजवादी पार्टी पर सत्ता में रहते हुए दलितों की उपेक्षा करने और चुनावों के दौरान पीडीए के नारे के ज़रिए उनके वोटों को लुभाने का प्रयास करने का आरोप लगाया। मायावती के बयान से साफ़ ज़ाहिर होता है कि बसपा अपने मूल वोट आधार, ख़ासकर जाटव समुदाय, को मज़बूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

**बंगाल में एनआरसी होकर रहेगा बोले राहुल सिन्हा**

# एनआरसी पर घुसपैठियों को पनाह देने का आरोप

**एजेंसी। कोलकाता**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता राहुल सिन्हा ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) का विरोध करने के लिए निशाना साधा और आरोप लगाया कि अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (एआईटीसी) बांग्लादेशी घुसपैठियों को पनाह देकर चुनाव जीत रही है। सिन्हा ने कहा कि पहले एसआईआर तो हो जाने दीजिए, फिर एनआरसी होगा। मुख्यमंत्री जी, निश्चिंत रहिए, एसआईआर असली मतदाताओं के नाम हटाने के लिए नहीं किया जा रहा है। राहुल सिन्हा ने कहा कि आपने बांग्लादेश से आए मुस्लिम घुसपैठियों को पनाह दी और रोहिंग्या मुसलमानों के नाम मतदाता सूची में जोड़ दिए, जो लोग मर चुके हैं उनके नाम भी मतदाता सूची में जोड़ दिए गए। यही आपकी जीत का आधार है और जब चुनाव आयोग ने इस आधार में दखल दिया तो आप चिल्लाने लगे। मतदाता सूची संशोधन और एनआरसी को लेकर मुख्यमंत्री बनर्जी पर "भ्रम फैलाने" का आरोप लगाते हुए, भाजपा नेता ने दोहराया कि एसआईआर वास्तविक मतदाताओं के नाम नहीं हटा रहा है। भाजपा नेता ने कहा कि एनआरसी कानून पारित हो चुका है, और यह ज़रूर होगा... और यह ममता बनर्जी के सामने होगा; इसीलिए ममता बनर्जी भ्रम फैला रही हैं। भाजपा नेता ने ज़ोर देकर कहा कि एसआईआर होगा और मतदाता सूची का शुद्धिकरण होगा। सिन्हा की यह टिप्पणी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री द्वारा यह आरोप लगाने के एक दिन बाद आई है कि भाजपा एसआईआर का इस्तेमाल एनआरसी लागू करने और मतदाता सूची से नाम हटाने के बहाने के रूप में कर रही है। ममता ने कहा कि एसआईआर के नाम पर, वे एनआरसी लागू करने की कोशिश कर रहे हैं, मतदाता सूची से नाम हटाना चाहते हैं। मैं आपको विश्वास दिलाती हूँ कि किसी भी वास्तविक मतदाता का नाम सूची से बाहर नहीं किया जाएगा।

## मणिपुर में अलग प्रशासन की मांग नहीं मानी जाएगी : सीएम

**मणिपुर।** मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने मणिपुर में अलग प्रशासन की किसी भी मांग के खिलाफ अपने और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के रुख को दृढ़ता से दोहराया है। संगमा वर्तमान में राज्य में शांति के लिए सुझाव मांगने हेतु नागरिक समाज संगठनों (सीएसओ) और सामुदायिक नेताओं से मिलने मणिपुर का दौरा कर रहे हैं। उनकी यह टिप्पणी मणिपुर में चल रहे तनाव के बीच आई है, जहाँ अलग-अलग मांगों और सामुदायिक चिंताओं ने क्षेत्र की शांति को खतरे में डाल दिया है। इम्फाल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हम यहां मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता से समझौता करने नहीं आए हैं। राज्य के भीतर प्रशासनिक ढांचे कैसे काम कर सकते हैं।

# आज का राशिफल

**मेष :** आपका दिन सुखद रहेगा। आज आपके लिए कोई जमीन या मकान खरीदने के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में आप मनचाहा लाभ प्राप्त करेंगे। आपके लिए स्थान परिवर्तन के योग हैं। आपका वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आपको आपके माता पिता और परिवार के अन्य सदस्यों का पूरा साथ मिलेगा।

**वृष :** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। मान सम्मान में वृद्धि होगी। आपका पारिवारिक वातावरण शांतिपूर्ण रहेगा। परंतु किन्हीं कारणों से थोड़ी समस्या हो सकती है। सार्वजनिक क्षेत्र में आपकी छवि के अनुसार आपको परिणाम मिलेंगे। तो आपको उसे बढ़ाने के लिए थोडी और मेहनत करने की जरूरत है।

**मिथुन :** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। समाज में आपकी मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आप अपने कारोबार में किसी नए कार्य की शुरुआत कर सकते हैं। जिसमें आप समय-समय पर नया बदलाव करेंगे। इस दौरान आप घर में कोई लग्जरी आइटम खरीदेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आप अपने बिजी दिन में से कुछ समय अपने बच्चों के लिए निकालेंगे, जिसमें उनके साथ खूब मौज मस्ती करते हुए नजर आएंगे, इससे आपको तरोताजा महसूस होगा आज आप माता-पिता से आप अपने मन की बातों को साझा करेंगे।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप अपने आप को काफी तरोताजा महसूस करेंगे, जिससे आप अपने सभी कार्यों को समय पर पूरा करने में सफल होंगे। आज मित्रों की सहायता से आपको आय के अवसर मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमा कर आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएंगे।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। परिवार का सहयोग मिलेगा और यह सीखेंगे के धन को कैसे बचा कर रखा जाता है, जिससे भविष्य में कोई परेशानी ना हो। साथ ही आज आपके ऊपर परिवार की कुछ जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जिन्हें आप पूरा करेंगे।

**तुला :** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज अपने पार्टनर को मनपसन्द शॉपिंग करा सकते हैं। संतान पक्ष से सुखद अनुभूति होगी। माता-पिता आज बच्चों का पूरा सहयोग भी करेंगे। ऑफिस में किसी पर निर्भर होकर काम न करें। अपने लक्ष्य के लिए डेडीकेशन होने के बाद भी बार-बार प्रयत्न क्यों रुक जाते हैं।

**वृश्चिक :** आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। आज आप कोई नया कारोबार शुरु करने का मन बना सकते हैं। साथ ही बड़ों की सलाह लेना उचित रहेगा। इस राशि के डांस में रुचि लेने वाले लोगों को ऊंचाइयों तक पहुँचने का जल्द मौका मिलेगा। आज किसी विषय में ज्यादा न सोचें, वरना आपको उलझन होगी।

**धनु :** आज आपका दिन महत्वपूर्ण कार्यों में व्यस्त रहेगा। आज किसी रिश्तेदार को दिए रुपए आपको वापस मिलेंगे। सोचे हुए कार्यों में उनका इस्तेमाल करेंगे। मीडिया क्षेत्र से जुड़े लोगों को आज अच्छा लाभ मिलेगा। प्राइवेट जॉब के लोगों को आज प्रमोशन से जुड़ी अच्छी खबर मिल सकती है।

**मकर :** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा के छात्र अपनी तैयारी जम कर करें, जल्द अच्छे अंक हासिल होंगे। ऑफिस में फ़ोन का उपयोग कम करें, अन्यथा आपकी छवि ख़राब हो सकती है। इस राशि के हृदय रोग से परेशान लोग अच्छे डॉक्टर से संपर्क करेंगे। बेवजह की भागदौड़ से आपको थकावट महसूस होगी।

**कुंभ :** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। नौकरी में आज आपको सुखद परिवर्तन नजर आएंगे। तैयारी कर रहे छात्रों को अच्छे अंक मिलेंगे, जिससे आप आगे बढ़ पायेंगे। आज आपका स्वास्थ्य फिट एंड फाइन रहेगा। आपकी सभी उलझने आज समाप्त होंगी। कपड़ा व्यापारियों को आज उनकी मेहनत के उपरांत लाभ मिलेगा।

**मीन :** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी, आज आपकी पहले से चल रही EMI आज पूरी होगी। आज फैशन डिज़ाइनर्स का दिन बेहतर रहेगा। आज कोई ऑनलाइन बड़ा आर्डर आपको मिलेगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आपकी पारिवारिक स्थितियां पहले से अनुकूल बनेंगी।

**सीसीटीवी फुटेज ने बढ़ाई पप्पू यादव की मुश्किलें**

# पैसे बांटकर आचार संहिता में फंसे सांसद पप्पू यादव

**एजेंसी। पटना**



बिहार के सांसद पप्पू यादव के खिलाफ वैशाली जिले में बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच पैसे बांटने के बाद आदर्श आचार संहिता का कथित उल्लंघन करने का मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि जिला प्रशासन की शिकायत के आधार पर पूर्णिया से निर्दलीय सांसद यादव के खिलाफ गुरुवार रात सहदेई पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया। एसपी ललित मोहन शर्मा ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज और चुनाव ड्यूटी पर तैनात एक अधिकारी के बयान के आधार पर मामला दर्ज किया गया है।राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 6 और 11 नवंबर को होंगे, जबकि मतों की गिनती 14 नवंबर को होगी। चुनाव आयोग द्वारा चुनाव की तारीखों की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 12 अक्टूबर को शाम 6:30 बजे नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में अपनी केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक आयोजित करेगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में आगामी बिहार विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के उम्मीदवारों और रणनीति पर चर्चा और उसे अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के इस बैठक में शामिल होने की उम्मीद है।

- **सहदेई थाना में जिला प्रशासन की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज**

## मंदिर से सोना गायब होने पर हाईकोर्ट सख्त एसआईटी को केस दर्ज करने का निर्देश

**केरल।** उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को राज्य पुलिस को एक मंदिर के साइड फ्रेम या लिंटल से कथित "सोने की हेराफेरी" के मामले में आपराधिक मामला दर्ज करने और जांच शुरू करने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति राजा विजयराघवन वी और न्यायमूर्ति के वी जयकुमार की खंडपीठ ने यह निर्देश तब जारी किया जब अब तक की जाँच से पता चला कि साइड फ्रेम या लिंटल से प्राप्त सोने का वास्तव में दुरुपयोग किया गया था। अदालत ने कहा कि सतर्कता रिपोर्ट में लगभग 474.9 ग्राम सोने से संबंधित एक महत्वपूर्ण विसंगति सामने आई है।

# करवा चौथ पर पारंपरिक परिधान पहनने की सुप्रीम कोर्ट ने दी छूट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने एक आदेश जारी कर महिला कर्मचारियों को करवा चौथ 2025 के अवसर पर शुक्रवार को मानक वर्दी के बजाय पारंपरिक और सादे परिधान पहनने की अनुमति दे दी। अधिसूचना में कहा गया कि करवा चौथ के अवसर पर सक्षम प्राधिकारी ने रजिस्ट्री की महिला कर्मचारियों की ओर से प्राप्त अनुरोध को स्वीकार करते हुए उन्हें 10 अक्टूबर, 2025 को निर्धारित वर्दी के स्थान पर पारंपरिक सादे कपड़ों में कार्यालय में उपस्थित होने की अनुमति दे दी है। सर्वोच्च न्यायालय का यह निर्णय न्यायालय रजिस्ट्री की महिला कर्मचारियों के औपचारिक अनुरोध के बाद आया है, जिसमें कार्यस्थल की मर्यादा बनाए रखते हुए उत्सव मनाने की अनुमति मांगी गई थी। गौरतलब है कि भारत में विवाहित महिलाओं द्वारा व्यापक रूप से मनाया जाने वाला करवा चौथ, अपने पति की भलाई और दीर्घायु के लिए उपवास और प्रार्थना का दिन है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कर्मचारियों की पोशाक "पारंपरिक और शालीन" होनी चाहिए, ताकि न्यायालय परिसर में अपेक्षित शिष्टाचार बना रहे।


**असैनिक शल्य चिकित्सक - सह - मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा**

**(अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना)**

निविदा सं0 – ..... दिनांक –

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन Inventory Management कार्यक्रम अंतर्गत प्राप्त DRE 2025 -2026 के आलोक में Atomic Energy Regulatory Board (AERB) अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धुरकी, मंझिआँव, रंका एंव भण्डरिया में AERB मापदंडो के अनुसार AERB Certification, QA Test and calibration, TLD badge, Protection Barriar, Chest Stand, Lead Sheet (For Door), Radiation Protection Kit, Hazard Symbol/Sticker, Hazard/Warning light कार्य एंव आपुर्ति हेतु राज्य द्वारा प्राप्त Specification के अनुरूप अधिकृत विक्रेताओं/एजेंसियों से द्वि–लिफाफा पद्वति (तकनीकी एवं वित्तीय निविदा) के माध्यम से सीलबंद निविदा कार्यालय :–जिला जिला स्वास्थ्य समिति गढवा पिन कोड – 822114 के नाम से निबंधित या स्पीड़ पोस्ट या हाथो–हाथ के माध्यम से निम्न शर्तो के साथ जिला स्वास्थ्य समिति गढवा में आमंत्रित की जाती है।

| S.N | NAME OF WORK | RATE CONTRACT FOR AERB Work |
|---|---|---|
| 01 | Date & Time of Start of Submission of Bids | 11 OCTOBER 2025 ,from 10:00 AM |
| 02 | Last Date & Time for Receipt of Bids | 18 OCTOBER 2025 , till 05:00 PM |
| 03 | Bid Opening Date | 20 OCTOBER 2025, 03:00 PM |
| 04 | EMD in Favoring - DRHS Flexible Pool Garhwa | Rs. 10,000.00 (Ten Thousand Only) |
| 05 | Application Fee(Non Refundable ) favoring - DRHS Flexi Pool, Garhwa | 1,000.00 (One Thousand Only) |
| 06 | Venue for Getting & Submission of Tender Document | Civil Surgeon, Garhwa Sadar Hospital Campus, Garhwa 822114 |
| 07 | Contact No. of Procurement Officer | 7654881289 |
| 08 | Mode of Submission | Through Registered / Speed Post /By Hand |

निविदा संबंधित कागजात गढ़वा जिले के बेबसाईट http://garhwa.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। उक्त से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय के सूचनापट्ट पर भी देखी जा सकती है। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त निविदा को स्वीकार नही किया जायेगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक –सह – मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा

PR 363869 Health Med Edu and Family Welfare (25-26)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज**

पत्रांक........... दिनांक.................

**प्रेष विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमंडल में पूर्व पदस्थापित सहायक अभियंताओं/कनीय अभियंताओं के नाम अस्थायी अग्रिम की राशि आज तक असमायोजित है। वर्तमान में आपके पदस्थापन या सेवा में रहने की जानकारी इस प्रमंडल में उपलब्ध नहीं है।

पूर्व में भी इसकी जानकारी तथा असमायोजित राशि के समायोजन की सूचना प्रकाशित की जा चुकी है। बारम्बार अनुरोध के उपरांत भी आपका अपने नाम सरकारी राशि को लम्बित रखना, इस राशि के समायोजन के प्रति आपकी उदासीनता तथा दायित्व बोध के प्रति आपका असंवेदनशील होना दर्शाता है।

आपके इस राशि के समायोजन/वसूली के लिए विभाग एवं महालेखाकार, रांची द्वारा बारम्बार अनुदेश प्राप्त हो रहा है।

अस्थायी अग्रिम राशि की सूची निम्न है :–

| क्रम संख्या | अभियंता का नाम | पदनाम | असमायोजित राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | गिरधर प्रसाद सिंह | सहायक अभियंता, डालटनगंज 1 | 26446.10 |
| 2 | शालीग्राम कुमार | सहायक अभियंता, डालटनगंज 1 | 1293410.44 |
| 3 | चन्द्रषेखर प्रसाद | सहायक अभियंता, लातेहार | 656259.07 |
| 4 | स्व0 युगेष्वर रजक | सहायक अभियंता, डालटनगंज 2 | 193933.10 |
| 5 | शुभनारायण चौबे | सहायक अभियंता, डालटनगंज 2 | 887010.53 |
| 6 | अमरेन्द्र कुमार सिंह | सहायक अभियंता, डालटनगंज 1 | 10000.00 |
| 7 | अमीर अली वारिस | सहायक अभियंता, लातेहार | 4177.34 |
| 8 | दीनबंधु शर्मा | सहायक अभियंता, छतरपुर | 3037.77 |
| 9 | मुक्तेष्वर उपाध्याय | सहायक अभियंता, कृषि बजार समिति, डालटनगंज | 1138.05 |
| 10 | सुरेश सिंह | कनीय अभियंता, डालटनगंज | 115.00 |

अतः आप सबों से एक बार पुनः अनुरोध है कि इस समाचार पत्र के प्रकाशन के साथ ही अपने–अपने स्तर से राशि का समायोजन या जमा करना अविलंब सुनिश्चित करेंगे।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 363796 District (25-26)_D

## नोबेल पुरस्कार नहीं मिलने पर भड़के ट्रंप

# 9 भारतीय कंपनियों पर अचानक लगा दिया बैन

एजेंसी । नई दिल्ली



अमेरिका ने ईरान पर आर्थिक दबाव बढ़ाने के तहत 9 भारतीय कंपनियों और 8 भारतीय नागरिकों पर प्रतिबंध लगाए

ईरान और अमेरिका के बीच की दुश्मनी किसी से छुपी नहीं है। अब ईरान पर आर्थिक दबाव बनाने के लिए अमेरिका ने एक बड़ा फैसला ले लिया है। अमेरिका ने ईरान से संबंधित नवीनतम प्रतिबंध कार्रवाई के तहत नौ भारत-आधारित कंपनियों और आठ भारतीय नागरिकों पर प्रतिबंध लगा दिया है। अमेरिका का आरोप है कि वे ईरानी तेल, पेट्रोलियम उत्पादों और पेट्रोकेमिकल्स के व्यापार में लगे हुए हैं। अमेरिकी विदेश विभाग ने ईरानी पेट्रोलियम और पेट्रोकेमिकल उत्पादों के व्यापार में संलिप्तता के कारण लगभग 40 व्यक्तियों, संस्थाओं और जहाजों पर प्रतिबंध लगाए। इसके साथ ही, अमेरिकी वित्त विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय ने ईरान से विदेशी अंतिम उपयोगकर्ताओं तक तेल और तरलीकृत पेट्रोलियम गैस की शिपमेंट को सुगम बनाने में उनकी भूमिका के लिए 60 व्यक्तियों, संस्थाओं और जहाजों को प्रतिबंधित किया है। चीन और संयुक्त अरब अमीरात सहित कुछ अन्य देशों की विभिन्न संस्थाओं पर भी प्रतिबंध लगाए गए हैं।

आठ भारतीय रासायनिक और पेट्रोकेमिकल व्यापारिक कंपनियाँ अमेरिकी विदेश विभाग की प्रतिबंधित सूची में शामिल हैं। इनमें मुंबई स्थित सीजे शाह एंड कंपनी, केमोविक, मोदी केम, पारीकेम रिसोर्सेज, इंडिसोल मार्केटिंग, हरेश पेट्रोकेम और शिव टेक्सकेम, और दिल्ली स्थित बीके सेल्स कॉर्पोरेशन शामिल हैं। विदेश विभाग के अनुसार, इन कंपनियों ने पिछले कुछ वर्षों में कुल मिलाकर करोड़ों डॉलर मूल्य के ईरानी मूल के पेट्रोकेमिकल आयात किए हैं, जिन पर अमेरिकी प्रतिबंध लगे हैं। राज्य विभाग की सूची में पांच भारतीय नागरिक भी शामिल हैं- केमोविक के निदेशक पीयूष मगनलाल जाविया, इंडिसोल मार्केटिंग निदेशक नीति उन्मेश भट्ट, और हरेश पेट्रोकेम के निदेशक कमला कसाट, कुणाल कसाट और पूनम कसाट। तीन भारतीय नागरिक वरुण पुला, इयप्पन राजा और सोनिया श्रेष्ठ ईरानी एलपीजी के परिवहन में लगे जहाजों से कथित जुड़ाव के कारण ओएफएसी द्वारा नामित किए गए हैं। मुंबई स्थित शिपिंग कंपनी वेगा स्टार शिप मैनेजमेंट, जिसके बारे में ओएफएसी का कहना है कि वह सोनिया श्रेष्ठ की मालिक है, को भी ओएफएसी ने नामित किया है क्योंकि कंपनी के स्वामित्व वाला जहाज कोमोरोस का झंडा वाला नेप्टा ईरानी एलपीजी का परिवहन पाकिस्तान में करता था।

## भारत व पाक के बीच सीजफायर का झूठा क्रेडिट लेना पड़ा भारी!



**नई दिल्ली ।** नॉर्वेजियन नोबेल समिति ने शुक्रवार को वेनेजुएला की विपक्षी नेता और लोकतंत्र कार्यकर्ता मारिया कोरिना मचाडो को 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार देने की घोषणा की है। इस कदम से व्हाइट हाउस में हलचल मचने की संभावना है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, जिन्होंने कम से कम सात अंतरराष्ट्रीय संघर्षों को सुलझाने का दावा किया है, लंबे समय से इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए लालायित थे और कई बार उन्होंने खुले तौर पर इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को पाने की इच्छा भी व्यक्त की। उनके डेमोक्रेटिक पूर्ववर्ती बराक ओबामा ने 2009 में यह शांति पुरस्कार जीता था। नॉर्वे नोबेल समिति ने शांति पुरस्कार के लिए ट्रम्प की दावेदारी पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि प्रतिष्ठित पुरस्कार देने का निर्णय नोबेल पुरस्कार के संस्थापक अल्फ्रेड नोबेल के कार्य और इच्छा पर आधारित है। समिति के अध्यक्ष जोर्गेन वाटने फ्राइडनेस ने एक प्रेस वार्ता में कहा कि यह समिति सभी पुरस्कार विजेताओं के चित्रों से भरे एक कमरे में बैठती है और वह कमरा साहस और निष्ठा, दोनों से भरा है।

## फिलीपींस में आया 7.6 तीव्रता का भूकंप सुनामी का अलर्ट जारी




**नई दिल्ली ।** फिलीपींस में भूकंप के झटके थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। शुक्रवार सुबह मिंडानाओ क्षेत्र के दावाओ ओरिएंटल प्रांत में धरती एक बार फिर डोली, जिसके बाद अफरातफरी मच गई। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 7.6 मापी गई। भीषण भूकंप के बाद सुनामी का अलर्ट जारी कर दिया गया है। साथ ही लोगों को तटीय इलाकों से दूर और ऊंचे स्थान पर जाने का आग्रह किया गया है। फिलीपीन इंस्टीट्यूट ऑफ वोल्केनोलॉजी एंड सीस्मोलॉजी की रिपोर्ट के मुताबिक भूकंप मनय शहर से करीब 20 किलोमीटर और 10 किलोमीटर गहराई में आया। भूकंप के दौरान की कुछ वीडियो भी सामने आए हैं। इसके बाद देश के तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने की चेतावनी जारी कर दी गई। मौसम विभाग ने आशंका जताई कि भूकंप के परिणामस्वरूप स्थानीय समयानुसार 11 बजकर 43 मिनट 54 सेकेंड (स्थानीय समय) तक सुनामी दस्तक दे सकती है। फिलीपीन इंस्टीट्यूट ऑफ वोल्केनोलॉजी एंड सीस्मोलॉजी ने चेतावनी दी, "सुनामी की लहरें घंटों तक जारी रह सकती हैं। डेटाबेस के आधार पर सामान्य ज्वार से एक मीटर से अधिक ऊंची लहरें उठने की उम्मीद है और खाड़ियों और जलडमरूमध्य में ये लहरें और भी ऊंची हो सकती हैं। प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने कहा कि भूकंप के केंद्र से 300 किलोमीटर के दायरे में फिलीपींस के तटों पर सामान्य ज्वार से 3 मीटर ऊंची खतरनाक लहरें उठने की संभावना है। फिलहाल, भूकंप की वजह से जानमाल के नुकसान से जुड़ी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। प्रशांत 'रिंग ऑफ फायर' के साथ स्थित होने के कारण फिलीपींस में अक्सर भूकंप के झटके महसूस किए जाते हैं। शुक्रवार को करीब दो हफ्ते में तीसरी बार धरती कांपी। इससे पहले 7 अक्टूबर को भूकंप के झटके महसूस हुए थे, जिसकी गहराई 80 किलोमीटर थी।

- **डाटाबेस के आधार पर सामान्य ज्वार से 1 मीटर से अधिक ऊंची लहरों की संभावना**
- **खाड़ियों और जलडमरूमध्य में लहरें और भी ऊंची हो सकती हैं**
- **प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने फिलीपींस तटों के लिए चेतावनी जारी की**

## काबुल में टेक्निकल मिशन को भारतीय दूतावास का दर्जा, भारत का अफगानिस्तान को लेकर बड़ा फैसला

एजेंसी । नई दिल्ली



भारत फिर खोलेगा काबुल में अपना दूतावास

- विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी से की मुलाकात
- भारत ने 2021 में तालिबान के कब्जे के बाद दूतावास बंद किया था
- अब तकनीकी मिशन को दूतावास में अपग्रेड करने की तैयारी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान कहा कि भारत काबुल में अपना दूतावास फिर से खोलेगा। अगस्त 2021 में तालिबान द्वारा अफगानिस्तान में सरकार पर नियंत्रण करने के बाद, भारत ने अफगानिस्तान में अपने दूतावास और वाणिज्य दूतावास बंद कर दिए थे। इसके बाद, भारत ने 2022 में एक तकनीकी टीम अफगानिस्तान भेजकर वहां अपनी राजनयिक उपस्थिति फिर से स्थापित की। जयशंकर ने कहा कि भारत अब अफ़ग़ानिस्तान की राजधानी काबुल में अपने तकनीकी मिशन को दूतावास में अपग्रेड करेगा। विदेश मंत्री की नई दिल्ली में मुत्ताकी के साथ बैठक, 2021 में अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद तालिबान के सत्ता में आने के बाद से दोनों देशों के बीच पहली उच्च-स्तरीय राजनयिक बातचीत है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से मंजूरी मिलने के बाद मुत्तक़ी 9 से 16 अक्टूबर तक भारत की यात्रा पर हैं। उन्होंने शुक्रवार को विदेश मंत्री जयशंकर से मुलाक़ात की और आने वाले दिनों में आगरा और देवबंद मदरसे का दौरा करेंगे। वे भारत में अफ़ग़ान समुदाय के सदस्यों से भी मिलेंगे। यह पहली बार है जब किसी तालिबानी विदेश मंत्री ने भारत का दौरा किया है। यह देश की विदेश नीति में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है जहां भारत तालिबान पर अपनी स्थिति को स्पष्ट कर रहा है।

## काबुल में सिलसिलेवार धमाके पूर्वी जिले में दहशत का माहौल

### पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच तनाव बढ़ा

एजेंसी । काबुल

अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में रविवार देर रात हुए सिलसिलेवार धमाकों की घटना के बाद तनाव नाटकीय रूप से बढ़ गया है। आशंका जताई जा रही है कि ये विस्फोट बिना उकसावे के सीमा पार से किए गए हवाई हमलों का नतीजा थे। कथित तौर पर ये विस्फोट पूर्वी काबुल के डिस्ट्रिक्ट 8 से शुरू हुए, जो प्रमुख सरकारी सुविधाओं और आवासीय क्षेत्रों का केंद्र है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के दौरान आसमान से विमानों की आवाजें सुनाई दे रही थीं। सिलसिलेवार धमाकों के बाद से इलाके में दहशत का माहौल देखा जा रहा है। भले ही विस्फोटों के पीछे का सटीक स्रोत और उद्देश्य का अभी तक पता नहीं चल सका, लेकिन शुरुआती रिपोर्ट्स में हवाई हमलों की आशंका जताई गई है। उल्लेखनीय है कि यह घटना पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ की ओर से नेशनल असेंबली में दिए गए एक तीखे बयान के कुछ ही घंटों बाद हुई। इस दौरान ख्वाजा आसिफ ने राजनयिक संयम में कमी का संकेत देते हुए कहा था, "बस, अब बहुत हो गया।

## धार्मिक उत्सव में हवाई हमले के बाद संयुक्त राष्ट्र ने म्यांमार सेना की निंदा की

**जिनेवा ।** म्यांमार की सेना के सागाइंग क्षेत्र में एक धार्मिक उत्सव के दौरान किए घातक हवाई हमले की शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र (संरा) ने कड़ी निंदा की। सोमवार को हुए इस हमले में बच्चों सहित कम से कम 24 नागरिक मारे गए थे। यह हमला सागाइंग क्षेत्र के चाउंग-यू कस्बे में उस समय हुआ, जब स्थानीय लोग एक राष्ट्रीय धार्मिक उत्सव मनाने के लिए एकत्र हुए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक मोटर चालित पैराग्लाइडर ने एकत्रित भीड़ पर दो विस्फोटक गिराए, जिसके परिणामस्वरूप 24 लोग मारे गए और 45 से अधिक लोग घायल हो गए। इस त्रासदी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए संयुक्त राष्ट्र जिनेवा ने एक्स पर पोस्ट किया।

## ईडी ने 100 करोड़ के साइबर धोखाधड़ी मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया

एजेंसी । गुजरात



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने साइबर अपराध के कई मामलों में धनशोधन की जांच के तहत गुजरात में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। ईडी ने एक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी। साइबर अपराध के इन मामलों में लोगों से कथित तौर पर 100 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की गई। ईडी के सूरत उप-क्षेत्रीय कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत मकबूल अब्दुल रहमान डॉक्टर, काशिफ मकबूल डॉक्टर, महेश मफतलाल देसाई और ओम राजेंद्र पांड्या को हिरासत में लिया है। आरोप है कि मकबूल डॉक्टर, उसके बेटे काशिफ मकबूल डॉक्टर और बासम मकबूल डॉक्टर के अलावा देसाई, पांड्या और कुछ अन्य लोगों ने विभिन्न साइबर धोखाधड़ी के जरिए लोगों के साथ ''ठगी'' की थी। ईडी ने बयान में कहा कि आरोपियों ने ''अपराध से अर्जित आय'' एकत्रित करने के लिए अपने कर्मचारियों, सहयोगियों और कुछ लोगों के नाम पर बैंक खाते खोले।

### गाजा पीस प्लान के विरोध में पाकिस्तान में हिंसा

## 2 लोगों की मौत, अमेरिकी दूतावास तक मार्च करने की कोशिश कर रहे थे

**इस्लामाबाद ।** गाजा में ट्रम्प के पीस प्लान का समर्थन करने को लेकर पाकिस्तान में तनाव बढ़ गया है। कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान ने इसे लेकर शुक्रवार को प्रदर्शन किया। इन्होंने अमेरिकी दूतावास की तरफ मार्च करने की कोशिश की, जिसे लेकर उनकी पुलिस से झड़प हो गई। इसमें झड़प में 2 प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई है और कई लोग घायल हैं। टीएलपी आज इस्लामाबाद में मार्च निकाल रही है। इसे रोकने के लिए सरकार ने राजधानी की ओर जाने वाली प्रमुख सड़कें ब्लॉक कर दी हैं और इस्लामाबाद व रावलपिंडी में मोबाइल इंटरनेट सेवा बंद कर दी है। इस प्रदर्शन की शुरुआत तब हुई, जब गुरुवार देर रात पंजाब पुलिस ने टीएलपी मुख्यालय पर छापा मारकर इसके नेता साद रिजवी को गिरफ्तार करने की कोशिश की।

## अमेरिका ने पाकिस्तान को हथियार सप्लाई की अटकलों को खारिज किया



**नई दिल्ली।** अमेरिकी वॉर मेमोरियल ने उन सभी अटकलों पर पूर्ण विराम लगा दिया है, जिसमें ये कहा जा रहा था कि अमेरिका पाकिस्तान को हथियार सप्लाई करने वाला है। अमेरिकी वॉर मेमोरियल की तरफ से इन सभी दावों को खारिज करते हुए इस बात से साफ इनकार कर दिया है कि अमेरिका पाकिस्तान को हथियार सप्लाई करने वाला है। इसे लेकर पूर्व भारतीय राजनयिक केपी फैबियन ने आईएएनएस से बातचीत की है। पूर्व भारतीय राजनयिक केपी फैबियन ने कहा, "मैंने अमेरिका की ओर से जारी किया गया स्पष्टीकरण देखा है। वे यह बताने की कोशिश कर रहे हैं कि अमेरिका पाकिस्तान को क्रूज मिसाइल सप्लाई नहीं कर रहा है। वे हमें यह बताने की कोशिश कर रहे हैं कि उन्होंने उन्हें और कोई भी अपग्रेडेड क्रूज मिसाइलें नहीं दी हैं। लेकिन मैंने कहा कि यह स्पष्टीकरण इस मामले को संबोधित करता है। वहीं अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मुत्ताकी पहली बार भारत दौरे पर पहुंचे हैं। इसे लेकर उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि यह भारत और अफगानिस्तान दोनों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, और यह अगस्त 2021 में तालिबान के सत्ता में आने पर विशेष रूप से साफ हो गया। जैसा कि आप जानते हैं, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने तालिबान को मान्यता नहीं देने या अफगानिस्तान में सत्ता पर उनकी पकड़ को स्वीकार नहीं करने का फैसला किया।

## रसोई गैस रिसाव के बाद लगी आग से 4 प्रवासी श्रमिक झुलसे



एजेंसी । नई दिल्ली

केरल के पुथियांगडी बंदरगाह के पास शुक्रवार सुबह कमरे में खाना पकाते समय सिलेंडर से गैस रिसाव होने के बाद लगी आग की चपेट में आकर चार प्रवासी श्रमिक झुलस गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।पुलिस ने बताया कि सभी पीड़ित मूल रूप से ओडिशा निवासी हैं। सभी को इलाज के लिए परियारम मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसने बताया कि सुबह करीब साढ़े छह बजे खाना पकाते समय यह घटना हुई।

पुलिस ने बताया कि पीड़ितों के बयान के अनुसार, पिछली रात गैस चूल्हा ठीक से बंद नहीं किया गया था और इसी कारण कमरे में गैस का रिसाव हो गया। पुलिस ने बताया कि सुबह जब श्रमिकों ने चूल्हा जलाने की कोशिश की तो कमरे में आग लग गई।






## पुरुष करें तो ठीक, महिला मांगे तो हंगामा?

# दीपिका पादुकोण ने खोली बॉलीवुड की पोल

कहानी फिल्म जगत की



### पुरुष अभिनेताओं ने कभी सुर्खियां नहीं बटोरीं : दीपिका

दीपिका पादुकोण ने पुरुष अभिनेताओं का उदाहरण देते हुए कहा, 'एक महिला होने के नाते, अगर यह दबाव या कुछ और लगता है, तो ऐसा ही हो। लेकिन यह कोई रहस्य नहीं है कि कई सुपरस्टार, पुरुष सुपरस्टार, भारतीय फिल्म उद्योग में आठ घंटे काम करते रहे हैं। वे सालों से ऐसा करते आ रहे हैं। यह कभी सुर्खियाँ नहीं बना। अभिनेत्री ने आगे कहा, 'मैं नाम नहीं लेना चाहती, क्योंकि इससे यह एक बड़ा मुद्दा बन सकता है। लेकिन यह एक सर्वविदित तथ्य है कि कई पुरुष अभिनेता आठ घंटे काम करते हैं। कुछ सोमवार से शुक्रवार तक आठ घंटे काम करते हैं और सप्ताहांत में काम नहीं करते।

**'स्पिरिट' और 'कल्कि 2898 ईस्वी' के सीक्वल से दीपिका के बाहर होने से हलचल**

दीपिका ने उस समय अपनी प्रतिक्रिया दी जब उन्हें बताया गया कि उन्हें अपने फैसले के लिए काफी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, "एक महिला होने के नाते, अगर यह दबाव डालने जैसा लग रहा है या कुछ और, तो ऐसा ही हो। लेकिन यह कोई रहस्य नहीं है कि भारतीय फिल्म उद्योग में कई सुपरस्टार, पुरुष सुपरस्टार, सालों से आठ घंटे काम कर रहे हैं, और यह कभी सुर्खियों में नहीं आया। दीपिका पादुकोण ने इंडस्ट्री में चल रही बहस पर अपनी चुप्पी तोड़ी। उन्होंने कहा, 'मैंने कई स्तरों पर ऐसा किया है, यह मेरे लिए कोई नई बात नहीं है। मुझे लगता है कि मुझे जो भी मिला, उससे निपटना पड़ा है, यहाँ तक कि भुगतान जैसी चीज़ों से भी। मुझे नहीं पता कि इसे क्या कहा जाए, लेकिन मैं हमेशा अपनी लड़ाई चुपचाप लड़ती हूँ और किसी अजीब वजह से, कभी-कभी ये सार्वजनिक हो जाती हैं। यह मेरा तरीका नहीं है। न ही मेरी परवरिश इस तरह हुई है।

# घाटशिला चुनाव को लेकर बंगाल-ओडिशा सीमा पर रहेगी चौकसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** घाटशिला उपचुनाव को लेकर शुक्रवार को बंगाल व ओडिशा पुलिस के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई। आईजी अभियान सह नोडल पदाधिकारी डॉ माइकल राज एस की अध्यक्षता में बैठक के दौरान चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर चर्चा की गई। चुनाव के दौरान बंगाल व ओडिशा की सीमाओं



पर चेकपोस्ट स्थापित कर चौकसी बरतने का फैसला लिया गया। बैठक में संयुक्त रूप से अपराधियों, असामाजिक तत्वों एवं नक्सलियों के विरुद्ध सार्थक कार्रवाई करने तथा अवैध शराब, मादक पदार्थ, अवैध आग्नेयास्त्र, अवैध धन के अंतरराज्यीय संचरण की रोकथाम तथा अन्तर्राज्यीय चेक पोस्ट स्थापित करने के संबंध में व्यापक रूप से समीक्षा की गई।

घाटशिला निर्वाचन क्षेत्र के सीमावर्ती जिला, पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती जिला झारग्राम व पुरुलिया तथा ओडिशा राज्य के सीमावर्ती जिला मयूरभंज में विशेष रूप से मिरर चेक पोस्ट सक्रिय करने, अंतर्राज्यीय वांछित अपराधियों/वारंटियों/हिस्ट्रीशीटरों के बारे में संयुक्त रूप से वांछित कार्रवाई करने का निर्णय अधिकारियों ने लिया। वहीं आसूचना साझा करते हुए सक्रिय अंतरराज्यीय संगठित अपराध एवं आपराधिक गिरोहों के विरुद्ध संयुक्त कारगर कार्रवाई करने की कार्ययोजना की रूप-रेखा पर ओडिशा एवं पश्चिम बंगाल के पुलिस पदाधिकारियों से सहयोग झारखंड पुलिस ने मांगा। बैठक में झारखंड पुलिस की ओर से चुनाव कोषांग के डीआईजी धनंजय कुमार सिंह, अश्विनी कुमार सिन्हा उपस्थित थे।

वहीं, वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से डीआईजी कोल्हान अनुरंजन किस्पोट्टा, जमशेदपुर एसएसपी पीयूष पाण्डेय, ओडिशा केंद्रीय क्षेत्र के डीआईजी डॉ सत्यजीत नायक, मयूरभंज एसपी वरुण गुंटूपल्ली, पुरूलिया एसपी अभिजीत बनर्जी, झारग्राम एसपी अरिजीत सिन्हा शामिल हुए।

# पंजाबी व अन्य महिलाओं ने किया करवा चौथ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** करवा चौथ पर शुक्रवार को पंजाबी सहित अन्य महिलाओं ने सामूहिक रूप से डोरंडा स्थित शिवालिक ग्रीन व्यू अपार्टमेंट परिसर में पूजा-अर्चना की। पंडित अनुज रंजन मिश्रा ने इसे विधिवत रूप से संपन्न कराया। महिलाओं ने लै वीरों कुड़ियों करवड़ा,लै सर्व सुहागन करवड़ा,लै करवड़ा बटाइए,चवंदा चौली पाइए गीत गाया। यह जानकारी देते हुए आयोजक ज्योति चावला ने बताया कि मौके पर 30 से भी



अधिक महिलाओं ने अपने सुहाग की मंगलकामना की। मौके पर मुख्य रूप से इसमें ज्योति चावला, रीता चावला, मनप्रीत चावला, चंदा कुमारी, बिंदू सिंह, उमा देवी, काज़ल सिंह, पूजा अजमानी, सिल्की अजमानी, मुस्कान सुनेजा, पूजा वर्मा, सिमरन कौर, तसलीन कौर चावला, रिम्पी कौर, शीतल राजपाल आदि उपस्थित थीं।

## डबल मर्डर केस में आरोपी दीपेश कांदिर की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** अपर न्यायायुक्त संजीव झा की अदालत ने डबल मर्डर केस के आरोपी दिपेश कांदिर की जमानत याचिका खारिज कर दी है। यह मामला 11 मई 2025 को धुर्वा हटिया थाना क्षेत्र के सीठियो गांव की है, जहां सरगुल बांध के पास दो युवकों के शव बरामद होने से जुड़ा है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि दीपेश ने अपनी प्रेमिका के साथ हुए दुष्कर्म का बदला लेने के लिए हत्या की साजिश रची थी।

## बिजली चोरी करने के आरोप में राज्य में 1297 पर प्राथमिकी

**रांची।** बिजली चोरी की रोकथाम को लेकर झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने तीन दिनों तक सघन अभियान चलाया। यह अभियान सात से लेकर नौ अक्तूबर तक देर रात तक चला। इस दौरान पूरे राज्य में 15 विद्युत आपूर्ति अंचलों के द्वारा 8893 जगहों में छापेमारी की गई। इसमें 1297 लोगों पर बिजली चोरी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई। इस दौरान पूरे राज्य में बिजली चोरी करने वालों पर 215.12 लाख का जुर्माना भी लगा। अभियान में 119 टीमें गठित की गई थीं। यह जानकारी जेबीवीएनएल एपीटी महाप्रबंधक श्रवण कुमार ने दी।

## डिजिटल मार्केटिंग में ब्रांड निर्माण की दी गई जानकारी

**रांची।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में शुक्रवार को 'हाउ टू बिल्ड ए ब्रांड इन डिजिटल मार्केटिंग विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एवं वक्ता, डॉ. प्रशांत पारीक ने छात्रों को डिजिटल युग में ब्रांड निर्माण के नए आयामों से परिचित कराया और उन्हें रचनात्मक सोच के लिए प्रेरित किया। संगोष्ठी में डिजिटल मार्केटिंग में ब्रांड निर्माण के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। डॉ. पारीक के विचारों ने छात्रों में आधुनिक विपणन की गहरी समझ विकसित की और उन्हें अपने भविष्य के करियर को आत्मविश्वास एवं नवाचार के साथ संवारने के लिए प्रेरित किया।

### बारबाडोस के ब्रिजटाउन में आयोजित कार्यशाला में रबींद्रनाथ महतो ने कहा

# भारत में लोकतंत्र उतना ही विविध है जितना कि यह लोगों की सेवा करता है

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ 05 से 12 अक्टूबर तक बारबाडोस के ब्रिजटाउन में आयोजित किया गया है। प्लेनरी सत्र के अंतिम कार्यशाला में झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने "राष्ट्रीय संसद बनाम प्रांतीय, प्रादेशिक और विकेंद्रीकृत विधान - शक्ति के पृथक्करण की रक्षा और संरक्षण" विषय पर बारबाडोस एसेंबली में विभिन्न देशों के राजनयिकों के समक्ष अपना वक्तव्य को रखा। वहीं कहा कि सत्ता को हमेशा जवाबदेही और नैतिक व्यवस्था द्वारा नियंत्रित किया जाना चाहिए। मोंटेस्क्यू ने बाद में शक्तियों के पृथक्करण के अपने सिद्धांत में जिसे संहिताबद्ध किया। भारत के प्राचीन ग्रंथों में पहले से ही निहित था कि स्थिरता तभी आती है जब अधिकार विभाजित और सामंजस्यपूर्ण होता है,न कि केंद्रित हों।



हमारे संविधान के प्रमुख निर्माता डॉ. बीआर अम्बेडकर ने इस संतुलन को उल्लेखनीय स्पष्टता के साथ समझाया। उन्होंने कहा, "संघवाद का मूल सिद्धांत यह है कि विधायी और कार्यकारी प्राधिकरण केंद्र और राज्यों के बीच विभाजित होता है, केंद्र द्वारा बनाए गए किसी कानून द्वारा नहीं बल्कि संविधान द्वारा ही" यह योजना न केवल राष्ट्रीय एकता की रक्षा करती है, बल्कि प्रांतीय स्वायत्तता को भी पोषित करती है, यह सुनिश्चित करते हुए कि भारत में लोकतंत्र उतना ही विविध है जितना कि यह लोगों की सेवा करता है। राष्ट्रीय संसदें और प्रांतीय विधानसभाएं सर्वोच्चता के लिए प्रतिद्वंद्वी नहीं हैं। वे लोकतंत्र के पूरक स्तंभ हैं। प्रत्येक का अपना जनादेश होता है, लेकिन वे मिलकर यह सुनिश्चित करते हैं कि शासन के हर स्तर पर लोगों की आवाज सुनी जाए।

लोकतंत्र की वास्तविक ताकत इस बात में नहीं है कि किसी संस्थान के पास कितनी शक्ति है, बल्कि यह है कि वह कितनी जिम्मेदारी से खुद को अतिक्रमण से रोकता है।

भारत में झारखंड विधान सभा के अध्यक्ष के रूप में मैंने देखा है कि कैसे यह संतुलन लोगों को सशक्त बनाता है। हमारे जैसे विविधतापूर्ण देश में एक दूरदराज के गांव में किसान की आवाज, एक औद्योगिक शहर में युवाओं की आकांक्षाएं और हमारे जंगलों में स्वदेशी समुदायों की चिंताओं को विधायी प्रक्रिया में जगह मिलनी चाहिए। यह तभी संभव है जब राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभाएं एक-दूसरे के पूरक हों-राष्ट्रीय एकता की रक्षा करने वाली संसद और स्थानीय पहचान और आकांक्षाओं का पोषण करने वाली प्रांतीय विधानसभाएं।

आइए हम अपनी संस्थाओं की पवित्रता को बनाए रखने, संवैधानिक सीमाओं का सम्मान करने और शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हों। ऐसा करके, हम केवल कानूनी सिद्धांतों का बचाव नहीं कर रहे हैं, हम आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वतंत्रता और लोकतंत्र की नींव को सुरक्षित कर रहे हैं।

इस सत्र में राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश ,झारखंड से सम्मेलन में भाग ले रहे सदस्य नवीन जयसवाल तथा ऑस्ट्रेलिया और कनाडा के पार्लियामेंट्रियन के भी अध्यक्ष के साथ उपस्थित रहे।

# संजय सेठ ने मुंबई में की ब्रिटेन के रक्षा राज्य मंत्री से मुलाकात

- **भारत और ब्रिटेन के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर हुई सकारात्मक बातचीत**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** देश के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शुक्रवार को मुंबई में ब्रिटेन के रक्षा राज्य मंत्री लॉर्ड वर्नोन कोकर से मुलाकात कर भारत में उनका अभिनंदन किया। इस मुलाकात के दौरान भारत और ब्रिटेन के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर सकारात्मक बातचीत हुई।

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने ब्रिटेन के रक्षा मंत्री समूह (सीएसजी) के दौरे और इंडियन नेवी के साथ कोंकण-25 अभ्यास में उनकी भागीदारी का स्वागत किया। हिंद-प्रशांत समुद्री क्षेत्र में परिचालन सहयोग को मजबूत करने, वैश्विक रक्षा आपूर्ति श्रृंखला सहयोग को मजबूत करने और नियम-आधारित व्यवस्था को बनाए रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### जल स्त्रोतों को अतिक्रमण मुक्त करने पर छह नवंबर को होगी सुनवाई

# सरकार ने पक्ष रखने के लिए कोर्ट से समय लिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के बड़ा तालाब समेत डैमों एवं अन्य जल स्त्रोतों को अतिक्रमण और प्रदूषण मुक्त करने के मामले पर हाईकोर्ट में छह नवंबर को विस्तृत सुनवाई होगी। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से इस मामले में पक्ष रखने के लिए हाईकोर्ट से समय देने का आग्रह किया गया। चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने आंशिक सुनवाई के बाद सरकार का आग्रह स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई छह नवंबर निर्धारित की। हाईकोर्ट ने जल स्त्रोतों के प्रदूषण और अतिक्रमण पर सुनवाई




करते हुए 29 अगस्त को झालसा को जल स्त्रोतों की मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया था। इस मामले में अब तक हाईकोर्ट के निर्देशों का सही तरीके से पालन नहीं करने के कारण झालसा को यह जिम्मेवारी दी गयी है। अदालत ने झालसा के सदस्य सचिव की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की है। कमेटी में जिला प्रशासन, नगर निगम, जल संसाधन विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और पुलिस प्रशासन के अधिकारी शामिल किए गए हैं। हाईकोर्ट ने कमेटी को समय-समय पर जल स्त्रोतों का निरीक्षण कर कोर्ट को रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। निरीक्षण के दौरान पारा लीगल वालंटियर्स और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की मदद भी लेने का निर्देश दिया गया है। झालसा ने रांची के सभी जलाशयों और डैमों का निरीक्षण किया है और सभी हितधारकों के साथ बैठक भी की है। 18 सितंबर और सात अक्टूबर को बैठक की गई है। बैठक में रांची जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जलाशयों, नदियों और जल निकायों पर हुए अतिक्रमण की वास्तविक स्थिति का आकलन किया गया तथा विभागों की ओर से तैयार कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गयी है।



राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को राज्य के नवनियुक्त मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल को उन्होंने राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं व विकास कार्यों की प्रगति से अवगत कराया।

## पृष्ठ एक के शेष

**बिहार विधानसभा चुनाव में...**
उम्मीदवार उतारेगी। उन्होंने कहा कि कि झामुमो तारापुर, कटोरिया, मनिहारी, झाझा, पीरपैंती, ठाकुरगंज, बांका, रूपौली, चकाई, जमालपुर, बनमनखी और रामनगर सीटों पर चुनाव लड़ने को तैयार है। झामुमो ने विगत मंगलवार को हुई बैठक के दौरान आदिवासी बहुल सीमावर्ती क्षेत्रों में करीब 12 सीटों पर दावा किया था। इधर, राज्य के एक राजद नेता के अनुसार, राष्ट्रीय जनता दल झामुमो को पांच सीटें देने पर विचार कर रहा है। ज्ञात हो कि बिहार विधानसभा की 243 सीटों के लिए चुनाव 6 और 11 नवंबर 2025 को होंगे और मतगणना 14 नवंबर को होगी।

**सचेत हों गलत करने वाले...**
बिक्री को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने पर संबंधित स्टोर को तुरंत सील किया जाएगा। साथ ही, उनका लाइसेंस रद्द किया जाएगा और आवश्यकतानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि राज्य के प्रत्येक जिले में ड्रग्स निरीक्षण टीमें गठित की जा रही हैं। ये टीमें बाजार में उपलब्ध सभी कफ सिरप, एंटीबायोटिक और पेन रिलीवर दवाओं का नमूना लेकर जांच करेंगी। उन्होंने बताया कि राज्य ड्रग्स निदेशालय को निर्देश दिए गए हैं कि वे 24 घंटे के भीतर प्राथमिक जांच रिपोर्ट और 72 घंटे के भीतर विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करें। स्वास्थ्य मंत्री पैरासिटामोल की गोली में फंगस लगने की खबर के बाद सदर अस्पताल पहुंचे और वहां इसकी जांच की। स्वास्थ्य मंत्री ने सदर अस्पताल रांची में पैरासिटामोल में फंगस लगने के मामले में कहा कि यह स्वास्थ्य विभाग को बदनाम करने के लिए एक साजिश है। मैंने खुद जाकर के पैरासिटामोल दवा की जांच की है। कहीं किसी प्रकार का कोई फंगस नहीं लगा हुआ है।

**खलारी में हुई पुलिस मुठभेड़ में दो...**
छापामारी दल ने घायल दोनों अपराधियों को अपने नियंत्रण में लेकर विधिवत कार्रवाई करते हुए प्रारंभिक पूछताछ की। दोनों अपराधियों ने बताया कि इनके दो अन्य साथी ठाकुरगांव से पूर्व इठे मोड़ के पास इनका इंतजार कर रहे हैं, जहां से मिलकर सभी की खलारी थाना क्षेत्र में कोयला साइडिंग पर फायरिंग करने की योजना है। यह जानकारी मिलते ही छापामारी टीम के कुछ सदस्य ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के इठे मोड़ पर पहुंचे और एक महिंद्रा बोलेरो में आ रहे राहुल दुबे गिरोह के अन्य दो सक्रिय अपराधियों को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने उनके पास से लोडेड देसी पिस्टल बरामद किए। साथ ही, उनकी निशानदेही पर जब्त महिंद्रा बोलेरो से भारी मात्रा में आग्नेयास्त्र एवं कारतूस बरामद किए गए। तत्काल छापामारी दल ने बरामद सभी आग्नेयास्त्र, गोली, घटना में प्रयुक्त वाहन को विधिवत जब्त कर संलिप्त चारों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, कुछ महीने पहले गैंगस्टर अमन साहू के एनकाउंटर में मारे जाने के बाद राहुल दुबे ने गिरोह की कमान संभाली थी। हाल के दिनों में कोयलांचल क्षेत्र में रंगदारी की वसूली रुक जाने के बाद गिरोह ने फिर से दहशत फैलाने की योजना बनाई थी। इसी क्रम में गिरोह के करीब एक दर्जन सदस्य हथियारों के साथ खलारी इलाके की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन पुलिस को समय रहते उनकी गतिविधियों की जानकारी मिल गई।

**गिरफ्तार अपराधी :** 1. साजन अंसारी उर्फ शाहिद अंसारी (पिता - मुस्ताक अंसारी) पता - रिवर साइड, थाना - भुरकुंडा जिला - रामगढ़। 2. अमित कुमार गुप्ता उर्फ अमित कुमार (पिता - दिनेश कुमार गुप्ता) ग्राम - कुसीडीह, थाना - बालीडीह, जिला- बोकारो। 3. आतिश दास उर्फ एंकर दास (पिता - शिवदयाल दास)। 4. देवानंद दास (पिता - रामेश्वर दास) दोनों सा. - मधुपुर फुलची, थाना - मार्गोमुंडा, जिला - देवघर।

**वेनेजुएला की मारिया कोरिना को...**
हस्ती होने के लिए सराहा गया, जो कभी विभाजित था। एक ऐसा विपक्ष, जिसने स्वतंत्र चुनावों और प्रतिनिधि सरकार की मांग की। इस साल का नोबेल शांति पुरस्कार काफी चर्चा में था। इसकी खास वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रहे। दरअसल, ट्रंप के इस पुरस्कार के लिए अग्रणी दावेदार के रूप में उभरने और इसके लिए आक्रामक रूप से प्रयास करने के कारण यह काफी सुर्खियों में थी। इजरायल, रूस, अजरबैजान, पाकिस्तान, थाईलैंड, आर्मेनिया और कंबोडिया जैसे कई देशों ने अमेरिकी राष्ट्रपति को नामांकित किया था। गौरतलब है कि इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए इस वर्ष 338 नामांकन प्राप्त हुए हैं, जिनमें 94 संगठन और विभिन्न क्षेत्रों के 244 लोग शामिल हैं। इधर, ट्रंप ने दावा किया था कि वे 'इतिहास' में 'नौ महीनों की अवधि में आठ युद्धों को सुलझाने' वाले पहले व्यक्ति हैं। वर्ष 1901 से, नोबेल शांति पुरस्कार 105 बार 139 विजेताओं को प्रदान किया जा चुका है। इनमें 92 पुरुष, 19 महिलाएं और 28 संगठन शामिल हैं।

**सुप्रीम कोर्ट से निलंबित आईएएस छवि...**
इनमें चर्चित कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, फैयाज खान, मोहम्मद सद्दाम, इम्तियाज खान, तल्हा खान, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष शामिल हैं। ज्ञात हो कि छवि रंजन 2011 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वे पूर्व में रांची तथा कोडरमा जिले के उपायुक्त रह चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश के बाद अब उनके जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हो गया है।

**हजारीबाग में राजस्व कर्मचारी...**
इसमें पाया गया कि आरोपी ज्ञानी राम ने आवेदक से पहली किस्त के रूप में 3,000 रुपए की मांग की थी। सत्यापन प्रतिवेदन के आधार पर एसीबी हजारीबाग ने मामला दर्ज कर लिया। इसके बाद एसीबी की गठित ट्रैप टीम ने दारू अंचल में छापेमारी कर आरोपी राजस्व कर्मचारी ज्ञानी राम को वादी से तीन हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया।

# किसी के साथ अमानवीय व्यवहार करना दंडनीय अपराध : राजेश कुमार सिन्हा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर शुक्रवार को रिनपास में रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) की ओर से विधिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डिप्टी एलएडीसी (लीगल एड डिफेंस काउंसल) राजेश कुमार सिन्हा ने मेंटल हेल्थ केयर एक्ट, 2017 की प्रमुख धाराओं की जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति को भी समाज में सम्मानपूर्वक जीने का अधिकार है। सिन्हा ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के साथ अमानवीय व्यवहार करना या उसके अधिकारों का हनन करना कानूनन दंडनीय अपराध है और इस एक्ट के तहत दोषी पाए जाने पर सजा का प्रावधान है। उन्होंने यह भी बताया कि रिनपास और सीआईपी में डालसा का लीगल एड क्लिनिक संचालित है, जहां पैरालीगल वॉलेंटियर्स (पीएलवी) जरूरतमंदों को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करते हैं। नशे से बचाव और निःशुल्क विधिक सहायता सहायक एलएडीसी पंकज कुमार शर्मा ने नालसा की योजना 'डॉन' पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे की लत से दूर रखना जिला विधिक सेवा प्राधिकार का एक प्रमुख उद्देश्य है, क्योंकि नशा न केवल स्वास्थ्य बल्कि परिवार और समाज दोनों के लिए हानिकारक है। उन्होंने चेतावनी दी कि नशे की लत व्यक्ति को अपराध और मानसिक बीमारियों की ओर धकेलती है। शर्मा ने नालसा का टोल-फ्री नम्बर 15100 साझा करते हुए बताया कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति इस पर कॉल करके निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकता है।

# निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गांधीनगर कॉलोनी में सीसीएल जन आरोग्य केंद्र गांधीनगर द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 119 लोगों की निःशुल्क जांच की गई और डॉक्टरी सलाह दी गई। शिविर में विशेषकर हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर और हाइपरटेंशन का निःशुल्क जांच किया गया और सभी को निःशुल्क दवा भी दिया गया । ज्ञात हो की सीसीएल द्वारा अपने हितधारकों तथा समाज के सभी जरूरतमंदों के बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध



कराने के उद्देश्य से समय-समय पर इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है। बड़ी संख्या में लोग इसका लाभ उठाते हैं। शिविर के सफल आयोजन में डॉ प्रीति तिग्गा, डॉ अनिता होरो, डॉ अनिता कुमारी, डॉ. नीलू कुमारी, डॉ अम्बरीश, डॉ शिल्पी झा, डॉ आशिमा, डॉ पायल, डॉ बेंजीमन, मुन्ना कुमार सिंह, कमलेश पंडित एवं सभी पारा मेडिकल स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

### पहल | विधायक सीपी सिंह ने 'खुशी रथ' को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, कहा

# समाज में खुशियां भरने का काम कर रहा 'खुशी क्लास'

- **डॉ संजय ने कहा, सकारात्मक भाव से ही आ सकती है खुशी**
- **मुकेश चौहान ने कहा, खुशी ही मंजिल तक ले जाती है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जब आप मुस्कुराते हैं, तब सृष्टि की ताकत आपमें समा जाती है। इसी मुस्कुराहट को बड़े ही शक्तिशाली व अनूठे अंदाज में प्रस्तुत कर रहा है 'खुशी क्लास।' आज के समय में तनावमुक्त समाज की कल्पना ही अभूतपूर्व है। ऐसे में 'खुशी क्लास' समाज में खुशियां भरने का काम कर रहा है, इसकी जितनी भी सराहना की जाए, कम




है। ये बातें रांची के विधायक सीपी सिंह ने गुरुवार को अपने आवास से 'खुशी रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के मौके पर कही। रांची में 16 अक्टूबर 2025 तक खुशी अभियान चलेगा। लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची व 'खुशी क्लास' के तत्वावधान में आयोजित इस मिशन के रथ रवानगी कार्यक्रम में विधायक सीपी सिंह ने 'खुशी मिशन' को अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि निःस्वार्थ भाव से पूरे झारखंड में घूम-घूम कर अबतक 538 स्कूल-कॉलेजों में 'खुशी क्लास' लगाना बहुत बड़ी बात है।

यहां के बाद 'खुशी रथ' चुटूपालु पहुंची। यहां रामशोभा बीएड कॉलेज में 539वां 'खुशी क्लास' का आयोजन हुआ। दीप प्रज्वलित, स्वागत गान व अतिथियों को पौधा भेंट करने के बाद कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई। प्रज्ञा आदित्य ने परिचय सत्र संचालित किया। प्रिंसिपल डॉ ज्योति वालिया ने विषय प्रवेश कराते हुए खुशी के स्वरूप को उदाहरणों के साथ सामने रखा। अभिषेक कुमार पांडे ने स्वागत भाषण दिया, जबकि शिवानी कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। 'खुशी क्लास' को संबोधित करते हुए प्रो डॉ संजय प्रसाद सिंह ने खुद में खुशियों को उतारने का सरल फार्मूला बताया। नो और इंड का सकारात्मक पहलू को दर्शाया। उन्होंने कहा कि जिंदगी का आधार ही खुशी है और यह खुशी सकारात्मक भाव से ही आ सकती है। 'खुशी क्लास' के संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि तनाव, डिप्रेशन को अपने जिंदगी में आस-पास भी फटकने नहीं देनी है। सकारात्मकता से खुशी जगती है और यही खुशी मंजिल तक ले जाती है। यूं कहें सकारात्मकता ही आपको सफलता दिलाएगी। उन्होंने छात्रों को बताया कि असफलता हमेशा सफलता की पहली सीढ़ी होती है, इसलिए अंक को कभी भी तनाव में नहीं लेना चाहिए। अंक को आप सकारात्मकता के साथ चुनौती के रूप में जरूर लें, पर तनाव के रूप में कभी नहीं। अंत में चौहान ने छात्रों, शिक्षकों से आग्रह किया कि अगर उन्हें कहीं लगता है कि कोई तनाव में है, 'खुशी क्लास' से संपर्क कर सकते हैं। निःशुल्क उन्हें हर संभव मदद पहुंचाई जाएगी।

### यशस्वी का 7वां शतक, वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना बेस्ट स्कोर बनाया

# विराट कोहली के रिकॉर्ड के बराबर पहुंचे जायसवाल...

**एजेंसी । नई दिल्ली**

यशस्वी जायसवाल जब अपने रंग में होते हैं तो उन्हें रोकना किसी भी गेंदज के लिए मुश्किल होता है। दिल्ली में फिर से यशस्वी जायसवाल ने एक कमाल की पारी खेली। उन्होंने पहले अपना अर्धशतक पूरा किया और उसके बाद शतक भी ठोक दिया। कुछ ही देर बाद जायसवाल ने अपने 150 रन भी पूरे कर लिए। ये दूसरी बार है, जब जायसवाल ने मैच के पहले ही दिन 150 से बना दिए हों। इससे पहले ये काम भारत के लिए केवल विराट कोहली ही कर पाए हैं। वहीं, दिल्ली में खेले जा रहे भारत बनाम वेस्टइंडीज मुकाबले में यशस्वी जायसवाल एक बार फिर से ओपनिंग के लिए मैदान में उतरे। उनके जोड़ीदार केएल राहुल जल्दी आउट होकर चले गए, लेकिन जायसवाल ने मोर्चा संभाले रखा। उन्हें पहले साई सुदर्शन का साथ मिला और फिर जब वे आउट हो गए तो कप्तान शुभमन गिल भी उनका साथ देने का काम किया।

**केवल 224 बॉल पर पूरे किए 150 रन :** यशस्वी जायसवाल ने अपने 150 रन 224 बॉल पर पूरे कर लिए। इस दौरान उनके बल्ले से 19 चौके आए। उनकी बल्लेबाजी कितनी संयमित थी, ये बात इससे समझी जा सकती है कि 150 रन पूरे करने तक उन्होंने कोई सिक्स नहीं लगाया था। ये दूसरी बार हुआ है, जब जायसवाल ने भारत में टेस्ट के पहले दिन 150 से अधिक रन बनाए हैं। इससे पहले जब साल 2024 में इंग्लैंड की टीम भारत आई थी, तब विशाखापट्टनम में खेले गए मुकाबले के पहले ही दिन जायसवाल ने 179 रन बनाए थे।

#### कोहली ने भी दिल्ली और विशाखापट्टनम में बनाए थे 150 से अधिक रन

इससे पहले भारतीय बल्लेबाज के तौर पर केवल विराट कोहली ही ऐसा काम कर पाए हैं। कोहली ने साल 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापट्टनम में 151 रन और इसके बाद साल 2017 में दिल्ली में श्रीलंका के खिलाफ 156 रन बनाए थे। ये दोनों काम उन्होंने टेस्ट के पहले ही दिन किए थे। हालांकि कोहली ने केवल 150 ही रन बनाए, लेकिन जायसवाल ने उससे भी ज्यादा बनाए हैं। यहां ध्यान रखिएगा कि जायसवाल ओपनिंग के लिए आते हैं और विराट कोहली अक्सर नंबर चार पर ही बल्लेबाजी के लिए आए हैं। इसलिए रनों का इतना अंतर तो होता ही है। अब देखना होगा कि यशस्वी जायसवाल अपनी इस पारी को और कितना बड़ा बना सकते हैं।




**पिछली उपलब्धियों से तुलना**

**2024 में इंग्लैंड के खिलाफ**
**विशाखापट्टनम में पहले दिन 179 रन**

**लगातार बड़े स्कोर से युवा बल्लेबाज ने अपनी क्षमता साबित की**

### आईपीएल ऑक्शन 13 से 15 दिसंबर के बीच मुमकिन

## भारत में ही होगी नीलामी, खिलाड़ियों को रिटेन करने की अंतिम तारीख 15 नवंबर

**एजेंसी । नई दिल्ली**

अगला आईपीएल ऑक्शन 13 से 15 दिसंबर के बीच भारत के ही किसी शहर में हो सकता है। इस बार मिनी ऑक्शन होना है। पिछले दो साल नीलामी दुबई और जेद्दा में हुई थी। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक खिलाड़ियों की रिटेंशन लिस्ट जारी करने की आखिरी तारीख 15 नवंबर तय की गई है। रिटेंशन लिस्ट में फ्रेंचाइजी को यह बताना होता है कि अपने स्क्वॉड में से किन खिलाड़ियों को वह रोक रही है और किनको ऑक्शन के लिए रिलीज कर रही है। बीसीसीआई ने इस बारे में अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

**एक टीम अधिकतम 6 खिलाड़ी रिटेन कर सकती :** कोई भी आईपीएल फ्रेंचाइजी अधिकतम 6 खिलाड़ियों को ही रिटेन कर सकती है। बाकी खिलाड़ियों को ऑक्शन के लिए रिलीज करना होता है। 6 रिटेन खिलाड़ियों में से 5 से ज्यादा इंटरनेशनल प्लेयर और 2 से ज्यादा अनकैप्ड प्लेयर नहीं हो सकते हैं। आईपीएल ऑक्शन में हर टीम के पास 120 करोड़ रुपए का पर्स होता है। हालांकि, पर्स में रिटेन किए गए खिलाड़ियों की संख्या के हिसाब से कटौती होती है। अगर कोई टीम 1 इंटरनेशनल खिलाड़ी को रिटेन करती है तो पर्स में से 18 करोड़ रुपए कट जाते हैं। दूसरा खिलाड़ी रिटेन करने पर 14 करोड़ रुपए और कम हो जाते हैं।



#### राजस्थान और चेन्नई ज्यादा खिलाड़ियों को रिलीज कर सकती है

आईपीएल के पिछले सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स की टीमें आखिरी दो पोजिशन पर रही थी। इस वजह से माना जा रहा है कि ये दो टीमें सबसे कम खिलाड़ियों को रिटेन करेगी। राजस्थान की टीम कप्तान संजू सैमसन को रिलीज कर सकती है। इसी तरह चेन्नई भी कई बड़े नामों को रिलीज कर सकती है।

इसी तरह तीसरे रिटेंशन के एवज में 11 करोड़, चौथे के लिए 18 करोड़ और पांचवें के लिए 14 करोड़ रुपए की कटौती होती है। अनकैप्ड खिलाड़ी को रिटेन करने पर 4 करोड़ रुपए पर्स से कम हो जाते हैं।

## 'टेन एक्सयू' के साथ सचिन तेंदुलकर ने रखा स्पोर्ट्स ब्रांड इंडस्ट्री में कदम

**मुंबई (आईएएनएस)**

मास्टर-ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने क्रिकेट के मैदान के बाद अब स्पोर्ट्स ब्रांड इंडस्ट्री में कदम रखा है। उन्होंने शुक्रवार को मुंबई में 'टेन एक्सयू' नाम से एक नया स्पोर्ट्स ब्रांड लॉन्च किया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 'शतकों का शतक' जमाने वाले इकलौते बल्लेबाज ने अपने जीवन के अनुभवों से सीखते हुए हर खेल के लिए 'स्पोर्ट्स शूज' और 'टी-शर्ट' लॉन्च की हैं। लॉन्चिंग के दौरान सचिन तेंदुलकर ने स्पोर्ट्स एंकर गौरव कपूर के साथ बातचीत में अपने दौर को याद करते हुए कहा, उस दौरान श्रीलंका दौरे हुआ करते थे, लेकिन प्रैक्टिस के लिए कोई सुविधाएं नहीं थीं। कोई इनडोर नेट नहीं था। उस दौरान हमारे पास जो भी सुविधाएं मौजूद होतीं, उसका सर्वोत्तम उपयोग करते। हमारे पास



बेहतरीन सुविधाएं नहीं थीं। खेल के प्रति जुनून और प्यार ने ही हमें आगे बढ़ाया। पत्रकारों के साथ बातचीत में सचिन तेंदुलकर ने कहा, "टेन एक्सयू प्रोडक्ट को तैयार करने में लंबा समय लगा है। हमने 18 महीनों का लंबा इंतजार किया। मैंने हमेशा कहा है कि भारत में युवाओं की आबादी सबसे ज्यादा है। मेरी एक ख्वाहिश है कि मैं अपने देश को खेल प्रेमी देश से बदलकर खेल खेलने वाला देश बनाना चाहता हूं। उन्होंने कहा, "क्रिकेट शूज मेरे लिए खास हैं।

### संजय बांगर: टेस्ट क्रिकेट में भारत के 'लकी चार्म', जिन्होंने बतौर कोच भी खुद को साबित किया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय बांगर आज एक कोच और कमेंटेटर के तौर पर



काफी मशहूर हैं। भारतीय क्रिकेट टीम में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिन्होंने खिलाड़ियों के तकनीकी सुधार और टीम के प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद की। बांगर टेस्ट क्रिकेट में भारत के 'लकी चार्म' साबित हुए। 11 अक्टूबर 1972 को महाराष्ट्र में जन्मे संजय बांगर ने 21 साल की उम्र में रेलवे की ओर से खेलते हुए फर्स्ट क्लास क्रिकेट में डेब्यू किया। इस दौरान उन्होंने बल्लेबाजी के साथ गेंदबाजी में भी अपना प्रभाव दिखाया। घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद संजय बांगर को साल 2001 में इंग्लैंड के खिलाफ भारत की टेस्ट टीम में स्थान मिला। उन्होंने इंग्लैंड के विरुद्ध मोहाली में अपना पहला टेस्ट खेला, जिसमें भारत की पहली पारी के दौरान 110 गेंदों का सामना करते हुए 36 रन बनाए। फरवरी 2002 को संजय बांगर अपना दूसरा टेस्ट मैच खेलने उतरे। उन्होंने नागपुर में जिम्बाब्वे के खिलाफ नाबाद शतक जड़ा, जिसकी बदौलत टीम इंडिया ने यह मुकाबला पारी और 101 रन से अपने नाम किया।

## शरत कमल ने ओडिशा को उभरते वैश्विक खेल केंद्र के रूप में सराहा



**भुवनेश्वर (आईएएनएस)**

टेबल टेनिस स्टार अचंता शरत कमल ने ओडिशा के उत्कृष्ट खेल बुनियादी ढांचे की सराहना की है। उन्होंने 28वीं आईटीटीएफ-एटीटीयू एशियाई टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप 2025 में भारत की पदक संभावनाओं को लेकर उम्मीद जताई है। ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर 11-15 अक्टूबर के बीच आईटीटीएफ-एटीटीयू एशियाई टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप 2025 की मेजबानी करने जा रहा है। 'पद्म श्री' और 'खेल रत्न पुरस्कार' से सम्मानित इस ओलंपियन ने चैंपियनशिप की पूर्व संध्या पर कहा, "ओडिशा में वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है। हमने यहां आखिरी बड़ा टूर्नामेंट साल 2019 में खेला था। भुवनेश्वर में एशियन चैंपियनशिप की मेजबानी करना वाकई खास है। भारत प्रभावशाली प्रदर्शन कर रहा है। हमने पिछली बार पुरुष और महिला दोनों टीम स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीते थे। इस साल, हमारा लक्ष्य उन पदकों का रंग बदलना है। आईटीटीएफ के एथलीट आयोग के सह-अध्यक्ष और भारतीय ओलंपिक संघ की एथलीट समिति के उपाध्यक्ष शरत कमल ने भारत की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा पर कहा, "हमारे खिलाड़ी बेहतरीन फॉर्म में हैं। मानव ठक्कर वर्तमान में पुरुष एकल में विश्व में 39वें नंबर पर हैं, जबकि हमारी युगल और मिश्रित युगल टीमें दुनिया की शीर्ष 10 टीमों में शामिल हैं। घरेलू समर्थन और परिस्थितियों के साथ, भारतीय दल के पास अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का पूरा मौका है। ओडिशा के खेल दृष्टिकोण और बुनियादी ढांचे की तारीफ करते हुए, इस दिग्गज पैडलर ने कहा, "यहां का आयोजन विश्वस्तरीय है।

### एशियन टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप

### भारत में विश्वस्तरीय व्यवस्थाओं से प्रभावित शेखा हयात

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** एशियन टेबल टेनिस संघ (एटीटीयू) की कार्यवाहक क्षेत्रीय उपाध्यक्ष



शेखा हयात अल खलीफा ने 28वीं आईटीटीएफ-एटीटीयू एशियन टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप 2025 के लिए भारत की असाधारण तैयारियों की सराहना की। टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप की शुरुआत शनिवार से भुवनेश्वर के प्रतिष्ठित कलिंगा स्टेडियम में होगी। शेखा हयात ने आईएएनएस से कहा, "मुझे भारत आकर बहुत खुशी हो रही है। यहां आकर मैं उत्कृष्ट आयोजन और विश्वस्तरीय व्यवस्थाओं से बेहद प्रभावित हुई। आयोजन समिति की ओर से आवास, परिवहन और पूरी तैयारी वाकई उल्लेखनीय है। इससे सुनिश्चित होता है कि यह चैंपियनशिप अब तक आयोजित सर्वश्रेष्ठ चैंपियनशिप में से एक होगी। टेबल टेनिस में भारत के तेजी से बढ़ते कद की प्रशंसा करते हुए शेखा हयात ने कहा, "मैं भारतीय टेबल टेनिस महासंघ और खेल मंत्रालय को उनकी राष्ट्रीय टीम के अभूतपूर्व विकास के लिए बधाई देना चाहती हूं।

## रणजी ट्रॉफी : शार्दुल ठाकुर की कप्तानी में मुंबई की 16 सदस्यीय टीम घोषित, पहला मैच जम्मू-कश्मीर से

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे अनुभवी ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर की कप्तानी में मुंबई



क्रिकेट संघ ने आगामी रणजी सीजन के लिए मुंबई की 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। इस टीम में अनुभवी अजिंक्य रहाणे और घरेलू क्रिकेट में रन मशीन के रूप में पहचान बनाने वाले सरफराज खान शामिल हैं। रहाणे के कप्तानी से इस्तीफा देने के बाद शार्दुल को कप्तान बनाया गया था। मुंबई की टीम में युवा मुशीर खान, आयुष म्हात्रे के साथ ही ऑलराउंडर शिवम दुबे को भी जगह दी गई है। टीम में श्रेयस अय्यर नहीं हैं। श्रेयस ने लंबे फॉर्मेट से कुछ समय के लिए ब्रेक लिया है। सूर्यकुमार यादव भी टीम का हिस्सा नहीं हैं। लंबे समय तक मुंबई का हिस्सा रहे पृथ्वी शॉ आगामी सीजन में महाराष्ट्र की तरफ से खेलते हुए नजर आएंगे। शॉ को पिछले सीजन टीम में जगह नहीं दी गई थी जिसके बाद उन्होंने टीम से अलग होने का फैसला किया था। कई बड़े खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी के बावजूद मुंबई की टीम में युवा, अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। शार्दुल ठाकुर के पास बतौर कप्तान अपनी क्षमता साबित करने का बेहतरीन अवसर है।



### देश की सबसे अमीर महिला बनीं सावित्री जिंदल

## फोर्ब्स इंडिया की सूची जारी, अंबानी और अडाणी के बाद तीसरा नंबर, 6 महीने में 4.1 बिलियन डॉलर बढ़ी संपत्ति

**एजेंसी । हिसार**

फोर्ब्स इंडिया की रिच लिस्ट 2025 में हरियाणा की हिसार की विधायक और ओपी जिंदल समूह की प्रमुख सावित्री जिंदल भारत की सबसे अमीर महिला बन गई हैं। 39.6 बिलियन डॉलर की कुल संपत्ति के साथ, उन्होंने मुकेश अंबानी और गौतम अडाणी के बाद भारत के सबसे धनी लोगों में तीसरा स्थान हासिल कर लिया है। गुरुवार (9 अक्टूबर) को ही यह लिस्ट जारी हुई है। अब दुनिया के सबसे अमीर लोगों में सावित्री जिंदल का 48वां स्थान है। इससे पहले अप्रैल में फोर्ब्स बिलियनेयर ( मानक के अनुसार जिसकी कुल संपत्ति कम से कम 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर यानि 8,300 करोड़ रुपए या उससे अधिक हो) लिस्ट 2025 की सूची जारी हुई थी। उस समय सावित्री जिंदल की कुल संपत्ति 35.5 बिलियन डॉलर थी।

यानि 6 महीने में सावित्री जिंदल की संपत्ति 4.1 बिलियन डॉलर बढ़ गई है, जबकि भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की नेटवर्थ 9% गिरकर 1 ट्रिलियन डॉलर यानी करीब 88 लाख करोड़ रुपए रह गई। पिछले साल उनकी नेटवर्थ 1.1 ट्रिलियन डॉलर यानी, करीब 97 लाख करोड़ रुपए थी। ऐसे में जिंदल समूह लगातार आगे बढ़ रहा है। सावित्री जिंदल हिसार विधानसभा सीट से जीतकर विधायक बनी हैं। उनके बेटे उद्योगपति नवीन जिंदल कुरुक्षेत्र से भाजपा के सांसद हैं।



#### सावित्री जिंदल के 4 बेटों में बंटा है व्यवसाय

जिंदल समूह की अध्यक्ष का साम्राज्य इस्पात, बिजली, सीमेंट और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में फैला हुआ है। कंपनी की स्थापना उनके दिवंगत पति ओम प्रकाश जिंदल ने की थी, जिनकी 2005 में एक हेलिकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। उनकी मृत्यु के बाद, व्यवसाय उनके चार बेटों में बंट गया। उनके बेटे सज्जन जिंदल मुंबई स्थित जेएसडब्ल्यू स्टील, जेएसडब्ल्यू सीमेंट और जेएसडब्ल्यू पेंट्स का नेतृत्व करते हैं। उन्होंने 2023 में जेएसडब्ल्यू इन्फ्रास्ट्रक्चर को सार्वजनिक किया। 2024 में, उन्होंने चीन की एसएआईसी मोटर की सहायक कंपनी एमजी मोटर इंडिया में 35 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करके इलेक्ट्रिक वाहनों में विस्तार किया। नवीन जिंदल, जिंदल दिल्ली में स्टील एंड पावर का प्रबंधन करते हैं।

#### द्वितीय विश्वयुद्ध में अमेरिकी फौजियों के माल से मिला आइडिया

हिसार के गांव नलवा में जन्मे ओपी जिंदल किसान परिवार से थे। छठी कक्षा तक पढ़े ओपी जिंदल अपने भाइयों की तरह ही बाहर जाकर कमाना चाहते थे। दूसरे विश्व युद्ध के अंतिम समय में असम अमेरिकी फौजियों का बड़ा गढ़ था। इसलिए युद्ध के बाद लोहे और इस्पात से बना बहुत सा माल, वे यहीं छोड़ गए थे। ओपी जिंदल को यहीं से व्यापार करने का आइडिया आया। साल 1952 में जिंदल ने कोलकाता के पास लिलुआ में पाइप बेंड और सॉकेट बनाने की फैक्ट्री लगाई। उन्होंने इस फैक्ट्री का नाम जिंदल इंडिया लिमिटेड रखा। यहीं से उनके सफर की शुरुआत हुई। ओपी जिंदल असम के बाजारों से नीलामी में पुराने पाइप खरीदते थे और उन्हें कोलकाता में बेचते थे। टाटा और कलिंग के बाद भारत में यह तीसरी इस किस्म की फैक्ट्री थी। इसके बाद 1960 में ओपी जिंदल अपने पैतृक जिले हिसार में वापस आ गए।

### सेंसेक्स 328 अंक उछलकर बंद, बैंकिंग शेयरों में हुई खरीदारी

**मुंबई ।** भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा तेजी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 328.72 अंक या 0.40 प्रतिशत की मजबूती के साथ 82,500.82 और निफ्टी 103.55 अंक या 0.41 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,285.35 पर था। बाजार को ऊपर खींचने का काम बैंकिंग शेयरों ने किया। निफ्टी बैंक 417.70 अंक या 0.74 प्रतिशत की मजबूती के साथ 56,609.75 पर था। निफ्टी ऑटो (0.50 प्रतिशत), निफ्टी पीएसयू बैंक (1.67 प्रतिशत), निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज (0.44 प्रतिशत), निफ्टी एफएमसीजी (0.44 प्रतिशत) और निफ्टी एनर्जी (0.43 प्रतिशत) की मजबूती के साथ बंद हुआ। वहीं, निफ्टी मेटल (0.91 प्रतिशत) और निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स (0.18 प्रतिशत) की गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में एसबीआई, मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, बीईएल, अदाणी पोर्ट्स, इटरनल (जोमैटो), सन फार्मा, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट और ट्रेंट टॉप गेनर्स थे।

## भारत के कर सुधार निर्णायक चरण में, पारदर्शी सिस्टम तैयार करने पर फोकस : नीति आयोग

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत के कर सुधार एक निर्णायक चरण में है और सरलीकरण, आधुनिकीकरण और कर प्रशासन में विश्वास को बढ़ाने पर फोकस किया जा रहा है। यह जानकारी शुक्रवार को नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम की ओर दी गई। उन्होंने कहा, "जैसे-जैसे भारत प्रवर्तन-संचालित अनुपालन से विश्वास-आधारित शासन की ओर बढ़ रहा है, फोकस आनुपातिक,




निष्पक्ष और पारदर्शी प्रवर्तन सिस्टम पर केंद्रित होना चाहिए जो करदाताओं को सशक्त बनाते हुए राजकोषीय अखंडता की रक्षा करें। नीति आयोग ने शुक्रवार को नीति टैक्स पॉलिसी वर्किंग पेपर सीरीज-II के तहत दूसरा वर्किंग पेपर जारी किया, जिसका शीर्षक "भारत के कर परिवर्तन की ओर: गैर-अपराधीकरण और विश्वास-आधारित शासन" था। इस वर्किंग-पेपर में आयकर अधिनियम, 2025 के अंतर्गत आपराधिक प्रावधानों का व्यापक मूल्यांकन किया गया है। साथ ही, इसमें दंड को तर्कसंगत बनाने, छोटे और प्रक्रियागत गैर-अनुपालनों को अपराधमुक्त करने और न्यायिक विवेकाधिकार को सुदृढ़ करने के लिए सिद्धांत-आधारित ढांचे का प्रस्ताव किया गया है।

### भारतीय परिवारों के पास मौजूद गोल्ड की वैल्यू बढ़कर 3.8 ट्रिलियन डॉलर हुई

**नई दिल्ली ।** भारतीय परिवारों के पास मौजूदा समय में 34,600 टन गोल्ड मौजूद है और इसकी वैल्यू करीब



3.8 ट्रिलियन डॉलर या जीडीपी के 88.8 प्रतिशत के बराबर है। यह जानकारी मॉर्गन स्टेनली की ओर से शुक्रवार को जारी की गई रिपोर्ट में दी गई। बीते एक साल में गोल्ड की कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखी गई है और यह ऑल-टाइम हाई पर बनी हुई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, गोल्ड की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 4,056 डॉलर प्रति औंस पर बनी हुई है और घरेलू बाजार में सोने के दाम 1,27,300 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गए हैं।

### म्यूचुअल फंड एसआईपी इनफ्लो सितंबर में 4 प्रतिशत बढ़कर 29,361 करोड़ हुआ

**मुंबई ।** भारत का म्यूचुअल फंड एसआईपी इनफ्लो सितंबर में 4 प्रतिशत बढ़कर 29,361 करोड़ रुपए हो गया है, जो कि अगस्त में 28,265 करोड़ रुपए पर था। यह जानकारी एएमएफआई डेटा में शुक्रवार को दी गई। सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) में निवेश बढ़ना दिखाता है कि लोग अनुशासित तरीके से निवेश करने पर विश्वास कर रहे हैं। एसपीआई में निवेश बढ़ने से फोलियो की संख्या 25 करोड़ के आंकड़े को पार कर 25.19 करोड़ हो गई है, जो कि अगस्त में 24.89 करोड़ थी। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड इन इंडिया (एएमएफआई) की ओर से जारी किए गए डेटा के मुताबिक, सितंबर में कुल एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) बढ़कर 75.6 लाख करोड़ रुपए हो गया है।

## भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा फिनटेक स्टार्टअप इकोसिस्टम बना

**बेंगलुरु (आईएएनएस)**

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा फिनटेक स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है और 2025 के पहले नौ महीनों में यह 1.6 अरब डॉलर की फंडिंग जुटाने में कामयाब रहा है। यह जानकारी शुक्रवार को एक रिपोर्ट में दी गई। मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म ट्रैक्सन के आंकड़ों के अनुसार, स्टार्टअप फंडिंग के मामले में भारत अब केवल अमेरिका और ब्रिटेन से पीछे है, जो वैश्विक स्तर पर भारत के फिनटेक क्षेत्र के बढ़ते महत्व को दिखाता है।



अर्ली स्टेज स्टार्टअप्स ने 2025 में अब तक 598 मिलियन डॉलर की फंडिंग जुटाई है, जो कि 2024 के 555 मिलियन डॉलर के आंकड़े से अधिक है, जो दर्शाता है कि निवेशकों का विश्वास भारतीय फिनटेक सेक्टर में बना हुआ है। हालांकि, लेट-स्टेज फंडिंग 2025 के पहले नौ महीनें में कम होकर 863 मिलियन डॉलर पर पहुंच गई है, जो कि 2024 में समान अवधि में 1.2 अरब डॉलर पर थी। इसके साथ, सीड-स्टेज फंडिंग कम होकर 129 मिलियन डॉलर हो गई है। समीक्षा अवधि में दो स्टार्टअप 100 मिलियन डॉलर से अधिक की फंडिंग जुटाने में कामयाब रहे हैं, जिसमें ग्रो ने सीरीज एफ राउंड में 202 मिलियन डॉलर जुटाए हैं।